भोपाल
मंगलवार, 29 अप्रैल 2025
वैशाख मास शुक्ल पक्ष-02
वर्ष : 12, अंक : 28
पृष्ठ : 12+8=20 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 39
न्यून. 26

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

4 राफेल की तुलना में राफेल मरीन का वजन थोड़ा अधिक है। इस लड़ाकू विमान का वजन लगभग 10,300 किलोग्राम है

5 राफेल विमान के विंग्स मुड़ नहीं सकते हैं, लेकिन राफेल मरीन के विंग्स पूरी तरह से मुड़ सकते हैं

पाकिस्तान से तनाव के बीच फ्रांस से 63000 करोड़ की डील

# भारत को मिलेंगे 26 राफेल समुद्री लड़ाकू विमान

## लगभग पांच साल बाद जेट की डिलीवरी शुरू होगी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर तैनाती के लिए फ्रांसीसी रक्षा विनिर्माण कंपनी डसॉल्ट एविएशन से जेट खरीद रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) की ओर से खरीद को मंजूरी दिए जाने के तीन सप्ताह बाद इस मेगा डील पर मुहर लगी। अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के लगभग पांच साल ▶▶ शेष पेज 6 पर



भारत में राफेल जेट विमानों की कुल संख्या बढ़कर 62 हो जाएगी

राफेल मरीन की खासियत

1 एक मिनट में 18 हजार मीटर की ऊंचाई पर जा सकता है राफेल मरीन।

2 ये विमान अपनी उड़ान वाली जगह से 3700 किलोमीटर दूर तक हमला कर सकता है।

3 यह दुश्मनों के रडार को चकमा देने में सक्षम है। राफेल विमान हिमालय के ऊपर बेहद सर्द मौसम में भी उड़ सकता है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
दिल्ली कोलकाता
शाम 7.30 बजे से

हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ

पहलगाम हमले के बाद आतंकियों व उनके आकाओं के खिलाफ तगड़ा कदम उठाएगा भारत?

# पीएम मोदी से की रक्षा मंत्री राजनाथ ने मुलाकात, 40 मिनट चली बैठक




### सोमवार को रक्षा मंत्री सबसे पहले सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी से मिले

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सोमवार सुबह रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर हालात की समीक्षा शुरू की। वह सबसे पहले सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी से मिले और मौजूदा स्थिति पर लंबी चर्चा की। इसके बाद राजनाथ सिंह सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास लोक कल्याण मार्ग पहुंचे और पीएम को घटनास्थल से मिल रही ताजा जानकारी दी।

पीएम मोदी के साथ रक्षा मंत्री की ये मुलाकात करीब 40 मिनट तक चली। राजनाथ सिंह ने साउथ ब्लॉक स्थित सेना मुख्यालय पहुंचकर सेना प्रमुख से ▶▶ शेष पेज 6 पर

*पाकिस्तान और उसके आतंकियों को कड़ा सबक सिखाने के लिए भारत पुख्ता तैयारी कर रहा है। इस बार पाक को सिर्फ एयर स्ट्राइक नहीं, बल्कि एक बड़े कदम का सामना करना होगा।*

- **सेना प्रमुख कर चुके हैं कश्मीर की अग्रिम चौकियों का दौरा**
- **नेवी व एयरफोर्स कह चुके हैं कि वे किसी भी कार्रवाई के लिए दो घंटे में सक्षम**



### पाकिस्तानियों ने भारत नहीं छोड़ा तो कठोर कार्रवाई

भारत सरकार ने देश में रहने वाले पाकिस्तानी नागरिकों को कड़ी वॉर्निंग दी है। कहा गया है कि जो लोग तय समय सीमा तक भारत को नहीं छोड़ते हैं तो उन्हें गिरफ्तारी, मुकदमा और तीन साल तक की जेल की सजा या 3 लाख रु. तक जुर्माना या दोनों का सामना करना पड़ेगा। सार्क वीजा रखने वाले पाकिस्तानी नागरिकों को 26 अप्रैल तक भारत से बाहर निकलना जरूरी था, जबकि मेडिकल वीजा रखने वालों को 29 अप्रैल तक निकलना होगा। ▶▶ पढ़ें पेज 10 भी

### सरकार ने बीबीसी को भी दी चेतावनी

**भारत में डॉन समेत 16 पाकिस्तानी यूट्यूब चैनल बैन**

पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान पर चौतरफा लगाम कसने की जारी पहल के तहत सरकार ने भारत के




खिलाफ दुष्प्रचार प्रोपेगेंडा में शामिल पाकिस्तान के 16 यू-ट्यूब चैनलों पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। प्रतिबंधित किए गई इन चैनलों में डान न्यूज, समा टीवी, एआरवाई न्यूज सरीखे पाकिस्तान के कई प्रमुख न्यूज संस्थान के यू-ट्यूब चैनल ▶▶ शेष पेज 6 पर

### अफगानिस्तान पहुंचे विदेश मंत्रालय के विशेष प्रतिनिधि आनंद प्रकाश ने तालिबान से की बात



*विदेश मंत्रालय के विशेष प्रतिनिधि और अफगानिस्तान, ईरान और पाकिस्तान विभाग के महानिदेशक आनंद प्रकाश ने अफगानिस्तान के इस्लामी अमीरात के विदेश मंत्री मौलवी अमीर खान मुत्तकी से मुलाकात की। बैठक के दौरान, दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय राजनीतिक संबंधों को मजबूत करने, व्यापार और पारगमन सहयोग बढ़ाने और हाल के क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर विचारों का आदान-प्रदान करने पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय जुड़ाव बढ़ाने, वीजा प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने, प्रतिनिधिमंडलों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के महत्व पर जोर दिया। बैठक के दौरान अफगान विदेश मंत्री ने भारत-अफगानिस्तान के बीच* ▶▶ शेष पेज 6 पर

सीएम ने कहा- यह बेटियों के प्रति समर्पित सोच का प्रतीक

## 2 मई को प्रदेश के सभी जिलों में मनेगा लाड़ली लक्ष्मी उत्सव

'एक पेड़ लाड़ली लक्ष्मी के नाम' अभियान में होगा पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत 2 मई को प्रदेश में लाड़ली लक्ष्मी उत्सव जिला, नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायत पर उत्साह और उमंग के साथ



मनाया जाएगा। इसमें स्थानीय प्रतिनिधि, लाड़ली बालिकाएं, उनके अभिभावक, लाड़ली क्लब की अध्यक्ष और सदस्य सक्रिय रूप से भाग लेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि लाड़ली लक्ष्मी योजना मप्र सरकार की बेटियों के प्रति समर्पित सोच का प्रतीक है। हमारा लक्ष्य है कि हर बेटी को सम्मान, शिक्षा और आत्म-निर्भरता के अवसर प्राप्त हों। लाड़ली लक्ष्मी उत्सव एक नई ऊर्जा और विश्वास का संचार करेगा। उन्होंने प्रत्येक ▶▶ शेष पेज 6 पर

### उत्सव का संचालन स्वयं लाड़ली बालिकाओं की ओर से होगा

लाड़ली लक्ष्मी उत्सव का संचालन स्वयं लाड़ली बालिकाओं की ओर से किया जाएगा। इसमें कन्या-पूजन, दीप प्रज्ज्वलन, लाड़ली बालिकाओं के प्रेरक उद्बोधन और अपराजिता कार्यक्रम अंतर्गत मार्शल आर्ट का प्रदर्शन जैसे विशेष कार्यक्रम शामिल है। इस उत्सव के जरिए जिला, नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायत स्तर पर बेटियों के सम्मान और सशक्तिकरण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम में उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाली बालिकाओं तथा लाड़ली लक्ष्मी फ्रेंडली पंचायतों का सम्मान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त एक पेड़ लाड़ली लक्ष्मी के नाम अभियान में जन-प्रतिनिधियों और बालिकाओं की ओर से पौधरोपण भी किया जाएगा। साथ ही ▶▶ शेष पेज 6 पर

आतंकी हमले के बाद उत्पन्न माहौल को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय

## टल गया भाजपा अध्यक्ष का चुनाव नड्डा के हाथ में ही रहेगी कमान

**नए अध्यक्ष पद के चुनाव की तारीख की घोषणा अब बाद में**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने फिलहाल अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव को टालने का फैसला लिया है। पार्टी की शीर्ष इकाई ने यह निर्णय देश में मौजूदा हालात को देखते हुए लिया है। साफ है कि वर्तमान अध्यक्ष जेपी नड्डा फिलहाल अपने पद पर बने रहेंगे। भाजपा मई में नया अध्यक्ष चुनने की योजना बना रही थी लेकिन अब पार्टी ने इसे स्थगित कर दिया है। नड्डा वर्ष 2019 से अध्यक्ष पद पर काबिज हैं और उनका कार्यकाल पहले भी बढ़ाया गया था। भाजपा का मानना है कि इस समय संगठन की स्थिरता और सरकार की नीति को मजबूती से आगे बढ़ाना ज़रूरी है। ऐसे में पार्टी के आंतरिक चुनाव को फिलहाल प्राथमिकता नहीं दी जा रही है।



### मप्र में भाजपा अध्यक्ष का चुनाव भी टला

**भोपाल।** इसका असर मप्र भाजपा पर भी पड़ेगा। अब प्रदेश भाजपा अध्यक्ष का चुनाव भी टल जाएगा।

इस बारे में पार्टी अलग से कार्यक्रम जारी करेगी। प्रदेश में लंबे समय से नए प्रदेश अध्यक्ष का इंतजार किया जा रहा है।

खबर संक्षेप

### रीवा में 6 मंजिल से कूदी युवती, मौत


**रीवा।** शहर में एक मल्टी की छठवीं मंजिल से कूदी लड़की की मौत हो गई। उसकी पहचान नहीं



हो सकी है। पुलिस ने बताया बस स्टैंड स्थित समदड़िया बिल्डिंग की 6 वीं मंजिल से कूदकर युवती ने सुसाइड किया था। घटना रविवार दोपहर 2 बजे की है लेकिन देर रात तक भी मृतका की पहचान नहीं हो सकी। बस स्टैंड जैसे सार्वजनिक स्थल में समान थाने से महज 100 मीटर की दूरी पर ये घटना हुई है। थाना प्रभारी के मुताबिक मोबाइल का लॉक नहीं खुलने की वजह से युवती का पता नहीं लगा पाया।

### बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में बाघिन का हमला

**उमरिया।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में सोमवार को एक बाघिन ने वनकर्मी पर हमला कर दिया। यह



पिछले 7 दिनों में बाघिन का तीसरा हमला है। ये घटना पतौर परिक्षेत्र की पनपथा बीट में की है। वनकर्मी राम सुहावन चौधरी गश्ती दल के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। हमले में राम सुहावन के सिर, पीठ और कंधे में चोट आई है। उनको अस्पताल में भर्ती कराया गया है, डॉक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही है। इससे पहले भी बाघिन दो ग्रामीणों पर हमला कर चुकी है।

जबलपुर में 4 साल की बच्ची से रेप

## शादी में जा रही मासूम को दरिंदे ने बनाया शिकार

**जबलपुर।** शहर से मासूम बच्ची संग दरिंदगी की वारदात सामने आई है। शादी में जा रही 4 साल की बच्ची को अज्ञात



- अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज

आरोपी ने किडनैप करके हवस का शिकार बनाया और लथपथ हालत में छोड़कर फरार हो गया। बच्ची जब रोती-बिलखती घर पहुंची तो मां से लिपटकर रोने लगी। इसके बाद पूरी घटना का खुलासा हुआ। जानकारी के मुताबिक मझगवां थाना क्षेत्र के एक गांव में बारात आई हुई थी। गांव के एक खेत में ही विवाह समारोह का आयोजन हो रहा था। परिजनों ने बच्ची को तैयार किया और शादी समारोह में कुछ देर में चलने की बात कही, लेकिन बच्ची बाहर खेलती रही और अकेले ▶▶ शेष पेज 6 पर

श्योपुर में दलित का अंतिम संस्कार करने से रोका

## शव रखकर चक्काजाम, प्रशासन के दखल के बाद हुआ अंतिम संस्कार

**श्योपुर।** वीरपुर तहसील के लीलदा गांव में एक दलित युवक की मौत के बाद उसके शव के अंतिम संस्कार को



- आरोप- रावत समाज के लोगों ने रोका

लेकर विवाद खड़ा हो गया। दलित पक्ष का आरोप है कि दबंगों ने शव का दाह संस्कार शमशान घाट पर नहीं करने दिया। मृतक के पक्ष ने दबंगों की ओर से पथराव करने का आरोप भी लगाया। मामले की सूचना मिलने पर कलेक्टर अर्पित वर्मा एवं एसपी वीरेंद्र जैन के निर्देश पर एसडीम विजयपुर अभिषेक मिश्रा एवं एसडीओपी राघवेंद्र सिंह तोमर चार थानों के पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर कई घंटे की समझाइश और मैराथन बैठक के बाद शव का अंतिम संस्कार ▶▶ शेष पेज 6 पर

संविधान बचाओ रैली में मंच को लेकर विवाद

## दिग्विजय बोले- अब मैं कभी मंच पर नहीं बैठूंगा, ये लड़ाई खत्म करें

**ग्वालियर।** पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह संविधान बचाओ रैली के दौरान खासे नाराज हो गए। दरअसल, जब दिग्विजय



- भाषण शुरू हुआ और कांग्रेस के नेता गायब हुए

का भाषण शुरू हुआ, तो उन्हें सुनने के लिए कांग्रेस के ही नेता गायब हो गए। यह देखते ही वरिष्ठ नेता गुस्सा हो गए। इस पर सिंह ने कहा कि वह अब कभी मंच पर नहीं बैठेंगे। मंच के नीचे बैठेंगे। जब उनके बोलने की बारी आएगी, तभी वो मंच पर चढ़ेंगे। सिंह ने कांग्रेस नेताओं से मंच की लड़ाई खत्म करने की अपील की है। वह सोमवार को ग्वालियर के फूलबाग में कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली को संबोधित कर रहे थे। दिग्विजय ने कहा कि जो लोग लाते हैं, वे बेचारे ▶▶ शेष पेज 6 पर

धार की इंदौर-अहमदाबाद फोरलेन सड़क पर हादसा

## सड़क पर खड़े वाहन के पीछे घुसी कार चार की मौत, शादी समारोह में जा रहे थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धार

इंदौर-अहमदाबाद फोरलेन पर सोमवार सुबह करीब 6 बजे स्विफ्ट कार पीछे से अज्ञात वाहन में जा घुसी। कार सवार चार युवकों की मौके पर मौत हो गई। युवक झाबुआ से शादी समारोह में धार जाने के लिए निकले थे।

**कार के परखच्चे उड़े एयरबैग खुलने से भी बच नहीं पाए**



### हादसे में कोई जिंदा नहीं बच पाया

हादसा तिरला थाना क्षेत्र के ग्राम बलगांवडी स्थित प्रिंस होटल के पास हुआ। कार में सवार युवक रविवार रात करीब 10 बजे झाबुआ से निकले थे। धार के रास्ते पर उनकी कार की किसी भारी वाहन से टक्कर हो गई। भिड़ंत ▶▶ शेष पेज 6 पर

### ये हैं मृतकों के नाम

मृतकों की पहचान प्रकाश भूरिया पिता नाथु भूरिया (35) निवासी रतलाम, राजा पिता कालू सिंह भूरिया (30) निवासी झाबुआ, राहुल पिता दयाराम भूरिया (23) निवासी फुलगांवडी और दिलीप पिता रमेश भूरिया (24) के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि फोरलेन पर रात में भारी वाहन अक्सर सड़क के किनारे खड़े रहते हैं, जिससे हादसे हो रहे हैं।

प्रदेश में शराब कारोबारियों के डेढ़ दर्जन से अधिक ठिकानों पर ईडी का छापा

## 49 करोड़ से अधिक के राजस्व का सरकार को लगाया चूना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में सोमवार सुबह शराब कारोबारियों के इंदौर, भोपाल, रीवा और मंदसौर समेत कुल 18 से अधिक ठिकानों पर पीएमएलए धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत एक साथ ईडी द्वारा छापामार कार्रवाई की गई, जिससे हड़कंप मच गया। ईडी की यह रेड शराब कारोबारियों द्वारा ट्रेजरी चालान में जालसाजी और हेरफेर कर सरकार को 49 करोड़ से अधिक के राजस्व का चूना लगाने पर हुई। ईडी ने शराब ठेकेदारों के खिलाफ दर्ज एफआईआर के आधार पर मामले ▶▶ शेष पेज 6 पर

- इंदौर, भोपाल जबलपुर रीवा, मंदसौर में दबिश

### 2015-16, एवं 2017-18 के वित्त वर्ष के दौरान शराब दुकानों के अधिग्रहण के लिए फर्जी तरीके से एनओसी लेने का भी आरोप



*कांग्रेस ने आबकारी अधिकारी संजीव दुबे को बताया सरगना*

कांग्रेस का आरोप है कि इंदौर के फर्जी चालान कांड का मुख्य आरोपी एवं सरगना तत्कालीन आबकारी अधिकारी संजीव दुबे है। सवाल उठ रहा है कि लोकायुक्त और ईओडब्ल्यू में कई शिकायतों और 10 साल से चल रही जांच के बाद भी भ्रष्ट अधिकारी को जबलपुर में पदस्थ क्यों किया गया?

### मूल्य अंकों में और रुपए शब्दों में भरकर छोड़ते थे खाली जगह

जांच में पता चला था कि आरोपी शराब ठेकेदार छोटी-छोटी रकम के चालान तैयार कर बैंक में जमा करते थे। चालान के निर्धारित प्रारूप में रुपए अंकों में और रुपए शब्दों में लिखे होते थे। मूल्य अंकों में भरा जाता था, जबकि रुपए शब्दों में, के बाद खाली जगह छोड़ दी जाती थी। राशि जमा करने के बाद जमाकर्ता इस खाली जगह में बढ़ी हुई राशि को लाख के रूप में लिख देता था। ऐसी बढ़ी हुई रकम के चालान की कॉपियां जिला आबकारी कार्यालय में जमा कर दी जाती थी।

## खबर संक्षेप

### 4 मई को धूमधाम से मनेगा श्री चित्रगुप्त प्राकट्योत्सव

**भोपाल।** मप्र युवा कायस्थ संगठन की ओर से शहर में भगवान चित्रगुप्त का प्रकटोत्सव चार मई को मनाया जाएगा। जवाहर चौक से भगवान चित्रगुप्त मंदिर से शोभा यात्रा निकलेगी, जो रंगमहल चौराहा, टीटी नगर थाना, न्यू मार्केट, जीटीबी कॉम्प्लेक्स होते हुए वापस चित्रगुप्त मंदिर पहुंचेगी, जहां पर यत्रा का समापन किया जाएगा। यात्रा में ऊंट, घोड़े, बग्घी, डीजे रहेंगे। बड़ी संख्या में कायस्थ समाज के लोग शामिल होंगे। शोभा यात्रा के बाद भंडारा भी किया जाएगा। मप्र युवा कायस्थ संगठन के अध्यक्ष व संयोजक संजीव श्रीवास्तव, दीप श्रीवास्तव, डॉ. एके श्रीवास्तव, सहित समाज के अन्य लोग पहली बार निकाली जाने वाली शोभायात्रा की तैयारी कर रहे हैं। इसके लिए सोमवार को भोपाल हाट से लगे एक रेस्टोरेंट में संगठन के पदाधिकारियों की बैठक हुई, जिसमें भगवान चित्रगुप्त प्रकटोत्सव पर होने वाले कार्यक्रम की जानकारी दी गई।

### सरोजनी नायडू कॉलेज में विवाह एवं परिवार परामर्श केंद्र शुरू



**भोपाल।** भोपाल स्थित सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर (स्वशासी) महाविद्यालय में विवाह एवं परिवार परामर्श केन्द्र शुरू किया गया है। उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार इसके लिए शुभकामनाएं दी हैं। परमार ने कहा कि महाविद्यालय का यह अभिनव प्रयास, भारतीय संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित करेगा और अन्य शैक्षणिक संस्थानों के लिए अभिप्रेरणा का आदर्श केंद्र बनेगा। परमार ने कहा कि परिवार, राष्ट्र की प्रथम इकाई है, परिवार से समाज और समाज से राष्ट्र का मौलिक सृजन होता है। राष्ट्र के सांस्कृतिक सृजन में, पारिवारिक मूल्यों एवं मौलिक संस्कारों का महत्वपूर्ण योगदान होता है।

### पशुपति नेपाली समाज ने पहलगाम के मृतकों को दी श्रद्धांजलि



**भोपाल।** पशुपतिनाथ नेपाली समाज द्वारा गोविन्दपुरा में सोमवार को कश्मीर के पहलगाम में मृतकों की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। समाज के पदाधिकारियों ने आतंकवादी हमले में मारे गए मृतकों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। नेपाली समाज ने आंतकवाद की घोर निंदा की। नेपाली समाज के अध्यक्ष लोकमणि घिमिरे ने कहा कि यह घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं दुखद है।

# रोहिणी नक्षत्र के शुभ संयोग में कल मनाई जाएगी अक्षय तृतीया

## स्वयंसिद्ध मुहूर्त होने के कारण इस दिन कई जोड़े विवाह के पवित्र गठबंधन में बंधेंगे, तैयारियां जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अक्षय तृतीया बुधवार को है। कई सालों बाद बुधवार व रोहिणी नक्षत्र के शुभ संयोग में अक्षय तृतीया मनाई जाएगी। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार भारतीय कालगणना के अनुसार वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तीसरी तिथि अक्षय तृतीया कहलाती है। अक्षय तृतीया को आखा तीज भी कहते हैं। अक्षय का अर्थ है, जिसका कभी क्षय न हो, जो स्थायी रहे। इस दिन किया गया दान पूजन, हवन सहित हर पुण्य कार्य अक्षय फल देता है। कोई भी शुभ कार्य और नई शुरूआत के लिए इसे स्वयं सिद्ध मुहूर्त माना जाता है। मां चामुंडा दरबार भोपाल पुजारी रामजीवन दुबे ने बताया कि इस दिन ग्रहों की शुभ स्थिति बनने से हर तरह की खरीदारी और नई शुरुआत लंबे समय तक फायदा देने वाली रहेगी। स्कंद पुराण के अनुसार अक्षय तृतीया पर खरीदा गया सोना समृद्धि देने वाला होता है। इसी तरह धनतेरस, रथ सप्तमी, गुरु पुष्य और रवि पुष्य योग भी सोना खरीदने का विशेष मुहूर्त है। ग्रंथों में बताया है कि सोना पूर्व या उत्तर दिशा से खरीदना चाहिए।

**खास बातें**

- इस दिन किया गया दान पूजन, हवन सहित हर पुण्य कार्य देता है अक्षय फल
- अक्षय तृतीया को आखा तीज भी कहते हैं, अक्षय का अर्थ है, स्थाई।
- स्कंद पुराण के अनुसार अक्षय तृतीया पर खरीदा गया सोना समृद्धि देने वाला है

### 10 रेखा मृगशिर नौ रेखाओं का श्रेष्ठ मुहूर्त, कई जोड़े बंधेंगे विवाह के बंधन में



पंडित रामजीवन दुबे अनुसार इस बार रोहिणी नक्षत्र में 10 रेखा मृगशिर नौ रेखाओं का श्रेष्ठ मुहूर्त है, जो श्रेष्ठ है। वहीं स्वयंसिद्ध मुहूर्त होने के कारण इस दिन कई जोड़े विवाह के पवित्र गठबंधन में बंधेंगे। भोपाल जिले में अक्षय तृतीया पर तीन हजार विवाह हो सकते हैं। इसकी तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। जिनके घरों में शादी है वे परिवार बाजार में खरीदारी करते हुए नजर आ रहे हैं।

### 11 दीप जलाकर होगी भगवान परशुराम की पूजा

भगवान परशुराम का रोहिणी नक्षत्र में प्रकटोत्सव मनेगा। इसको लेकर ब्राह्मण समाज की ओर से विशेष तैयारी की जा रही है। इसके की तहत पांच नंबर स्थित परशुराम मंदिर में विशेष पूजन,अभिषेक व महाआरती की जाएगी। तो वहीं घरों में 11 दीप जलाकर कर ब्राह्मण समाज के लोग भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना करेंगे। इस दौरान फरसे की पूजा भी की जाएगी। इसी तरह भगवान परशुराम के जन्मोत्सव अक्षय तृतीया पर राजधानी के प्राचीन गुफा मंदिर में परिसर में प्रदेश की सबसे बड़ी भगवान परशुराम की 21 फीट ऊंची अष्टधातु की प्रतिमा का विशेष अभिषेक किया जाएगा। इस दौरान ब्राह्मण समाज की ओर से शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश रखकर चलेंगी।

## विदिशा, रायसेन, सीहोर से जुड़ने के लिए बनेगा नया सड़क नेटवर्क

# आगरा-मुंबई हाइवे से जल्द जुड़ेगा भोपाल, कनेक्टिविटी होगी बेहतर

अवैध कॉलोनी बनीं तो अफसर होंगे सीधे जिम्मेदार

## सीएम ने भोपाल के विकास को लेकर ली समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल के विकास की समीक्षा में अफसरों से कहा कि भोपाल के समुचित विकास के लिए वह सब करें, जिससे मेट्रोपॉलिटन सिटी बनाया जा सके। उन्होंने बीएचईएल में बगैर उपयोग वाली जमीन पर 50-50 फीसदी के मॉडल पर जमीन के उपयोग का खाका तैयार करें। इसकी सैद्धांतिक सहमति मिल चुकी है, कार्ययोजना तैयार कर अमलीजामा पहनाएं। उन्होंने भोपाल <\@> 2047 के विकास की तर्ज पर योजना तैयार करने को कहा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रालय में भोपाल जिले के विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक के दौरान भोपाल के प्रभारी मंत्री चैतन्य काश्यप, मंत्री विश्वास सारंग, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर तथा मुख्य सचिव अनुराग जैन के साथ महापौर मालती राय सहित स्थानीय विधायक मौजूद थे।

### भोजपुर जाने वाले मार्ग पर राजभोज की स्मृति में द्वार बनेगा



मुख्यमंत्री ने कहा कि विरासत के संरक्षण के साथ भोपाल के विकास का समुचित नियोजन किया जाए। भोपाल के समृद्ध अतीत को शहर की प्लानिंग का भाग बनाते हुए भोजपुर जाने वाले मार्ग पर राजभोज की स्मृति में तथा उज्जैन की ओर जाने वाले मार्ग पर सम्राट विक्रमादित्य को समर्पित द्वार निर्मित होगा। शीघ्र ही इन दोनों द्वारों के निर्माण कार्यों का भूमि-पूजन किया जाएगा। प्रदेश के विभिन्न अंचलों की झलक राजधानी में अभिव्यक्त हो, इस दृष्टि से भोपाल <\@>2047 के विकास के बारे में विचार करना आवश्यक है। भोपाल को मेट्रोपॉलिटन सिटी बनाने के लिए विदिशा, रायसेन, सीहोर और आगरा-मुंबई हाइवे के लिए नया सड़क नेटवर्क बनाया जाए, जिससे यहां के उत्पादों को आसानी से दूसरी जगहों पर भेजा जा सके। सड़क कनेक्टिविटी से उद्योग बढ़ने के साथ रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। यह बात सोमवार को सीएम डॉ मोहन यादव ने मंत्रालय में भोपाल जिले के विकास को लेकर समीक्षा बैठक रखी। सीएम ने एजुकेशन, मेडिकल, टूरिज्म और इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट को देखते हुए भोपाल को आगरा मुंबई रोड से बेहतर तरीके से कनेक्ट करने के साथ आसपास के तीनों प्रमुख जिले विदिशा, रायसेन और सीहोर के साथ भी कनेक्टिविटी बेहतर करने के लिए कहा है।

### अवैध कॉलोनियों, झुग्गियों पर हुए नाराज

सीएम ने अवैध कालोनियों और झुग्गियों को लेकर कहा कि अवैध कालोनियों के विकास के पीछे कहीं न कहीं राजस्व व नगर निगम के अधिकारी भी शामिल होते हैं। ऐसे में यदि अवैध कालोनियां बनीं तो इसके लिए सीधे सीधे राजस्व व नगर निगम के अधिकारी जिम्मेदार होंगे।

### सैटेलाइट से रखेंगे नजर

शहर को विकसित करने के लिए अब सैटेलाइट सर्वे की मदद लेंगे। इसके अलावा इसी सर्वे का उपयोग कर झुग्गी बस्तियों पर भी नजर रखी जाएगी। जिले में ऊंची इमारतें बनाने के लिए प्रदेश के नियमों को जल्दी ही भोपाल में लागू किया जाएगा।

### शासकीय भवनों पर लगेंगे सोलर पैनल

सीएम ने सभी शासकीय भवनों पर प्राथमिकता से सोलर पैनल लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस उद्देश्य से कार्य किया जाए कि सौर ऊर्जा के उपयोग में राजधानी भोपाल, देश के सामने एक आदर्श प्रस्तुत करें। भोपाल जिले में असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई के भी निर्देश दिए।

### यह भी होंगे विकास के काम

- नई कालोनियों में सीसीटीवी कैमरा लगाना जरूरी
- भोजपुर रोड पर राजा भोज स्मृति द्वार बनेगा
- उज्जैन रोड पर सम्राट विक्रमादित्य द्वार निर्मित होगा
- राजधानी की शासकीय इमारतों पर सोलर पैनल लगेंगे
- बीएचईएल की भूमि का उपयोग 50-50 मॉडल की तर्ज पर होगा
- भेल की खाली जमीन पर फिफ्टी-फिफ्टी से होगा विकास
- हज्जामपुरा में 31.21 हेक्टयर जमीन पर 32.29 करोड़ रुपए से बनेगा औद्योगिक कलस्टर
- कोलार के सतगढ़ी में 69.91 हेक्टेयर में रेडीमेड गारमेंट हौजरी पार्क का विकास होगा
- एम्स से करोंद और भदभदा से रत्नागिरी तिराहे तक मेट्रो कॉरिडोर के काम में आएगी तेजी

## एक फ्लैट पर मिला अवैध कब्जा

# हाउसिंग फॉर ऑल के 12 मकानों में मिले किरायेदार 8 ने बेच दिए मकान

जिला प्रशासन और नगर निगम की टीम ने अब तक किया 224 मकानों का सर्वे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में हाउसिंग फार आल सहित अन्य योजनाओं के तहत दिए गए मकानों का जिला प्रशासन और नगर निगम की टीम सर्वे कर रही है, जिसमें पता चला कि आठ लोगों ने मकान बेच दिए हैं, जबकि 12 मकानों में किरायेदार रह रहे हैं। एक फ्लैट पर अवैध कब्जा भी मिला है। जिला प्रशासन की टीम अब तक करीब 224 मकानों का सर्वे कर चुकी है। सर्वे रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। टीम दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में आवंटित मकानों का सर्वे कर रही है।

टीम ने सोमवार को आंबेडकर नगर के ए ब्लाक में चार से आठ तक का सर्वे किया। इस तरह अब तक कुल 224 आवासों का सर्वे किया जा चुका है, जिसमें आठ आवास को हितग्राहियों ने बेच दिया है। जबकि 12 आवासों को हितग्राहियों ने किराये पर दे रखा है और एक फ्लैट पर अवैध कब्जा मिला है। इस सर्वे के दौरान यह पता लगाया जा रहा है कि जिन लोगों को मकान दिए गए थे, वह यहां निवास कर रहे हैं या नहीं। ऐसे में यदि आवास में किरायेदार, रिश्तेदार मिलते हैं या फिर मकान का उपयोग नहीं किया जा रहा है, तो इनका आवंटन निरस्त किया जाएगा।

### सर्वे के बाद करेंगे कार्रवाई

शहर में हितग्राहियों को हाउसिंग फार आल सहित अन्य योजनाओं के तहत दिए गए आवासों का सर्वे कराया जा रहा है। इसमें पता लगाया जा रहा है कि आवास में हितग्राही निवास कर रहे हैं या फिर अन्य कोई। इस सर्वे के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**अर्चना शर्मा,**
**एसडीएम टीटी नगर**

# समता एक्सप्रेस से टकराई गाय, बड़ा हादसा टला, कई यात्रियों को ट्रेक की गिट्टी उछलकर लगने से आई चोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निजामुद्दीन-विशाखापट्टनम जा रही 12808 समता एक्सप्रेस के सामने एक गाय टकरा गई। यह हादसा सुखी-सेवानिया-भोपाल सेक्शन पर हुआ। इस घटना में कई यात्रियों को रेलवे ट्रैक से गिट्टी उछल कर लगने से चोट आई गई। तो वहीं गाय के सामने आने पर लोको पायलट द्वारा ट्रेन को अचानक ब्रेक लगाकर रोक लिया गया। एक बड़ा हादसा होने से टल गया। ट्रेन के सभी यात्री सुरक्षित है। ट्रेन के रुकने से यात्री अचंभित रह गए। इस घटना के बाद भोपाल रेल मंडल कंट्रोल को सूचना दी गई। यहां से निशातपुरा आरपीएफ को सूचना भेजी गई। इसके बाद घटनास्थल पर आरपीएफ और रेल अधिकारी मौके पर पहुंचे। रेल अधिकारियों ने निरीक्षण के बाद ट्रेन को रवाना किया। दुर्घटना सोमवार शाम करीब 5 बजे की है। इसके चलते ट्रेन करीब आधा घंटे लेट हो गई।

### इमरजेंसी ब्रेक लगाते ही कुछ लोग सीट से गिरे

निजामुद्दीन-विशाखापट्टनम जा रही 12808 समता एक्सप्रेस ट्रेन एक गाय से टकरा गई। हालांकि राहत वाली बात ये रही कि इससे कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। लेकिन लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोकने से इंजन के बाद जनरल व स्लीपर कोच के कुछ यात्री सीट से गिर गए। ट्रक से गिट्टी उछल कर लगने से कुछ यात्री घायल हो गए। लेकिन किसी को कोई गंभीर चोट नहीं आई। लेकिन इस घटना से यात्री खासतौर पर महिला व बच्चें घबरा गए।

### जन-जागरुकता अभियान चलाया

रेलवे अधिकारियों का कहना है कि रेल पटरी पर गोवंश के आने की घटनाओं को रोकने के लिए पूरे भोपाल मंडल में रेल सुरक्षा बल एवं रेलपथ निरीक्षकों द्वारा लगातार व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। यह कार्रवाई साल भर से चल रही है। ऐसे कई मामलों में ऐसे गोवंश मालिकों पर मामले भी दर्ज किए जाते हैं, जिनके पालतू मवेशी विचरते हुए रेलवे ट्रैक पर या इसके आसपास पहुंच जाते हैं। इससे रेल संरक्षा को भी खतरा पैदा होता है। इसके अलावा भोपाल रेल मंडल के 150 किमी लंबे ट्रैक पर बरेठ से भोपाल होते हुए नर्मदापुरम तक ट्रेनों व यात्रियों की सुरक्षा के लिए इंतजामात शुरू किए जा रहे हैं। इसके तहत मेटल क्रश बैरियर, सेफ्टी फेंसिंग और बाउंड्री वॉल का निर्माण किया जाएगा। सेक्शन में इस पर करीब 68 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए जाएंगे। बीना से भोपाल के बीच पड़ने वाले बरेठ से लेकर विदिशा तक रेलवे ट्रैक पर गाय-भैंस, नीलगाय और सियार ट्रेनों से टकराते हैं। जबकि, विदिशा से भोपाल होते हुए नर्मदापुरम तक बैल, सूअर व भैंसें ट्रेनों से टकराती हैं। इन पर लगाम लगाने के लिए यह इंतजाम किए जा रहे हैं।

# कलश यात्रा के साथ में भगवान श्री देवनारायण कथा का हुआ शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्री 1008 महंत शंकर दास स्वामी श्री हरि हर मठ के आशीर्वाद से भगवान श्री देवनारायण प्राण प्रतिष्ठा पंच कुंडी विष्णु महायज्ञ एवं श्री देवनारायण कथा का सोमवार का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। इस मौके पर कथा वाचक संत सांवरिया गुर्जर ने कथा के महत्व को समझाया। आयोजक रवि राजपूत ने बताया कि श्री देवनारायण मंदिर (श्री राम मंदिर के पास) छत्री मोहल्ला श्री हरिहर नगर में श्री देवनारायण कथा 4 मई तक रोजाना दोपहर एक बजे से की जाएगी। इस मौके पर यज्ञाचार्य पं. भरत शर्मा, पंडा, चन्दन सिंह चौहान सहित बड़ी संख्या क्षेत्रवासी मौजूद थे।

राज्य शिक्षा केन्द्र ने जारी किए निर्देश

# 5वीं-8वीं की उत्तर पुस्तिकाओं की पुनर्गणना को लेकर निर्देश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में कक्षा 5 और 8 वार्षिक मुख्य परीक्षा सत्र 2024-25 की उत्तर पुस्तिकाओं की पुनर्गणना प्रक्रिया के संबंध में राज्य शिक्षा केंद्र ने दिशा-निर्देश जारी किए हैं। निर्देशों में बताया गया है कि कक्षा 5 और 8 के परीक्षा परिणाम की घोषणा के 5 दिन बाद 3 अप्रैल से परीक्षा पोर्टल पर पुनर्गणना की सुविधा लाइव की जा चुकी है। विद्यालयों से कहा गया है कि पोर्टल पर लॉग इन कर पुनर्गणना विंडो को ओपन कर कक्षा 5 और 8 का चयन किया जा सकता है। जिन छात्रों द्वारा विद्यालय के समक्ष उत्तर पुस्तिकाओं की पुनर्गणना के लिए ऑफलाइन आवेदन प्रस्तुत किए गए हैं, उनके संबंध में पोर्टल में पंजीकरण करते हुए पुनर्गणना के चयनित विषयों को सबमिट किया जाए। निर्धारित समयावधि के बाद किसी भी परिस्थिति में पुनर्गणना के लिए आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। प्रक्रिया में 21 अप्रैल तक विद्यालय के माध्यम से छात्रों के पुनर्गणना के आवेदन पोर्टल पर पंजीकृत किए गए हैं।

### सोमवार तक होना थी अंकों की एंट्री

मूल्यांकन केन्द्र अधिकारी पुनर्गणना के लिए सभी आवेदनों की पुनर्गणना के बाद संशोधित प्राप्तांकों की एंट्री पोर्टल पर 28 अप्रैल तक करने के लिए कहा गया है। इस तिथि का पालन न करने पर मूल्यांकन अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उत्तर पुस्तिकाओं की पुनर्गणना की प्रक्रिया में 21 अप्रैल तक आवेदन पोर्टल पर पंजीकृत करने के लिए सभी शालाओं को सूचित करने का उत्तरदायित्व डीपीसी, बीआरसीसी और जनशिक्षकों का संयुक्त रूप से निर्धारित किया गया था।

## हर दो से चार महीने में किया जाता है पटरियों का परीक्षण

# भोपाल मंडल में रेल पटरियों की सुरक्षा को मिला डिजिटल कवच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रेल यात्रियों की सुरक्षा को और अधिक मजबूत बनाने के लिए भोपाल मंडल ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। अब मंडल में रेल पटरियों की नियमित जांच अत्याधुनिक अल्ट्रासोनिक फ्ला डिटेक्शन (यूएसएफडी) तकनीक से की जा रही है। इस तकनीक की मदद से रेल पटरियों के भीतर छिपी हुई मामूली से मामूली कमजोरियों का भी समय रहते पता लगाया जा सकता है, जिससे रेल संचालन को पूरी तरह सुरक्षित बनाया जा रहा है। एसीएम व प्रवक्ता भोपाल मंडल नवल अग्रवाल ने बताया कि भोपाल मंडल में लगभग 2000 किलोमीटर लंबे रेल ट्रैक की नियमित जांच यूएसएफडी मशीनों द्वारा की जाती है। ट्रेनों की आवाजाही को ध्यान में रखते हुए हर दो से चार महीने के अंतराल में यह परीक्षण दोहराया जाता है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, इस नियमित जांच से ट्रेनों का संचालन न सिर्फ अधिक सुरक्षित और भरोसेमंद हुआ है, बल्कि रेल पटरियों की आयु भी बढ़ी है।

### आठ टीमों का गठन, डिजिटल रिकार्डिंग से निगरानी



मंडल में इस कार्य के लिए आठ यूएसएफडी टीमों का गठन किया गया है, जिनमें 15 प्रशिक्षित इंजीनियर कार्यरत हैं। ये इंजीनियर आधुनिक बी-स्कैन यूएसएफडी मशीनों से लैस हैं, जो पटरियों की स्थिति का डिजिटल रिकार्ड तैयार करती हैं। वेल्डिंग की गुणवत्ता की जांच के लिए इन्हें डिजिटल वेल्ड टेस्टर भी उपलब्ध कराए गए हैं। पिछले वर्ष भोपाल मंडल ने सतर्कता के साथ 10,000 किलोमीटर रेल ट्रैक, 34,000 वेल्ड, 4,704 टर्नआउट और 4,498 स्विच एक्सपेंशन जाइंट्स की गहन जांच की थी। इस दौरान 861 कमजोरियों की पहचान कर समय पर मरम्मत की गई, जिससे ट्रेनों का संचालन सुरक्षित बना रहा।

### लखनऊ और पुणे में मिल रहा प्रशिक्षण


रेलवे प्रशासन द्वारा इंजीनियरों को समय-समय पर लखनऊ और पुणे स्थित प्रमुख प्रशिक्षण संस्थानों में भेजा जाता है, ताकि वे नई तकनीकों से अवगत होकर अपनी कार्यक्षमता और सुरक्षा उपायों को लगातार सुधार सकें।

### इस तरह काम करती है यूएसएफडी मशीन

यूएसएफडी मशीन अल्ट्रासोनिक तरंगों के माध्यम से रेल पटरियों के भीतर छिपी दरारों और कमजोरियों का पता लगाती है। यह प्रक्रिया बिल्कुल वैसे ही काम करती है जैसे डॉक्टर अल्ट्रासाउंड के जरिये शरीर के आंतरिक हिस्सों की जांच करते हैं। इस तकनीक के उपयोग से न केवल संभावित दुर्घटनाओं को समय रहते रोका जा रहा है, बल्कि मरम्मत कार्यों में समय और धन की भी बचत हो रही है।

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 29 अप्रैल 2025

4 80 फीट ऊंचे टॉवर पर चढ़कर युवक ने दी नीचे ...



12 भगवान से कॉम्पटीशन के डर से आखिरकार...





### जेपी अस्पताल में हिंदू संगठन का हंगामा, बिना मेडिकल कराए पुलिस लौटी बैरंग, जिला कोर्ट में बीच-बचाव में पुलिसकर्मी घायल

# छात्राओं से दुष्कर्म के आरोपियों को कोर्ट में वकीलों ने दौड़ा दौड़ाकर धुना, सबसे बचाते हुए पुलिस ने कोर्ट में छिपाया





जिला अदालत के बाहर निकलते ही वकीलों ने आरोपी के साथ मारपीट शुरू कर दी। किसी तरह आरोपी को ले जाते पुलिसकर्मी।

**अस्पताल से लेकर कोर्ट तक वकीलों और हिंदू संगठनों ने किया विरोध, बुलाना पड़ा अतिरिक्त पुलिस बल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छात्राओं से दुष्कर्म और यौन उत्पीड़न सहित उन्हें धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने वाले आरोपियों फरहान खान को 30 अप्रैल तक और अली खान को 2 मई तक जिला न्यायालय ने पुलिस रिमांड पर सौंपा है। पुलिस ने सोमवार शाम 4 बजे न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी आरती आर्य के न्यायालय में भगवा गमछे में पेश किया था। इस दौरान पुलिस को भारी मशक्कत करनी पड़ी। आरोपियों पर खतरा भांपकर पुलिस को अतिरिक्त बल बुलाना पड़ा। शाम 4 बजे से रात 8:30 बजे तक साढ़े आठ घंटे तक कोर्ट परिसर में वकीलों का हंगामा होता रहा। आरोपियों से मारपीट करने वालों में केवल हिन्दू वकील ही नहीं, मुस्लिम वकील भी शामिल रहे। वकीलों का गुस्सा देख आरोपियों को जज के कोर्ट में छिपाना पड़ा। आरोपियों पर वकीलों के गुस्से का शिकार दो पुलिसकर्मियों को होना पड़ा। आरोपियों को सुरक्षित रखने के प्रयास में वे खुद चोटिल हुए हैं।

## हिंदू संगठन बोले-हमें सौंप दो

आरोपी फरहान और साहिल को कोर्ट में पेश करने से पहले पुलिस मेडिकल कराने जय प्रकाश अस्पताल पहुंची। वहां हिंदू संगठन संस्कृति बचाओ मंच के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने विरोध शुरू कर दिया। सैकड़ों की संख्या में एकत्रित हुए हिंदू संगठन के लोगों ने आरोपियों के मुंह पर कालिख पोतने का कहा और पुलिस को उन्हें संगठन के हाथ सौंपने की बात कही। हंगामा होता देख पुलिस को आरोपियों को बिना मेडिकल कराए ही लेकर जाना पड़ा। इसके बाद आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। जय प्रकाश अस्पताल में हालात सामान्य होने के बाद आरोपियों का मेडिकल कराया गया। फरहान और साहिल को कोर्ट में पेश करने के बाद साहिल को जेल भेज दिया है, जबकि फरहान की पुलिस ने 2 दिन की रिमांड ली है। फरहान पहले से 3 दिन की रिमांड पर था लेकिन पुलिस की जांच पूरी नहीं होने के कारण उसे दो दिन की अतिरिक्त रिमांड पर लिया है।



जयप्रकाश अस्पताल में पुलिस की गाड़ी में बैठे आरोपी अपना मुंह छिपाते हुए।

जिला कोर्ट में बीच-बचाव करने में घायल हुआ पुलिसकर्मी।

## रात आठ बजे भीड़ से बचाकर पुलिस ने निकाला बाहर

हालात तनावपूर्ण होते देख पुलिस अधिकारियों ने मोर्चा संभाल लिया था। क्यूआरएफ की टीम को बुलाया गया। वह कोर्ट रूम के पास जैसे ही पहुंचते, भीड़ उनका विरोध करते हुए नारेबाजी शुरू कर देती। रात करीब 7.45 बजे भीड़ कोर्ट रूम से थोड़ी दूर हुई। तभी क्यूआरएफ ने पुलिस के साथ घेरा बनाकर आरोपियों को कोर्ट रूम से बाहर निकाला। अली के पैर में फ्रेक्चर होने के कारण उसे कोर्ट से बाहर सुरक्षित ले जाने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस कुछ कदम ही बढ़ी होगी कि अचानक लाइट बंद हो गई। कोर्ट परिसर में अफरा-तफरी मच गई। किसी तरह पुलिस एक आरोपी को पीछे के दरवाजे तक लेकर आई। इस बीच भीड़ ने आरोपियों पर हमले का फिर प्रयास किया। आरोपी साद को लॉकअप के पास के गेट से ले जाया गया। तब तक भीड़ बंट चुकी थी। फरहान को पुलिस कोर्ट में पेश होने के तत्काल बाद निकाल लिया था।



जेपी अस्पताल के बाहर भीड़ के घेरे में आरोपी। इनसेट में संस्कृति बचाओ मंच के चंद्रशेखर तिवारी को काबू करते पुलिसकर्मी।

## भारत माता की जय के नारे लगाते हुए बेल्ट और गमले लेकर टूट पड़े टूट पड़े वकील

रात 8:30 बजे पुलिस के कड़ी सुरक्षा के बीच आरोपियों को कोर्ट रूम से बाहर निकालते ही आक्रोशित वकीलों ने जय श्री राम, हर-हर महादेव, वंदे मातरम एवं भारत माता की जय का उद्घोष करते हुए आरोपी फरहान खान और अली खान के ऊपर बेल्ट और गमले लेकर टूट पड़े। जिसके हाथ में जो आया उससे आरोपियों की जमकर कुटाई की।



### बागसेवनिया पुलिस की लापरवाही

बागसेवनिया पुलिस ने सोमवार सुबह तीनों आरोपियों में फरहान, साद और साहिल का जुलूस निकाला था। आरोपियों से मुख्य सड़क पर उठक-बैठक भी लगवाई। इस संवेदनशील मामले में आरोपियों का जुलूस निकालने से पहले पुलिस को यह तक ध्यान नहीं रहा कि यदि हिंदू संगठनों को आरोपियों के जुलूस की भनक लगती है तो पुलिस कस्टडी में आरोपियों पर हमला हो सकता है।

### चौथा आरोपी अली निजामुद्दीन कॉलोनी से घर-दबोचा

*पुलिस ने यौन उत्पीड़न के इस सनसनीखेज मामले में चौथे आरोपी अली को गिरफ्तार निजामुद्दीन कॉलोनी से गिरफ्तार किया है। अशोका गार्डन पुलिस को जानकारी मिली थी कि अली यहां एक युवती के घर छिपा हुआ है। इसके बाद पुलिस ने टीम बनाकर इलाके की घेराबंदी की और आरोपी को दबोच लिया। पुलिस का कहना है कि रविवार देर रात पुलिस की धरपकड़ की कार्रवाई में अली ने भागने का प्रयास किया था। इससे वह गिर गया और उसके पैर में फैक्चर हो गया। पुलिस उस युवती से भी पूछताछ कर रही है, जिसके घर अली ने पनाह ली थी। अशोका गार्डन पुलिस ने पूछताछ के लिए अली को 5 दिन की रिमांड पर लिया है, जबकि आरोपी साद को जेल भेज दिया गया। अली पर दो पीड़िताओं से दुष्कर्म और साथियों को परोसने का आरोप है कि उससे इस संबंध में पुलिस पूछताछ करेगी।*

---

सब्जी फार्म शाहपुरा के पास सड़क पर खड़े होकर करीब 45 मिनट किया हंगामा, नहीं पहुंची पुलिस

# शराबियों ने शाहपुरा में बीच सड़क पर मचाया गदर, वहां से गुजरने वाली कार, ऑटो व स्कूल वैन पर किया पथराव, डंडे से कांच तोड़े

**पुलिस ने दर्ज की दो बदमाशों पर एफआईआर, आरोपी की गिरफ्तारी के किए जा रहे प्रयास**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित सब्जी फार्म के पास सोमवार सुबह मुख्य सड़क पर खड़े दो शराबियों ने जमकर गदर मचाई। आरोपी सड़क के बीच में खड़े हो गए और वहां से गुजरने वाली कार, स्कूल वैन और ऑटो पर डंडे बरसाते रहे। इस दौरान एक आरोपी ने वाहनों पर ईंट और पत्थर भी फेंके। पूरी घटना सुबह सात बजे से शुरू हुई और पौने आठ बजे तक चलती रही, लेकिन पुलिस के कान में जूं तक नहीं रेंगी। अब पुलिस कह रही है कि आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया है, लेकिन उनकी उनकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।



### स्कूल वैन को भी नहीं छोड़ा, उसमें भी तोड़फोड़

*आरोपियों की पहचान सूरज काला निवासी गड्ढे वाली मल्टी, हबीबगंज और मिसरोद निवासी नाना के रूप में की गई। आरोपी नशे में थे और वहां से गुजर रही बच्चों की स्कूल वैन को भी नहीं छोड़ा आरोपियों ने बच्चों की स्कूल वैन में भी तोड़फोड़ की है। पुलिस की दलील है कि केवल दो कार और एक आटो में तोड़फोड़ की गई, जबकि दर्जनभर गाड़ियों में तोड़फोड़ की गई है। यह भी बताया जा रहा है कि बदमाश इस तरह की हरकत रात से ही कर रहे थे। कुछ फरियादी शिकायत करने पहुंचे थे, जबकि कुछ ने शिकायत नहीं की है।*

### दहशत में लोग भागते आए नजर

घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें आरोपी हाथ में डंडा लेकर सड़क से गुजर रहे वाहनों में तोड़फोड़ करते हुए नजर आ रहे हैं। आरोपी बिना किसी कारण के नशे में गदर कर रहे थे और वहां से गुजरने वाले वाहनों पर डंडे बरसाने के साथ पथराव कर रहे थे। मुख्य सड़क पर गदर होते देख लोग अपने वाहन लौटाकर जाते देखे गए। इसके विपरीत जो लोग अपना वाहन लेकर गुजरे तो उनके वाहनों पर पथराव और डंडे बरसाए।

### हबीबगंज थाने का निगरानी बदमाश है सूरज

जानकारी के अनुसार सूरज काला हबीबगंज थाने का निगरानी बदमाश है और उस पर दर्जनभर अपराध दर्ज हैं। आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति का है। उसका साथी नाना मिसरोद में रहता है और वह भी आपराधिक प्रवृत्ति का है। पुलिस का कहना है कि आरोपी सूरज काला की गिरफ्तारी के बाद उस पर एनएसए की कार्रवाई की जाएगी।

### ई रिक्शा चलाने वाले का टूटा कांच तो पहुंचा थाने

*जानकारी के अनुसार देवेंद्र वर्मा पिता रामप्रकाश वर्मा (42) श्याम नगर हबीबगंज में रहते हैं और ई रिक्शा चलाते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि सोमवार सुबह वह ई रिक्शा में सवारी लेकर सलैया छोड़ने जा रहे थे। सब्जी फार्म शाहपुरा पहुंचने पर देखा कि सड़क पर सूरज काला अपने साथी के साथ खड़ा हुआ है। बिना किसी कारण के आरोपी सूरज काला ने ई रिक्शा के सामने वाले कांच पर डंडा मार दिया, जिससे कांच टूट गया। देवेंद्र ने ई रिक्शा खड़ा किया तो आरोपी उसके पास पहुंचे और डंडे से मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान उसके साथी ने हाथ मुक्कों से मारपीट की।*

**खुली रहती हैं खाद्य पदार्थों की दुकानें**

## कंपोजिट शराब दुकानों के आसपास खुले मैदान में चल रहे अहाते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शराब पिलाने के लिए खोले गए अहाते बंद होने के बाद शहर में शराब के ठेकेदार शासन के आदेश की धज्जियां उड़ाते हुए दुकान के बाहर व दुकान के आसपास मैदान में शराब पिलवा रहे हैं। इसकी शिकायत भी आबकारी विभाग से की गई, लेकिन कार्रवाई नहीं की जा रही है। राजधानी की 87 कंपोजिट शराब की दुकानों के आसपास शराब पीते हुए लोग देखे जा रहे हैं।

सुभाष नगर में स्थित शराब की दुकान के पीछे खुले मैदान में बैठकर लोग शराब पी रहे हैं, जिससे क्षेत्र के रहवासियों की महिलाओं को शाम से लेकर रात में निकलना मुश्किल हो रहा है। बायपास स्थित दुकान के आसपास ढाबों में बैठकर खुलेआम शराब पी रहे हैं। इसके साथ अन्य शराब की दुकानों के आसपास यही हाल हैं। शहर के बैरसिया रोड आरिफ नगर ब्रिज के पास स्थित शराब दुकान के आसपास शराब पीने वालों की भीड़ देखी जा रही है। यहां शराबी दुकान की दहलीज पर ही बैठकर शराब पी रहे हैं। शिकायत के बावजूद आबकारी विभाग के अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। इसके साथ शहर की होटलों और ढाबों पर प्रतिस्पर्धा के चलते अवैध शराब बिक रही है। वहीं शराबियों का जमघट लग रहा है। सहायक आयुक्त आबकारी वीरेंद्र सिंह धाकड़ का कहना है कि शराब दुकान के आसपास शराब पीने की जानकारी मिली है, जिसके आधार पर जांच कराई जा रही है।

### धू-धू कर जल गई थार...



**भोपाल।** श्यामला हिल्स थाना क्षेत्र में लगी थार कार में आग। आग लगने से थार कार हुई पूरी तरह जलकर खाक हो गई। इस दौरान उठ रहा काला धुआं दूर से ही नजर आ रहा है।

**रेलवे ने शुरू की टेंडर प्रक्रिया, 10 दिन में पूरी होने की उम्मीद**

# अगले माह से रेल यात्रियों को ठंडा और सस्ता पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल सहित मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर पिछले करीब 6-7 माह से बंद पड़ी वाटर वेंडिंग मशीनें अगले माह से फिर शुरू हो सकती हैं। इसके बाद यात्रियों एक बार फिर से शीतल व ठंडा पानी मिल सकेगा। रेलवे ने भोपाल मंडल के लगभग सभी प्रमुख स्टेशनों पर वाटर वेंडिंग मशीन को फिर से शुरू करने के लिए टेंडर जारी कर प्रक्रिया शुरू कर दी है। रेलवे अधिकारी के अनुसार दस दिनों में प्रक्रिया पूरी होने की उम्मीद है। इसके बाद वाटर वेंडिंग मशीनों के माध्यम से यात्रियों को न केवल शुद्ध और ठंडा पेयजल मिलेगा, बल्कि यह पानी नाममात्र मूल्य पर उपलब्ध होगा, जिससे जेब पर बोझ भी नहीं पड़ेगा।

उल्लेखनीय है कि भोपाल स्टेशन पर रोजाना 200 से अधिक ट्रेनों का संचालन होता है। इन ट्रेनों से रोजना करीब 50 हजार यात्रियों तक पहुंचता है। ऐसे में यह एकमात्र बड़ा स्टेशन है, जहां यात्रियों को हर समय बड़ी संख्या में पानी की जरूरत होती है। वाटर वेंडिंग मशीनें बंद होने के कारण यात्रियों को या तो स्टेशन परिसर में मौजूद प्याऊ से पानी लेना पड़ रहा है या फिर वे बाहर से बोतलबंद पानी खरीदने मजबूर हैं।

भोपाल मंडल के सभी प्रमुख स्टेशनों पर लगेंगी वाटर वेंडिंग मशीनें

6-7 माह से बंद पड़ी वाटर वेंडिंग मशीनें जल्द शुरू होने के आसार




### रेल यात्रियों के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहेगी सुविधा

रेलवे ने इस योजना के तहत टेंडर जारी कर प्रक्रिया को प्रारंभ कर दिया है। चयनित एजेंसियों के माध्यम से यह मशीनें जल्द ही प्रमुख स्टेशनों पर स्थापित की जाएंगी। इन मशीनों से यात्रियों को आरओ शुद्धिकृत ठंडा पानी मिलेगा, जो बाजार दर की तुलना में काफी सस्ता होगा। यह सेवा 24 घंटे उपलब्ध रहेगी ताकि किसी भी समय यात्री इसका लाभ उठा सकें।

### भोपाल, बीना, इटारसी स्टेशनों पर होगी शुरुआत

वाटर वेंडिंग मशीनों की शुरूआत भोपाल, बीना, इटारसी, विदिशा, होशंगाबाद, हरदा, नर्मदापुरम जैसे महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों पर की जा रही है। इन स्टेशनों पर रोजाना हजारों यात्री यात्रा करते हैं और गर्मियों में ठंडे पानी की मांग काफी बढ़ जाती है। इस सुविधा से उन्हें आसानी से कम कीमत में स्वच्छ पानी उपलब्ध हो सकेगा।

### तकनीकी रूप से उन्नत मशीनें

इन वेंडिंग मशीनों में स्वचालित डिस्पेंसिंग सिस्टम, टच स्क्रीन इंटरफेस, डिजिटल पेमेंट विकल्प, और जल आपूर्ति की निगरानी के लिए सेंसर तकनीक लगाई जाएगी। इसके साथ ही आटो कट फीचर भी होगा ताकि पानी की बर्बादी रोकी जा सके।

### पांच रुपए में मिलेगा एक लीटर पानी

प्राप्त जानकारी के अनुसार, वाटर वेंडिंग मशीनों से यात्री 2 रुपये में 300 एमएल, 3 रुपये में 500 एमएल और 5 रुपये में 1 लीटर पानी प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही यात्री अपनी बोतलें भी रिफिल कर सकेंगे, जिससे प्लास्टिक उपयोग में कमी आएगी और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।

### तस्कर से जब्त की 54 लीटर शराब



*आबकारी विभाग की टीम ने लहारपुर कटारा हिल्स क्षेत्र से शराब तस्कर को पकड़कर उससे 54 लीटर शराब जब्त की है। टीम ने कमलेश सेन पिता प्रेमनारायण सेन की झुग्गी से शराब जब्त की है। आरोपी पर आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।*

## खबर संक्षेप



### तीर्थंकर कुंथुनाथ का जन्म, तप और मोक्ष कल्याणक मनाया

**मंडीदीप।** नगर में जैन धर्म के 17वें तीर्थंकर कुंथुनाथ भगवान का जन्म, तप और मोक्ष कल्याणक सोमवार को मनाया गया। महावीर कॉलोनी स्थित श्री नेमीनाथ दिगंबर जैन मंदिर में अभिषेक, शांतिधारा व पूजन कर निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। इस अवसर पर मंदिर कमेटी के सचिव आशु जैन, कमेटी के अध्यक्ष विमल जैन राजदीप, कमलेश जैन, कमल जैन, रमेशचन्द्र जैन, धर्मेन्द्र जैन, संजय जैन, प्रभात जैन, प्रतीक जैन, प्रत्यक्ष जैन, पारूल जैन सहित श्रद्धालु मौजूद रहे।

### भोजपुर विधायक पटवा ने जन्मदिन पर भूपेंद्र को दी शुभकामनाएं



**औबेदुल्लागंज।** भाजपा के जिला रायसेन युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष भूपेंद्र नंदवंशी के जन्मदिन पर भोजपुर क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र पटवा, जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष भुपेंद्र नागर, पंकज कोठारी, दीपू परमार, अनिल रजत, संजय, पवन जोत सिंह, महेंद्र बने सिंह परमार, वचन लोधी, अनिल, राहुल, पंकज, शिवराज, जीतू नन्दवशी, चंद्र मालवीय, देवेंद्र चौहान समेत वरिष्ठ एवं युवा मोर्चा ने

### दिव्यांग महिला को नपा सीएमओ ने अपने पैसों से दिलाई सिलाई मशीन



**मंडीदीप।** सोमवार को एक दिव्यांग महिला पति के साथ नगर पालिका में मकान की गुहार लगाने आई थी, जिसकी आपबीती सुनकर नगर पालिका मुख्य अधिकारी प्रशांत जैन ने अपने पैसों से उन्हें सिलाई मशीन दिला दी। सीएमओ प्रशांत जैन ने महिला पूजा ठाकुर को सिलाई मशीन दी तो महिला का चेहरा खिल उठा और सीएमओ के प्रति आभार व्यक्त किया।

### बड़वानी में अतिथि शिक्षक 6600 रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**भोपाल।** लोकायुक्त पुलिस की इंदौर यूनिट ने सोमवार को बड़वानी जिले की ठीकरी ब्लॉक के मदरानिया गांव में पदस्थ अतिथि शिक्षक हीरालाल गुप्ता को 6,600 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। हीरालाल ने संजय वर्मा नाम के शिक्षक से एरियर और लंबित भत्तों के भुगतान के एवज में रिश्वत मांगी थी। जानकारी के अनुसार संजय वर्मा शासकीय विद्यालय मोरीपुरा में प्राथमिक शिक्षक हैं। वर्मा ने एरियर के भुगतान के संबंध में संकुल केंद्र मदरानिया स्कूल में पदस्थ अतिथि शिक्षक हीरालाल गुप्ता से संपर्क किया। उसने 6600 रुपए की रिश्वत मांगी थी। बता दें कि यहां अतिथि शिक्षक हीरालाल को लेखापाल पद का प्रभार सौंपा हुआ था।

### वार्ड स्थित कथरिया घाट पर मिला शव

**मंडीदीप।** नगर के वार्ड 01 स्थित कथारिया घाट पर सोमवार को शव मिला है। थाना प्रभारी रंजीत सराठे ने बताया कि पेपर के आधार पर उसकी शिनाख्त विदिशा जिला निवासी जगपालसिंह कुशवाह के रूप में की गई।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 3894 | | |
| दिन: | 789 | 43 | 256 |
| रात: | 360 | 90 | 460 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 168 | 54 | 158 |
| रात: | 240 | 69 | 478 |

# 80 फीट ऊंचे टॉवर पर चढ़कर युवक ने दी नीचे कूदने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत टॉकीज चौराहा पर ग्रांड होटल के सामने सोमवार सुबह उस समय भीड़ एकत्रित हो गई, जब सूखा नशा करने वाला एक युवक करीब 80 फीट ऊंचे मोबाइल टॉवर पर चढ़ गया।

टॉवर पर चढ़कर उसने नीचे कूदने की धमकी दी थी। सूचना पर मंगलवारा पुलिस और नगर निगम की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस और अमले ने लाउडस्पीकर पर अनाउंसमेंट कर युवक से नीचे आने की गुहार लगाई, लेकिन युवक नीचे नहीं उतरा। करीब डेढ़ घंटे बाद की मशक्कत के बाद युवक को नीचे उतारा।

किसी प्रकार की अनहोनी न हो, इसके लिए रेस्क्यू टीम ने नीचे जाल बिछा रखा था। अमले के लोग युवक को नीचे उतारने के लिए टॉवर पर चढ़ गए थे। घटनास्थल पर काफी संख्या में लोगों के जमा होने से काफी देर ट्रैफिक भी बाधित रहा।

## सूखे नशे का आदी है युवक, डेढ़ घंटे तक काफी मशक्कत के बाद नीचे उतारा

### थाने लाया तो हुआ बेहोश, पिता को सौंपा

थाना प्रभारी ने बताया कि रेस्क्यू टीम ने टॉवर के नीचे बड़ा सा जाल बिछा दिया था। अमले के लोग टॉवर पर भी चढ़ गए गए थे। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद युवक को सकुशल नीचे उतार लिया गया। बताया जा रहा है कि नीचे उतरने के दौरान युवक मामूली रूप से घायल हुआ है। बताया जा रहा है कि टॉवर से नीचे उतारने के बाद पुलिस की टीम राजा ठाकुर को मंगलवारा थाने ले आई थी। थाने में कुछ देर बाद ही युवक बेहोश हो गया। थाने में युवक को बेहोश होता देख पुलिस के हाथ-पैर फूल गए। आनन-फानन में उसे होश में लाने का प्रयास किया गया। उसके होश में आते ही पुलिस ने युवक को परिजन के सुपुर्द कर दिया। टॉवर पर चढ़ने के बाद युवक ने किसी तरह की कोई मांग नहीं की थी। उसने बताया कि नशे में वह टॉवर पर चढ़ गया था। फायर इंचार्ज सौरभ पटेल ने बताया कि सूचना के बाद टीम मौके पर पहुंच गई थी।



### फुटपाथ पर घूमता रहता है

जानकारी के अनुसार बरखेड़ी जहांगीराबाद में रहने वाला राजा ठाकुर (28) सिलोचन व दूसरे सूखे नशे करने का आदी है। वह अधिकतर समय भारत टॉकीज ब्रिज के पास फुटपाथ पर घूमता रहता है। सोमवार सुबह राजा सिलोचन का नशा करने के बाद टॉवर पर चढ़ गया। सूचना मिलते ही पुलिस और नगर निगम का अमला भी मौके पर पहुंच गए और लाउडस्पीकर पर अनाउंस कर युवक से नीचे आने की गुहार लगाई, लेकिन काफी प्रयास के बाद भी वह नीचे आने के लिए तैयार नहीं हुआ। वह बार-बार नीचे कूदने की धमकी दे रहा था।

### होम्योपैथी स्वास्थ्य कल्याण केंद्र में महिलाओं में मोटापे की समस्या के लिए विशेष उपचार की सुविधा

**भोपाल।** शासकीय होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, आयुष परिसर मैनिट हिल्स में स्थित होम्योपैथी स्वास्थ्य कल्याण केंद्र में महिलाओं में होने वाले मोटापे के ऊपर विशेष उपचार उपलब्ध है। यह स्वास्थ्य कल्याण केंद्र इकाई केंद्रीय आयुष मंत्रालय के सहयोग एवं योग प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद के साथ मिलकर स्थापित की गई है। होम्योपैथी स्वास्थ्य कल्याण केंद्र की नोडल अधिकारी डॉ. जूही गुप्ता और महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. एसके मिश्रा ने बताया कि स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने का यह अभिनव प्रयास है।


मैनिट परिसर में हॉस्टल जाते समय टर्निंग पर हुआ हादसा

# स्कूटर डिवाइडर से टकराई इंजीनियरिंग छात्र की मौत

**खास बातें**

- युवक के सिर में थी गंभीर चोट
- साथी युवक भी हुआ घायल
- ईसी ब्रांच में तृतीय वर्ष का छात्र था सिद्धांत

### भाई के भोपाल पहुंचने पर कराया पीएम



घटना की जानकारी रविवार रात ही परिजन को दे दी गई थी। सिद्धांत सौरभ का बड़ा भाई शशांक सौरभ दिल्ली में रहता है और आईएएस की तैयारी कर रहा है। वह फ्लाइट से सोमवार सुबह पहुंच गया था। उसे शव पीएम के बाद सौंप दिया गया है। शशांक भाई का शव लेकर बिहार निकल गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित मौलाना आजाद नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलोजी (मैनिट) परिसर में रविवार रात जुपीटर स्कूटर डिवाइडर से टकराने के कारण छात्र की मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। हादसा मोड़ पर स्कूटर टर्न करते समय हुआ। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार मूलरूप से जिला सहरसा, बिहार निवासी सिद्धांत सौरभ (22) ईसी ब्रांच में तृतीय वर्ष का छात्र था। वह मैनिट परिसर के हॉस्टल में रहता था। रविवार रात वह अपने सहपाठी राहुल कुमार के साथ बाहर चाय-नाश्ते के लिए गया था। रात करीब पौने 9 बजे दोनों छात्र स्कूटर से मैनिट गेट पर पहुंचे। मेनगेट से अंदर हॉस्टल की तरफ जाते समय मामूली से मोड़ पर स्कूटर टर्न करते समय डिवाइडर में टकरा गई। स्कूटर रफ्तार में थी और दोनों छात्रों के सिर डिवाइडर से टकराए थे। हॉस्टल के छात्र और स्टाफ लहूलुहान हालत में सिद्धांत और राहुल को पास ही स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां से एम्स जाने की सलाह दी। छात्र उसे एम्स लेकर पहुंचे, वहां सिद्धांत को मृत घोषित कर दिया।

### पति की मौत से दुखी पत्नी ने फांसी लगाकर दी जान

सूखीसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित कल्याणपुर में रविवार दोपहर एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक पूछताछ में यह बात सामने आई कि तीन साल पहले पति की सड़क हादसे में मौत होने के बाद से वह दुखी रहने लगी थी। अनुमान है कि पति की मौत से दुखी होकर उसने यह कदम उठाया है। पुलिस के अनुसार प्रेमबाई यादव पति स्वर्गीय शिवराज यादव (42) गांव कल्याणपुर सूखी सेवनिया में रहती थी और गृहणी थी। उसके पति शिवराज की तीन साल पहले सड़क हादसे में मौत हो गई थी। परिवार में दो बेटे और बहू है। रविवार दोपहर प्रेमबाई ने अपने कमरे में फांसी लगा ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

### ड्राइवर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित रासलाखेड़ी, भानपुर में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पड़ोसियों ने उसे फंदे पर देख डायल 100 पर सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिजन विदिशा से भोपाल पहुंच गए थे। शव पीएम के बाद परिजन को सौंपा गया है। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है, लेकिन उसके वाट्सएप पर स्टेटस देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि उसने प्रेम प्रसंग में असफल होने पर यह कदम उठाया है। पुलिस ने मोबाइल जब्त कर लिया है। उसके नंबर की सीडीआर निकाली जा रही है।



वाट्सएप स्टेटस देख प्रेम प्रसंग में असफल होने का अनुमान

पुलिस के अनुसार अक्षय लोधी पिता देवकी नंदन लोधी (25) मूलतः पीतांबरा, थाना नटेरन, जिला विदिशा में रहता था। वह औद्योगिक क्षेत्र गोविंदपुरा में कंपनी की गाड़ी चलाता था। करीब तीन साल से वह रासलाखेड़ी, भानपुर में किराए के मकान में रह रहा था। उसके साथ उसका मंझला भाई सुनील भी रहता था। पंद्रह अप्रैल को अक्षय और सुनील शादी में गए थे। सुनील लौट आया था और ड्यूटी जा रहा था। रविवार रात करीब दस बजे अक्षय की लाश पड़ोसियों ने फांसी के फंदे पर लटकी देख डायल 100 पर सूचना दी थी।

चोरी के जेवर बैंक में गिरवी रखकर ले लिया था लोन

# भांजे ने दोस्त के साथ मिलकर पेटी से चुराए थे 13 लाख के जेवर... चढ़े हत्थे





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऐशबाग पुलिस ने पुष्पा नगर फूटी बावड़ी इलाके में पेटी से 13 लाख रुपए के जेवर चुराने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। चोरी किसी और ने नहीं, बल्कि फरियादी के भांजे और उसके दोस्त ने चोरी किए थे। आरोपी ने घर में रखी पेटी से सोने के जेवरात व 11 हजार नगद चुरा लिए थे।

संदेह के आधार पर पुलिस ने पूछताछ की और खुलासा होने पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर 13 लाख रुपए के जेवरात बरामद कर लिए। पुलिस के अनुसार पुष्पा नगर रोड फूटी बावड़ी ऐशबाग निवासी मीरा गौर पत्नी शैलेन्द्र गौर (32) ने विगत 24 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उनकी सास सुशीला गौर के कमरे में लोहे की एक छोटी सी पेटी रखी थी। पेटी में उनका, उनकी दोनों ननद और सास के पुराने इस्तेमाली करीब 12 तोला वजनी सोने के जेवरात व 11 हजार रुपए नगद रखे थे। जो चोरी हो गए थे। फरियादिया ने प्रकरण दर्ज कराते हुए भांजे और उसके दोस्त पर चोरी का संदेह व्यक्त किया था। संदेह के आधार पर पुलिस ने राज पटेल को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में उसने चोरी करना कुबूल कर लिया।

### अय्याशी के लिए चोरी किए सोने के जेवरात

आरोपी राज पटेल ने बताया कि कुछ जेवरात अपने पास रखे हैं, जबकि कुछ जेवरात बैंक में जमा कर लोन लिया है। थोड़े जेवरात राज पटेल ने दोस्त पल्केश साहू को बेचने के लिए देना बताया। लिहाजा पुलिस ने आरोपी राज पटेल (20) निवासी पुष्पा नगर मेन रोड ऐशबाग को विधिवत रूप से गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर आरोपी पल्केश साहू (27) निवासी पुष्पा नगर को भी अरेस्ट कर लिया। पूछताछ में पता चला कि आरोपी राज पटेल अपने साथी कल्पेश साहू की किराने की दुकान पर काम करता था। आरोपियों ने अय्याशी के लिए चोरी की वारदात को अंजाम दिया थ।

### समग्र आईडी पत्नी का नाम जुड़वाने पहुंचे युवक ने पंचायत सचिव को धमकाया

**भोपाल।** बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित जमुनिया गांव में पंचायत सचिव के दफ्तर में पहुंचकर उसे धमकाने और टेबल पर कुल्हाड़ी मारने का मामला सामने आया है। दरअसल, लालपुरा गांव से तीन मजदूर वर्ग के लोग पंचायत सचिव के दफ्तर में पहुंचे थे। उनमें एक व्यक्ति ने पत्नी का नाम समग्र आईडी में जुड़वाने का कहा। सचिव ने नियमानुसार मैरिज सर्टिफिकेट मांगा तो वह भड़क गए और समग्र आईडी में नाम जोड़ने की धमकी देने लगे। सचिव ने उन्हें नियम बताए तो वह भड़क गए और टेबल पर कुल्हाड़ी मार दी। पंचायत सचिव ने घटना की शिकायत बिलखिरिया थाने पहुंचकर की है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार रूपनारायण जाट जमुनिया कला में पंचायत सचिव है। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि उनके दफ्तर में फिरोज, कल्ला और शरीफ पहुंचे। तीनों लालपुरा गांव के रहने वाले हैं और बेलदार है। गांव में महज पंद्रह से बीस मकान होंगे। फिरोज ने रूपनारायण से कहा कि पत्नी का नाम समग्र आईडी में जोड़ना है। इस पर रूपनारायण ने कहा कि नए आदेश के अनुसार पहले मैरिज सर्टिफिकेट लाना होगा। इसके बाद ही समग्र आईडी में नाम जोड़ा जा सकेगा। इस पर आरोपी भड़क गए और धमकाते हुए कहने लगे कि नाम जोड़ना पड़ेगा। रूपनारायण ने समझाया तो वह भड़क गए और टेबल पर कुल्हाड़ी मार दी। थाना प्रभारी उमेश सिंह चौहान ने बताया कि गिरफ्तारी के लिए पुलिस गई थी, लेकिन आरोपी जंगल में फरार हो गए।

आशीर्वाद देने आएंगे शिवराज और पटवा

## धाकड़ नागर समाज के विवाह सम्मेलन की तैयारियां जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

धाकड़ नागर समाज आदर्श समूह विवाह सम्मेलन तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए अक्षय तृतीया के दिन आदर्श समाज विवाह सम्मेलन होगा।

सम्मेलन में 15 हजार के लगभग समाज बंधु एवं गणमान्य नागरिक आएंगे, जिसमें 30 जोड़ों को आशीर्वाद देने के लिए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, होशंगाबाद के सांसद दर्शन सिंह, राजगढ़ के सांसद रोडमल नागर, विधायक सुरेंद्र पटवा आएंगे। विवाह समिति अध्यक्ष शशांक धाकड़, विजय धाकड़, अशोक पटेल, मोहन पटेल, कैलाश डब्बू नागर, राजू पटेल, गजेंद्र नागर, विनोद, प्रेम तलाव, शैलेंद्र पारखड़ी आदि विवाह सम्मेलन की तैयारी में लगे हुए हैं।

### पांच नन्हें मेहमानों का आगमन चीता प्रोजेक्ट की सफलता का प्रतीक

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रीय उद्यान कूनो में नए मेहमानों के आगमन पर प्रदेशवासियों को बधाई दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि रविवार को मप्र के चीता परिवार में पुनः वृद्धि हुई है। कूनों में पांच नन्हें मेहमानों का आगमन हमारे बीच हुआ है, जो चीता प्रोजेक्ट की सफलता का प्रतीक हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जितने चीते अफ्रीका से लाए गए थे, उससे ज्यादा चीतों का जन्म मप्र में हो चुका है। यह चीता प्राजेक्ट के सफल क्रियान्वयन को दर्शाता है, हम निरंतर इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब मप्र में पहला चीता छोड़ा था, तब से लेकर आज तक कूनो में चीतों में वृद्धि हो रही है। सरकार वन्य जीवों के लिए उपयुक्त ईको-सिस्टम विकसित करने का प्रयास कर रही है।

# मेट्रो प्रोजेक्ट में रुकावट बन रहे अर्जुन नगर के 20 मकानों पर चला बुलडोजर

◆ नोटिस के बाद भी लोगों ने नहीं हटाए थे आवास



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मेट्रो प्रोजेक्ट में रुकावट बने अर्जुन नगर के 20 मकानों को सोमवार को बुलडोजर चलाकर तोड़ दिया गया। दरअसल यहां पर मेट्रो प्रोजेक्ट के तहत निर्माण कार्य किया जाना है। मकानों को तोड़ने से पहले संबंधित लोगों को नोटिस जारी किया गया था। समय अवधि बीत जाने के बाद भी लोगों ने मकान नहीं गिराए, तब मकानों पर बुलडोजर चलना पड़ा।

### करोंद इलाके में एक अवैध छज्जे गिराया

नगर निगम की भवन अनुज्ञा शाखा के नेतृत्व में करोंद क्षेत्र में आधार अस्पताल के समीप एक मकान में अवैध रूप से निर्मित छज्जे को भी तोड़ा गया। इसके अलावा निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने सोमवार को बरखेड़ा पठानी, अवधपुरी, इंद्रपुरी, अशोका गार्डन, ऐशबाग, रेल्वे स्टेशन, कोलार, माता मंदिर, जवाहर चौक, रिवेरा टाउन, न्यू मार्केट, मालवीय नगर, बैरागढ़, मिनी मार्केट, लालघाटी, विजय नगर, नारियल खेड़ा, शालीमार काम्प्लेक्स, जनता कॉलोनी क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाए। इस मौके पर पांच ठेले, एक लोहे का फ्रेम, एक टेबिल को जब्त किया गया।

### यूनियन कार्बाइड के कचरे से 20.43 किलो मर्करी गायब

**भोपाल।** गैस राहत विभाग ने ट्रायल में शामिल सरकारी वैज्ञानिक संस्थाओं ने कई अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन पर्यावरण कानून, अत्यधिक जहरीले कचरे के निपटान के लिए बने इंसीनेटर प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया गया है। पीथमपुर में कचरे का पर्यावरण अध्ययन किए बिना निपटान किया गया है। यह आरोप भोपाल गैस पीड़ित संघर्ष सहयोग समिति की संयोजक साधना कार्णिक प्रधान और सीटू के सचिव पीएन वर्मा ने पत्रकार वार्ता में लगाया। उन्होंने बताया कि जहरीले कचरे के तीन ट्रायल के दौरान खतरनाक रूप से बड़ी भारी मात्रा में मर्करी गायब कर दी गई है। समिति द्वारा इस मुद्दे पर हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कोर्ट को तथ्यों से अवगत कराया जाएगा।

भगवान परशुराम मंदिर में रामकथा का आयोजन

# प्राण-प्रतिष्ठा उत्सव के लिए निकाली कलश यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

नगर के समीपस्थ सोमेश्वर महादेव मंदिर चिनार ड्रीम सिटी में भगवान परशुराम जन्मोत्सव का तीन दिवसीय आयोजन सोमवार से प्रारंभ हो गया।

समिति के जयपाल शर्मा ने बताया कि सोमेश्वर महादेव मंदिर में अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाकर प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी। इसके उपलक्ष्य में सोमवार को कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान महिलाओं और युवतियों ने सिर पर कलश रखकर कलश यात्रा निकाली। गाजे बाजे के साथ निकली यह कलश यात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्ग होते हुए सोमेश्वर मंदिर पहुंची। भगवान परशुराम के नवनिर्मित मंदिर में कलश स्थापित किया गया। उत्सव का समापन 30 अप्रैल को होगा।

### भगवान परशुराम प्राण-प्रतिष्ठा आयोजन में पहुंचे केंद्रीय मंत्री शिवराज, विधायक पटवा



नगर के वार्ड 8 स्थित भगवान श्री परशुराम के पावन मंदिर परिसर में पं. सुनील शास्त्री की वाणी से रामकथा का वाचन किया जा रहा है। तीन दिवसीय आयोजन के पहले दिन केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा एवं पूर्व मंत्री रामपाल सिंह ने पहुंचकर आशीर्वाद प्राप्त किया। समाज के अध्यक्ष सुधीर भार्गव ने बताया कि वार्ड 8 में लक्ष्मी नारायण व भगवान परशुराम की स्थापना की जा रही है। इस दौरान पूर्व विपिन भार्गव, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल, जीवनलाल शर्मा, योगेश तिवारी, जगदीश शर्मा, संजीव पटेरिया, जीवनसिंह पाल, विनोद जैन, केके चौबे, अमित तिवारी, राजेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

### कटनी में 35 हेक्टेयर वन भूमि को अतिक्रमण से किया

**भोपाल।** वन मंडलाधिकारी कटनी गौरव शर्मा के नेतृत्व में कटनी वन मंडल की 35 हेक्टेयर वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। कटनी वन मंडल के वन परिक्षेत्र ढीमरखेड़ा के तहत शाहडार के घने जंगल के बीच ग्रामवासियों के संरक्षण में अन्य जिलों के लोगों ने वन भूमि पर अतिक्रमण किया था। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी अतिक्रमणकर्ताओं को समझाइश दी गई थी। अतिक्रमणकर्ताओं के विरुद्ध कार्रवाई कर वन अपराध प्रकरण कायम किया गया। कटनी जिला कलेक्टर दिलीप कुमार यादव एवं पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन ने राजस्व विभाग के 5 सदस्यों और पुलिस के 10 सदस्यों के सहयोग से वन मंडलाधिकारी कटनी शर्मा के नेतृत्व में 70 वनकर्मियों की ओर से वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। कार्रवाई में 30 से 35 हेक्टेयर वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया।

## मृत व्यक्ति के नाम पर तैयार किए दस्तावेज, बेच दी 50 करोड़ की भूमि

ईओडब्ल्यू ने आरोपियों के खिलाफ दर्ज किया केस

◆ रीवा का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के रीवा में जालसाजों ने मृत व्यक्ति के नाम पर 30 एकड़ जमीन के दस्तावेज तैयार किए। उसमें से 50 करोड़ रुपए कीमत की 5 एकड़ जमीन बेच दी। मामले में आरोपियों के खिलाफ ईओडब्ल्यू ने एफआईआर दर्ज की है। मामले में राजस्व विभाग और पंजीयन विभाग के अफसरों के संलिप्तता की भी जांच की जा रही है।

पूरा मामला यह है कि दिग्विजय सिंह निवासी अयोध्या यूपी के खिलाफ ईओडब्ल्यू रीवा इकाई को एक शिकायती आवेदन प्राप्त हुआ था। उसमें उल्लेख था कि शिवाजी सिंह निवासी रतहरा ग्राम रीवा द्वारा 1972 में 30 एकड़ जमीन खरीदी गई। इस जमीन के पास रीवा सिटी का नया बस स्टैंड है। वर्ष 2014 में जमीन खरीदने वाले शिवाजी सिंह की मृत्यू हो गई। इसके बाद स्थानीय निवासी राजेन्द्र सिंह राज और अन्य लोगों ने मिलकर उनकी जमीन हड़पने का प्लान बनाया। इसी प्लान के तहत दिग्विजय सिंह ने मृत हो चुके शिवाजी सिंह के नाम पर फर्जी दस्तावेज तैयार करवाए और मालिकाना हक प्राप्त कर लिया। इसके बाद उस जमीन को फर्जीवाड़ा के जरिए कई लोगों को बेच दिया। शिकायत की जांच के बाद ईओडब्ल्यू ने आरोपी दिग्विजय सिंह और राजेन्द्र राज सिंह सहित अन्य व्यक्तियों के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है। इस मामले में राजस्व और पंजीयन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की मिलीभगत सामने आने के बाद उनके खिलाफ भी जांच शुरू कर दी गई है।

अनुग्रह सहायता योजना के 27,523 प्रकरणों में 600 करोड़ रुपए की राशि की जाएगी अंतरित

# मुख्यमंत्री कल करेंगे श्रमिक परिवारों को 600 करोड़ रुपए की राशि वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 30 अप्रैल को धार जिले के उमरबन में संबल योजना में अनुग्रह सहायता के 27 हजार 523 प्रकरणों में राशि 600 करोड़ रुपए सिंगल क्लिक से वितरित करेंगे। कार्यक्रम में श्रम व पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल एवं स्थानीय जन प्रतिनिधि, हितग्राही उपस्थित रहेंगे।

मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना, प्रदेश में असंगठित क्षेत्र में कार्यरत लाखों श्रमिकों के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है। इसमें अनुग्रह सहायता योजना के तहत दुघर्टना में मृत्यु होने पर 4 लाख रुपए एवं सामान्य मृत्यु होने पर 2 लाख रुपए प्रदान किए जाते हैं। इसी तरह स्थायी अपंगता पर 2 लाख रुपए एवं आंशिक स्थायी अपंगता पर एक लाख रुपए तथा अंत्येष्टि सहायता के रूप में 5 हजार रुपए प्रदान किए जाते हैं।

धार जिले के उमरबन में होगा राशि वितरण कार्यक्रम

श्रम, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह शामिल होंगे



### महिला श्रमिक को प्रसूति सहायता के रूप में 16 हजार की राशि

संबल योजना में जहां एक ओर महिला श्रमिक को प्रसूति सहायता के रूप में 16 हजार रुपए दिए जाते हैं, तो वहीं दूसरी ओर श्रमिकों के बच्चों को महाविद्यालय शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत उच्च शिक्षा में शिक्षा के लिए सम्पूर्ण शिक्षण शुल्क राज्य सरकार की ओर से वहन किया जाता है। नीति आयोग की पहल पर प्रदेश के गिग एवं प्लेटफार्म वर्कर्स को भी संबल योजना के तहत सम्मिलित किया जाकर इनका पंजीयन शुरू किया गया है। इन्हें भी संबल योजना के तहत समस्त लाभ प्रदान किए जा रहे हैं। संबल हितग्राहियों को खाद्यान्न पात्रता पर्ची भी प्राप्त होती है, जिससे वे केन्द्र तथा राज्य सरकार की ओर से रियायती दरों पर राशन प्राप्त कर रहे हैं।

### लाखों श्रमिकों के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण योजना

संबल योजना प्रदेश में असंगठित क्षेत्र में कार्यरत लाखों श्रमिकों के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है। इसमें श्रमिक को जन्म से लेकर मृत्यु तक आर्थिक सहायता प्राप्त होती है। प्रदेश सरकार की ओर से प्रदेश के लाखों निर्माण श्रमिकों के लिए भी निर्माण मंडल के माध्यम से कई योजनाएं संचालित की जाती हैं। इनमें निर्माण श्रमिकों की मृत्यु होने पर अनुग्रह सहायता तथा स्थायी एवं आंशिक अपंगता पर सहायता भी सम्मिलित है। सभी संबल हितग्राहियों को आयुष्मान भारत निरामयम योजना के तहत पात्र श्रेणी में चिन्हित किया गया है, अब वे भी 5 लाख रुपए वार्षिक निः शुल्क चिकित्सा प्राप्त कर रहे है।

# प्रत्येक संभाग में लगेंगे कृषि मेले, 3 मई को मंदसौर जिले में लगेगा वृहद कृषि मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए मप्र कदम से कदम मिलाकर चल रहा है। मप्र कृषि आधारित प्रदेश है, यहां कृषि विकास दर भी बहुत अच्छी है। इसी के दृष्टिगत औद्योगिक गतिविधियों को प्रोत्साहन के साथ-साथ हम कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने की दिशा में भी आगे बढ़ रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मेले प्रत्येक संभाग में कृषि मेले लगाए जाएंगे। किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से होने वाले यह आयोजन उन्नत कृषि तकनीकों,खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों और कृषि में सौर ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहित करने पर केंद्रित होंगे। आगामी 3 मई को मंदसौर जिले में वृहद कृषि मेला आयोजित किया जाएगा, जिसमें उन्नत कृषि यंत्र, बीजों के प्रकार, आधुनिकतम यंत्र, खेती की उन्नत तकनीकों का प्रदर्शन होगा। किसानों को उनकी आय बढ़ाने के लिए प्राकृतिक खेती, हार्टिक्लचर, फ्लोरीक्लचर अर्थात बागवानी, फलोद्यान जैसी गतिविधियां अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। ऐसे आयोजनों से खाद्य पदार्थों की प्र-संस्करण इकाइयों और कृषि उद्योगों को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी, जिससे किसानों की आय में वृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कृषि अध्ययन के लिए कृषि विश्वविद्यालय के अतिरिक्त, शेष विश्वविद्यालयों में भी कृषि संकाय आरंभ कर विद्यार्थियों के लिए अवसर उपलब्ध कराए हैं। डॉ. यादव ने मीडिया को जारी संदेश में ये विचार व्यक्त किए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की उद्योग एवं रोजगार वर्ष 2025 में होने वाली गतिविधियों की समीक्षा

# कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला स्वावलम्बन पर केंद्रित गतिविधियों का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि उद्योग एवं रोजगार वर्ष 2025 के संकल्प को साकार करने के लिए सभी विभागों और एजेंसियों को समन्वित प्रयास करना होगा। उन्होंने निर्देश दिए कि वर्ष-भर के लिए तैयार किए गए कार्यक्रम कैलेंडर के अनुसार सभी गतिविधियों का कुशलतापूर्वक संचालन सुनिश्चित कर हर माह इनकी प्रगति की गहन समीक्षा करें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रालय में उच्च-स्तरीय बैठक में उद्योग एवं रोजगार वर्ष 2025 में प्रस्तावित कार्यक्रमों और गतिविधियों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव उद्योग राघवेंद्र सिंह, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति रश्मि अरुण शमी, खनिज साधन उमाकांत उमराव, प्रमुख सचिव नवकरणीय ऊर्जा मनु श्रीवास्तव, सचिव तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार रघुराज राजेंद्र सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### आयोजनों की मासिक समीक्षा नियमित रूप से की जाएगी




मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष-भर चलने वाले इन आयोजनों की मासिक समीक्षा नियमित रूप से की जाए। प्रत्येक कार्यक्रम के आयोजन के बाद उसकी उपलब्धियों, चुनौतियों और सुधार के बिंदुओं का विश्लेषण किया जाए, जिससे अगली गतिविधियों में उन्हें समाहित किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में उद्यमिता का माहौल केवल विकसित जिलों तक सीमित न रहे, बल्कि औद्योगिक रूप से पिछड़े अंचलों तक उसकी पहुंच बने, जिससे रोजगार के अवसरों का विकेंद्रीकरण हो और प्रदेश का समग्र विकास सुनिश्चित हो।

### संतुलित और समावेशी औद्योगिक विकास की दिशा में ठोस कदम

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक आयोजन प्रदेश के संतुलित और समावेशी औद्योगिक विकास की दिशा में ठोस कदम साबित हो, ऐसे प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि सेक्टर कॉन्क्लेव जैसे प्रमुख आयोजन उन्हीं स्थलों पर आयोजित किए जाएं, जहां औद्योगिक गतिविधियां स्वाभाविक रूप से संचालित हैं। उन्होंने कहा कि आयोजन केवल जिलों के मुख्यालयों तक सीमित नहीं रहें, बल्कि सुदूर अंचलों और औद्योगिक संभावना वाले क्षेत्रों में भी उनका विस्तार किया जायें, जिससे प्रदेश का हर कोना औद्योगिक उन्नति की धारा से जुड़ें।

### उन क्षेत्रों की ओर भी विशेष ध्यान दें जहां औद्योगिक गतिविधियां धीमी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उन क्षेत्रों की ओर भी विशेष ध्यान दे, जहां औद्योगिक गतिविधियां अपेक्षाकृत धीमी रही हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि इन क्षेत्रों में सेक्टर-केंद्रित आयोजनों और विशेष प्रयासों के माध्यम से औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन की प्रक्रिया को तीव्र गति से किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सक्रिय औद्योगिक क्षेत्रों में उपलब्ध ऊर्जा और संसाधनों का उपयोग करते हुए अन्य क्षेत्रों में भी औद्योगिक वातावरण का विस्तार किया जाए।

### ऊर्जा आय वृद्धि का एक महत्वपूर्ण स्रोत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नवकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को कृषकों के हित में डिजाइन किया जाए, ताकि सौर ऊर्जा उनकी आय में वृद्धि का एक महत्वपूर्ण स्रोत बन सके। उन्होंने निर्देश दिए कि महिला सशक्तिकरण के लिए भी स्व-सहायता समूह की गतिविधियों पर आधारित कार्यक्रम किए जाए, जिससे अधिक से अधिक महिलाएं स्व-सहायता समूह से जुड़कर आत्मनिर्भर बने और प्रदेश के विकास में सहयोगी बन सकें। कृषि से जुड़े प्रत्येक आयोजन में सौर ऊर्जा एवं सौर पम्प के उपयोग को प्रोत्साहित किया जाए तथा कृषकों को इस संबंध में संचालित शासकीय योजनाओं की जानकारी दी जाए।

### उद्योग एवं रोजगार वर्ष में स्टार्ट-अप प्रोत्साहन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उद्योग एवं रोजगार वर्ष में स्टार्ट-अप प्रोत्साहन, एमएसएमई विकास, निर्यात संवर्धन, कौशल उन्नयन, रोजगार मेले, निवेश संवर्धन सम्मेलन जैसे सभी प्रमुख कार्यक्रम निर्धारित वार्षिक कैलेंडर के अनुसार संचालित किए जाएं। रोजगार संवर्धन के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य पर भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि औद्योगिक गतिविधियों का केवल आयोजन ही नहीं, बल्कि उनके ठोस परिणाम सुनिश्चित करना विभागों की जिम्मेदारी होगी। इसके लिए विभागीय समन्वय को बेहतर बनाया जाए।

## कांग्रेस की ग्वालियर रैली को लेकर भाजपा का तीखा हमला

### कांग्रेस बाबा साहेब को ही नकारती रही, वह किस मुंह से अब उनका नाम लेती है:आशीष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने कांग्रेस की रैली को लेकर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाते हुए सोशल मीडिया पर कहा कि जब-जब कांग्रेस खतरे में आती है, तब-तब उसे संविधान की याद आती है। यह कितना हास्यापद है कि जिन्होंने 1975 में एमरजेंसी लगाकर संविधान को ही समाप्त करने का प्रयास किया हो, आज वे संविधान बचाने का ढोंग रच रहे हैं।



मीडिया प्रभारी अग्रवाल ने कहा कि यह 'संविधान बचाओ' नहीं, 'परिवार बचाओ' और 'कांग्रेस बचाओ' रैली है। देश में राहुल गांधी, प्रदेश में जीतू पटवारी को बचाने की रैली है। कांग्रेस की ओर से संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के साथ किया गया अन्याय इतिहास के पन्नों में दर्ज है। जो पार्टी बाबा साहेब को संसद में आने से रोकती रही, उन्हें चुनाव हरवाती रही। जो कांग्रेस उनके स्मारकों को अधूरा छोड़ती रही, उन्हें अपमानित करती रही।

जो पार्टी संविधान बनाने में उनकी भूमिका को नकारती रही, देश और विदेश में बाबा साहेब का दुष्प्रचार करती रही। जो स्वार्थी कांग्रेस अपने हितों के लिए बाबा साहेब के संविधान में बार-बार संशोधन कर उनके विचारों का गला घोंटती रही। जिसने भारत रत्न बाबा साहेब को न दिलवाते हुए खुद को बांट लिए, वह अब संविधान की बात करना छोड़े। उन्होंने यह भी कहा कि सैम पित्रोदा जैसे दरबारी डॉ. आंबेडकर की भूमिका को ही खारिज करते रहे। वो अब संविधान बचाओ की बात कर रहे हैं? यह विडंबना ही है और राजनीतिक नौटंकी है। उन्होंने कहा कि संविधान और बाबा साहेब का विचार भाजपा की सरकारों में सुरक्षित है और बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है, आप संविधान के नाम पर ढोंग रचना बंद करें।

### कांग्रेस ने संविधान के खिलाफ जनभावनाओं को कुचलाः लाल सिंह

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने ग्वालियर में कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस ने आजादी के बाद इतने पाप किए हैं, इतना झूठ बोला है, देश की भावनाओं को बुरी तरह कुचला है और संविधान के इतने विपरीत चली है कि उसकी दुकान ही बंद हो गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र और भाजपा की राज्य सरकारों में संविधान और बाबा साहेब के विचार पूरी तरह सुरक्षित हैं। कांग्रेस अपनी इस बंद दुकान को खोलने के लिए कोई न कोई षडयंत्र, हथकंडेबाजी लगातार कर रही है, उसकी संविधान बचाओ रैली भी इसी का हिस्सा है।



#### संविधान राष्ट्रीय ग्रंथ है

लाल सिंह ने कहा कि एक तरफ संविधान से खेलने वाली कांग्रेस पार्टी है और दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसे नेता हैं, जो यह कहते हैं कि उनके लिए संविधान राष्ट्रीय ग्रंथ है और उनके रहते उसे खरोंच तक नहीं आएगी। गुजरात में अपने कार्यकाल के दौरान नरेंद्र मोदी ने संविधान गौरव अभियान चलाया और देश के प्रधानमंत्री बनने के बाद 2015 में संविधान दिवस मनाने की शुरुआत की। क्या कांग्रेस पार्टी और उसके नेताओं को किसी ने ऐसा करने से रोका था? उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी अगर संविधान की इतनी ही हितैषी थी, तो उसने संविधान दिवस क्यों नहीं मनाया? वास्तव में कांग्रेस पार्टी संविधान के नाम पर झूठ बोलकर देश की जनता को बरगलाना चाहती है, उसे संविधान के सम्मान की कोई परवाह नहीं है।

ओंकारेश्वर में गूंजा अद्वैत और एकात्मता का स्वर

# आचार्य शंकर की गुरुभूमि में एकात्म पर्व का दिव्य शुभारंभ

नर्मदा तट पर एकात्म पर्व का भव्य शुभारंभ

एकात्म धाम प्रकल्प के लिए संकल्पित हैं राज्य सरकार: मंत्री लोधी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में एकात्म धाम प्रकल्प के लिए मध्यप्रदेश सरकार संकल्पित है। आगामी वर्षों में एकात्म धाम का निर्माण कार्य पूर्ण होगा। यह अद्वैत वेदांत संस्थान का संदर्भ केंद्र होगा और अंतिम चरण में शंकर निलायम आवासीय परिसर का निर्माण किया जाएगा। यह बात संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने ओंकारेश्वर में एकात्म पर्व के भव्य शुभारंभ अवसर पर कही। राज्य मंत्री लोधी ने कहा कि पहले चरण में जगतगुरू आदि शंकराचार्य की 108 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित की गई है। दूसरे चरण में जगतगुरू श्री आदि शंकराचार्य के जीवन दर्शन पर आधारित संग्रहालय और अद्वैत लोक का निर्माण कार्य किया जाएगा। तीसरे चरण में अद्वैत वेदांत दर्शन के अध्ययन, शोध एवं विस्तार के लिए आचार्य शंकर अंतर्राष्ट्रीय अद्वैत वेदांत संस्थान की स्थापना की जाएगी। राज्य मंत्री लोधी ने जगतगुरू श्री आदि शंकराचार्य के पावन चरणों में और पुण्यभूमि ओंकारेश्वर को नमन किया।



### शंकरदूत दीक्षा प्रक्रिया पर दिया मार्गदर्शन

स्वामी विवेकानंद पुरी ने कहा कि यह भूमि आद्य शंकराचार्य की गुरु भूमि है, और यहां उनका पुनः प्रतिष्ठित होना अत्यंत गौरव और आनंद का विषय है। संवाद सत्रों के दौरान संतों ने देश-विदेश से आए प्रतिभागियों के जिज्ञासा समाधान के लिए शंकरदूत दीक्षा प्रक्रिया का मार्गदर्शन किया।

### 5 दिन तक चलेगा एकात्म पर्व

ओंकारेश्वर में मां नर्मदा के पवित्र तट पर आज 5 दिवसीय एकात्म पर्व का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक अनुष्ठान और कलश यात्रा से हुई, जो पारंपरिक वाद्य यंत्रों और संकीर्तन के साथ ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग और गुफा मंदिर के दर्शन के लिए पहुंची और फिर अभय घाट पर संपन्न हुई। यात्रा के समापन के बाद मांधाता पर्वत स्थित एकात्म धाम में उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। समग्र दिवस में अनेक संतों का दिव्य संगम रहा, जिनमें स्वामी विवेकानंद पुरी, मां पूर्णप्रज्ञा, स्वामी वेदत्वानंद पुरी, स्वामी योग प्रताप सरस्वती, स्वामिनी सद्विद्यानंद सरस्वती, स्वामी शैलेंद्र सरस्वती प्रमुख रहे।

### ओंकार पर्वत तक की कठिन यात्रा की थी

अद्वैतामृतम सत्र की श्रृंखला में 'ओंकार' विषय पर मां पूर्णप्रज्ञा ने साधकों को संबोधित करते हुए कहा कि दार्शनिक सत्य की प्राप्ति के लिए गुरु की शरण अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से आदि शंकराचार्य ने सुदूर दक्षिण से ओंकार पर्वत तक की कठिन यात्रा की थी। मां पूर्णप्रज्ञा ने आगे बताया कि चित्त की आसक्ति से निवृत्ति के बिना वैराग्य संभव नहीं है। आत्मा प्रत्यक्ष है और ब्रह्म परोक्ष प्रतीत होता है, लेकिन वास्तव में आत्मा ही चैतन्य स्वरूप है। यही अद्वैत वेदांत का सार है। अद्वैत का अर्थ किसी मत का तिरस्कार नहीं, बल्कि वैचारिक मतभेदों का शमन है।

### आचार्य शंकर के जीवन और दर्शन पर विस्तृत प्रकाश डाला

परमार्थ साधक संघ के स्वामी प्रणव चैतन्य पुरी ने अद्वैतामृतम सत्र में आचार्य शंकर के जीवन और दर्शन पर विस्तृत प्रकाश डाला, जिसमें उन्होंने आचार्य शंकर के सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और वैश्विक एकात्मता में योगदान को रेखांकित किया। मार्कंडेय संन्यास आश्रम के स्वामी प्रवानंद सरस्वती ने मार्कंडेय संन्यास परंपरा के ऐतिहासिक संदर्भों पर प्रकाश डाला। एकात्म पर्व के प्रथम दिवस के समापन पर सुप्रसिद्ध स्तोत्र गायिका और प्रशिक्षक माधवी मधुकर झा द्वारा आचार्य शंकर रचित स्तोत्रों का मधुर गायन प्रस्तुत किया गया। उनके स्वर में कल्याण वृष्टि स्तोत्र, लिंगाष्टकम, भज गोविंदम, अर्धनारीश्वर स्तोत्र आदि की प्रस्तुतियां हुईं, जिसने उपस्थित श्रोताओं को भक्ति में सराबोर कर दिया।

# भाजपा सरकार निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतार रही : सोलंकी

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता व सांसद महेन्द्र सिंह सोलंकी ने कहा है कि प्रदेश की भाजपा सरकार प्रदेश के विकास के लिए कृत संकल्पित है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में भाजपा सरकर निवेशकों और जनता से किया हर वादा पूरा कर रही है।



जीआईएस में आईटी क्षेत्र में हुए 99 एमओयू में से 25 प्रतिशत का रविवार को इंदौर में आयोजित 'टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव' में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भूमि-पूजन किया है। यह कॉन्क्लेव मध्यप्रदेश में औद्योगिक यात्रा का एक स्वर्णिम पड़ाव बनेगा। इस उपलब्धियों के लिए मैं मुख्यमंत्री डॉ. यादव का हृदय से आभार प्रकट करता हूं। सोलंकी ने कहा कि किसी भी प्रदेश में निवेश के लिए वहां की सरकार पर निवेशकों का भरोसा और नीतियां महत्वपूर्ण होती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में अभूतपूर्व कार्य हो रहा है। प्रधानमंत्री पर देश और दुनिया के निवेशकों का अटूट विश्वास है। मध्यप्रदेश जनता से किए गए वादों को पूरा कर विकास के पथ पर अग्रसर होने वाला राज्य है। 'टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव' मध्यप्रदेश की तकनीकी-परक औद्योगिक यात्रा का स्वर्णिम पड़ाव है। यह आयोजन मील का पत्थर साबित होगा।

ग्वालियर में संविधान बचाओ रैली को किया संबोधित

# पटवारी ने सिंधिया पर साधा निशाना बोले, चुनी हुई सरकार को गिरा दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ग्वालियर में आयोजित संविधान बचाओ रैली को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पर निशाना साधा। सिंधिया को लेकर कहा कि उन्होंने विधायकों को दल बदलवाकर एक चुनी हुई सरकार को गिरा दिया।



आज वही ज्योतिरादित्य सिंधिया देश में मंत्री बने हुए हैं। उन्हें संविधान ने ही वह पद दिया है। जिस प्रकार संविधान उन्हें मंत्री बनने का अधिकार देता है, उसी प्रकार यही संविधान आपको भी संपत्ति, जमीन और जायदाद पर अधिकार देता है। इसलिए, उस पर मालिकाना हक आपका है। उन्होंने यह भी कहा कि संविधान ने यह अधिकार भी ज्योतिरादित्य सिंधिया को दिया कि राजमाता सिंधिया, जो उस समय विपक्ष की नेता थीं, उन्होंने जीवाजी कॉलेज में अपनी जमीन दान की। उन्होंने माधव कन्या विद्यालय को भी अपनी जमीन दान में दी थी। लेकिन आज, उसी संविधान की ताकत के बल पर ज्योतिरादित्य सिंधिया मोतीमहल की जमीन को अपने अधिकार में लेना चाहते हैं। यह ताकत भी उन्हें संविधान ने ही दी है। रैली से पहले प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने कहा कि कांग्रेस ने देश को आजादी दिलाई, संविधान बनाने में भूमिका निभाई, इसलिए उसकी रक्षा करना भी कांग्रेस की जिम्मेदारी है। पटवारी ने कहा कि आज जब संविधान पर हमले हो रहे हैं, तो राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में कांग्रेस इसका सबसे बड़ा संघर्ष कर रही है। देश में गरीबों, दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों पर अत्याचार हो रहा है, जो साफ संकेत है कि संविधान खतरे में है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस द्वारा 25 से 30 अप्रैल के बीच पूरे देश में संविधान बचाओ रैलियों का आयोजन किया जा रहा है।

साउथ जोन में ऊर्जीकृत हुआ 50 एमवीए क्षमता का अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर

शहर के लगभग 50 हजार उपभोक्ताओं को लगातार बिजली आपूर्ति हो सकेगी

# एमपी ट्रांसको ने सुदृढ़ की इंदौर शहर की विद्युत पारेषण व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमपी ट्रांसको (मप्र पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी) ने इंदौर शहर में गर्मी के मौसम में बढ़ने वाली विद्युत मांग को ध्यान में रखते हुए अपने 220 केवी सब-स्टेशन साउथ जोन में 50 एमवीए का अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित कर उसे ऊर्जीकृत किया है।

ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने बताया कि इस ट्रांसफार्मर को स्थापित करने की अनुमानित लागत 315 लाख रुपए है। यह कदम इंदौर में गर्मी के दौरान विद्युत आपूर्ति को अधिक सुदृढ़ और विश्वसनीय बनाने की दिशा में उठाया गया है। इस अतिरिक्त व्यवस्था से इंदौर शहर के लगभग 50 हजार विद्युत उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण और सतत बिजली आपूर्ति संभव हो सकेगी।



### इंदौर में इन क्षेत्रों को मिलेगा फायदा

ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकृत होने से 220 केवी सब-स्टेशन साउथ जोन की कुल क्षमता बढ़कर 906 एमवीए की हो गई है। यह प्रदेश में इंदौर क्षेत्र के पीथमपुर सब-स्टेशन के साथ ऐसा दूसरा सब-स्टेशन है जहां 132/33 केवी क्षमता के 5 पॉवर ट्रांसफार्मर क्रियाशील है। एमपी ट्रांसको की इस नई व्यवस्था से इंदौर के राजेन्द्र नगर, नवलखा, डेली कॉलेज, पीथमपुर, पागनीस पागा, राउ, सब्जी मंडी क्षेत्रों को लाभ होगा।

### एमपी ट्रांसको की ट्रांसफार्मेशन कैपेसिटी हुई 82011 एमवीए

मप्र में एमपी ट्रांसको (मध्य प्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी) अपने 417 सब स्टेशनों के माध्यम से विद्युत पारेषण करती है। इस क्षमता वृद्धि से मप्र पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी की कुल ट्रांसफार्मेशन क्षमता बढ़कर 82011 एमवीए की हो गई है। इसमें 132 केवी में 36541 एमवीए., 220 केवी में 33590 एमवीए एवं 400 केवी में 11880 एमवीए क्षमता शामिल है। प्रदेश में एमपी ट्रांसको (मप्र पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी) के कुल 1029 पॉवर ट्रांसफार्मर क्रियाशील हैं।

### इंदौर शहर की ट्रांसफारमेशन कैपेसिटी में बढ़ोतरी

पॉवर ट्रांसफार्मर के स्थापना के बाद इंदौर शहर की कुल ट्रांसफार्मेशन कैपेसिटी में भी बढोतरी हुई है, जो अब बढ़कर 3336 एमवीए की हो गई है। इंदौर शहर में एमपी ट्रांसको (मप्र पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी) अपने 400 केवी के एक सब-स्टेशन इंदौर, 220 केवी के तीन सब-स्टेशन साउथ जोन इंदौर, इंदौर ईस्ट बिचौली, मांगलिया तथा 132 केवी के आठ सब स्टेशन सत्यसांई, इलेक्ट्रिनिक्स कॉम्पलेक्स, निरंजनपुर, राउखेड़ी, महालक्ष्मी नगर जीआईएस, इंदौर पश्चिम, (नवदापंथ) तथा राऊ एकस्ट्रा हाईटेंशन सब-स्टेशनों के माध्यम से विद्युत पारेषण करती है। इनकी कुल क्षमता 3336 एमवीए की है।


## खबर संक्षेप

### डीसीबी बैंक के लाभ में 14 प्रतिशत की वृद्धि



**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के ऋणदाता डीसीबी बैंक का मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 14 प्रतिशत बढ़कर 177 करोड़ रुपये हो गया। समान अवधि में 155.68 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। 2024-25 की मार्च तिमाही में इसकी कुल आय सालाना आधार पर 1,581 करोड़ रुपये से बढ़कर 1,961 करोड़ रुपये हो गई।

### टीवीएस मोटर का लाभ 69 फीसदी बढ़कर 698 करोड़



**नई दिल्ली।** टीवीएस मोटर कंपनी का जनवरी-मार्च 2025 तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 69 प्रतिशत बढ़कर 698 करोड़ रुपये हो गया। मुख्य रूप से बिक्री बढ़ने से कंपनी का लाभ बढ़ा है। कंपनी का शुद्ध लाभ जनवरी-मार्च 2024 में 412 करोड़ रुपये रहा था। कुल आय बढ़कर 11,474 करोड़ रुपये हो गई, जबकि पिछले वर्ष इसी तिमाही में यह 9,899 करोड़ रुपए थी।

### श्रीराम फाइनेंस के मुनाफे में 10 फीसदी का इजाफा




**मुंबई।** गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी श्रीराम फाइनेंस का शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की जनवरी-मार्च तिमाही में 9.95 प्रतिशत बढ़कर 2,139 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने 2023-24 की समान तिमाही में 1,946 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। 2024-25 में उसका शुद्ध लाभ 35 प्रतिशत बढ़कर 9,761 करोड़ रुपये हो गया, जो 2023-24 में 7,190 करोड़ रुपए था।

### आईडीबीआई बैंक का लाभ 26 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** आईडीबीआई बैंक का वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 26 प्रतिशत बढ़कर 2,051 करोड़ रुपये रहा। बैंक का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में शुद्ध लाभ 1,628 करोड़ रुपये रहा था। कुल आय बढ़कर 9,035 करोड़ रुपये हो गई।

### रिलायंस रिटेल का त्वरित वाणिज्य क्षेत्र में विस्तार



**नई दिल्ली।** खुदरा कारोबार करने वाली देश की अग्रणी रिलायंस रिटेल अपने कवरेज क्षेत्र का विस्तार करने के लिए 'डार्क स्टोर' खोलने की योजना के साथ इसे काफी हद तक बढ़ा रही है। रिलायंस रिटेल ने मार्च तिमाही में अपने त्वरित वाणिज्य/स्थानीय स्तर पर आपूर्ति से ऑर्डर की संख्या में 2.4 गुना वृद्धि देखी।

# रेस्तरां को बताना होगा, व्यंजन में बिना दूध के पनीर का इस्तेमाल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

होटल और रेस्तरां को जल्द ही यह बताना पड़ सकता है कि वे ग्राहकों को परोसे जाने वाले किन व्यंजनों में दूध से बने पनीर की जगह गैर-डेयरी उत्पादों से तैयार पनीर का उपयोग करते हैं। उपभोक्ता मामलों का मंत्रालय इस संबंध में दिशानिर्देश जारी करने पर विचार कर रहा है।

■ एफएसएसएआई ने उपभोक्ताओं को धोखा देने से रोकने नियम अनिवार्य किया

एक शीर्ष सरकारी अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने उपभोक्ताओं को धोखा देने से रोकने के लिए पनीर बनाने वालों के लिए एनालॉग पनीर को 'गैर-डेयरी' के रूप में लेबल करना पहले ही अनिवार्य कर दिया है।

**उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने जारी किया दिशानिर्देश**

#### पनीर के नाम पर नकली पनीर न बेचे

खरे ने कहा कि प्रतिष्ठानों को ग्राहकों को स्पष्ट रूप से बताना चाहिए कि व्यंजनों में पारंपरिक पनीर है या गैर-डेयरी उत्पादों से बना पनी (एनालॉग) पनीर है और उसी के अनुसार उनकी कीमत तय करनी चाहिए। उन्होंने कहा, ''पारंपरिक पनीर के नाम पर वनस्पति तेल जैसे गैर-डेयरी उत्पादों से बना पनीर नहीं बेचना चाहिए।'



#### एनालॉग पनीर अधिक लोकप्रिय

गैर-डेयरी उत्पादों से बना पनीर काफी लोकप्रिय हुआ है, क्योंकि इसकी कीमत दूध से बने पनीर से लगभग आधी है, जबकि इसका स्वाद और बनावट समान है। पारंपरिक पनीर नींबू के रस या सिरके जैसे एसिड को ताजा दूध में डालकर बनाया जाता है, जबकि एनालॉग पनीर आमतौर पर इमल्सिफायर, स्टार्च और वनस्पति तेल से बनता है।

#### नियम रेस्तरां में तैयार भोजन पर लागू नहीं होते

ये नियम वर्तमान में रेस्तरां में परोसे जाने वाले तैयार भोजन पर लागू नहीं होते हैं। एफएसएसएआई के नियमों के अनुसार, एनालॉग पनीर एक ऐसा उत्पाद है जिसमें दूध के घटकों को या तो पूरी तरह या आंशिक रूप से गैर-डेयरी सामग्री से बदल दिया जाता है, हालांकि, अंतिम उत्पाद पारंपरिक डेयरी आधारित पनीर की तरह ही लगता है।

*एनालॉग पनीर सस्ता है : उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने बताया, ''एनालॉग पनीर दिखने और स्वाद में पारंपरिक पनीर जैसा होता है, लेकिन यह पनीर नहीं है। एनालॉग पनीर सस्ता है। होटल और रेस्तरां उपभोक्ताओं को इसके बारे में क्यों नहीं बताते हैं।'*

## रिलायंस एवं निजी बैंकों के शेयरों में तेज उछाल

# शेयर बाजार में तूफानी तेजी, सेंसेक्स 1000 अंक से ज्यादा उछला, निफ्टी 24,300 के पार

एजेंसी ▸▸ मुंबई

विश्लेषकों के मुताबिक, पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच पैदा हुआ तनाव भी बाजार की सकारात्मक धारणा पर कोई असर नहीं डाल पाया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,005.84 अंक उछलकर 80,218.37 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 289.15 अंक बढ़कर 24,328.50 पर बंद हुआ।

विदेशी संस्थागत निवेशकों ने की जम कर खरीदी | दो दिनों की गिरावट से बाजार उबरने में सफल रहा | भारत व पाक का तनाव बाजार की धारणा पर प्रभाव नहीं डाल पाया

*रिलायंस इंडस्ट्रीज एवं निजी बैंकों के शेयरों में तेज उछाल और विदेशी संस्थागत निवेशकों की लिवाली से सोमवार को स्थानीय शेयर बाजार दो दिनों की गिरावट से उबरने में सफल रहे। मानक सूचकांक सेंसेक्स में 1,006 अंक और निफ्टी में 289 अंकों की जोरदार तेजी दर्ज की गई।*

#### रिलायंस में 5.27 फीसदी की जोरदार तेजी

सेंसेक्स के समूह में शामिल 23 कंपनियां बढ़त के साथ बंद हुईं। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) को छोड़कर बाकी सभी प्रमुख क्षेत्रों ने इस तेजी में शिरकत की। बाजार पूंजीकरण के लिहाज से देश की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज 5.27 प्रतिशत की जोरदार बढ़त के साथ सेंसेक्स शेयरों में सबसे अधिक लाभ में रही।

#### अधिग्रहण की खबर से महिंद्रा में तेजी

इसके अलावा महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर में भी 2.29 प्रतिशत की तेजी देखी गई। एसएमएल इसुजु का 555 करोड़ रुपये में अधिग्रहण करने की घोषणा से महिंद्रा के शेयरों में लिवाली का जोर रहा जबकि एसएमएल इसुजु लिमिटेड के शेयरों में 10 प्रतिशत की गिरावट आई।

#### रिलायंस के नतीजों से बदली धारणा

जियोजित इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /''घरेलू बाजार ने पिछले सप्ताह के आखिरी दो दिनों में हुए नुकसान की भरपाई कर ली है, जो सीमा पर तनाव के कारण हुआ था। एफआईआई की ओर से लगातार खरीदारी और रिलायंस के बेहतर नतीजों ने भी निवेशकों की धारणा को बढ़ावा दिया।



#### एफआईआई ने किया जमकर निवेश

शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 2,952.33 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध खरीदारी की थी। विदेशी निवेशकों ने पिछले सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों में 17,425 करोड़ रुपये का निवेश किया। अनुकूल वैश्विक संकेतों और मजबूत घरेलू वृहद-आर्थिक आंकड़ों के साथ एफआईआई का निवेश बढ़ा है।

## तलवंडी साबो पावर ने की बायोमास इकाई स्थापित

**नई दिल्ली।** वेदांता पावर की इकाई तलवंडी साबो पावर लिमिटेड ने पंजाब के मानसा में 500 टन प्रतिदिन की बायोमास विनिर्माण इकाई स्थापित की है। नव विकसित बायोमास संयंत्र में धीरे-धीरे उत्पादन बढ़ाया जाएगा, ताकि तलवंडी साबो पावर लिमिटेड (टीएसपीएल) को बढ़ती मात्रा में स्थिर आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। 500 टन प्रतिदिन की क्षमता वाला नया बायोमास संयंत्र



कृषि पराली को प्रदूषण किए बिना जलाकर कार्बन तटस्थ 'बायो-पेलेट्स' में बदलेगा, जो कोयले का एक स्थायी विकल्प है।

LAXMIPATI GROUP OF INSTITUTIONS, BHOPAL
जिला रोजगार कार्यालय भोपाल (म.प्र.)
संभागीय आईटीआई भोपाल, एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र
ORGANIZE
YUVA SANGAM - MEGA OPEN JOB FAIR
Friday | 2nd May, 2025
Venue : Laxmipati Group of Institutions, Bhopal
Registration QR Code
OUR SPONSORS
LAXMIPATI GROUP OF INSTITUTIONS
Email:- laxmipatitpo@gmail.com
SBI Life, ICICI Bank, AXIS BANK, NIIT, ESAF, Justdial, LIC, HDFC BANK, airtel Payments Bank, SUTHERLAND, TECHNOTASK, Four Seasons, AXIS MAX Life Insurance, PlanetSpark, QUESS, Edelweiss, HLBS, HR Wiz, Vardhman, APT, Corporate Steps, HEXAWARE, SIDDHATM TECHNOLOGIES, MPOnline Limited, TALLY XCELERATOR and many more...
Helplines
8989545727 | 8109016710 | 789827418 | 8109016706 | 8109016717
laxmipati_ist@yahoo.com | laxmipatigroupofinstitutions | laxmipatigroupofinstitutions
Laxmipati Group of Institutions | LaxmipatiGroupsOfInstitutions | GroupLaxmipati | Laxmipatigroup.org
G-12135/25

*5 किलो चावल + 3 लीटर तेल सिर्फ रु. 799 में*

## भारत- स्मार्ट बाजार की 'फुल पैसा वसूल सेल' शुरू

एजेंसी ▸▸ मुंबई

तैयार हो जाइए, भारत- स्मार्ट बाज़ार की फुल पैसा वसूल सेल आ गई है। स्मार्ट बाजार की सबसे प्रतीक्षित सेल वापस आ गई है और यह पहले से कहीं ज्यादा बड़ी, बोल्ड और बेहतर है। स्मार्ट बाजार फुल पैसा वसूल सेल 30 अप्रैल से 4 मई तक देशभर के स्टोर्स पर उपलब्ध है। किराने के सामान, फैशन, होमकेयर, अप्लायंस और बहुत कुछ। खरीदारी के लिए तैयार हो जाइए जो अधिकतम बचत और पूर्ण संतुष्टि का वादा करती है। तो, अपने कैलेंडर पर निशान लगाएं, अपनी शॉपिंग लिस्ट लेकर आएं, हमारा नारा, फुल पैसा वसूल करेगा इंडिया सारा। रिलायंस रिटेल के सीईओ दामोदर मॉल- वैल्यू फॉर्मेट ने कहा, हम सभी को सेल इवेंट पसंद हैं और स्मार्ट बाज़ार की फुल पैसा वसूल सेल हर किसी के शॉपिंग कैलेंडर पर सबसे बड़ी सेल में से एक है। इस साल, हमारे अनुभवी खरीदारों को पाँच अविस्मरणीय दिनों में कुछ अविश्वसनीय रूप से बड़े ऑफर मिलेंगे। बड़ी बचत और अपने चेहरे पर मुस्कान लेकर जाए।




#### यहां कुछ ऐसे डील्स की झलक दी गई है जो चौंका देंगे

5 किलो चावल + 3 लीटर तेल सिर्फ रु. 799, बादाम 500 ग्राम- रु.419, काजू 500 ग्राम रु. 439 और बिस्किट-2 खरीदें, 1 मुफ्त पाएं। डिटर्जेंट- कम से कम रु. 250 की छूट, बेडशीट में 70 प्रतिशत की छूट, एरिस्टोक्रेट 2 पीस हार्ड ट्रॉली + डफल बैग- रु.3999 में उपलब्ध रहेगा। जबकि फैशन- रु. 399 से कम में 2000+ स्टाइल। चाहे जरूरी सामान खरीदना हो या अपने वॉर्डरोब और घर को चमकाना हो- स्मार्ट बाजार आपकी बचत के लिए वन-स्टॉप शॉप है जो पीछे नहीं हटती।

**कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल**

क्र. 399/राजस्व/भोविप्रा/2025 भोपाल दिनांक 21/04/2025

**// आम सूचना //**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है, कि प्रकोष्ठ क्रमांक–बी 12. योजना– सोनिया गांधी परिसर, श्री दौलतराम जाजावरा आत्मज स्वर्गीय श्री एस. एल. जाजावरा के नाम पर भोपाल विकास प्राधिकरण द्वारा आवंटित किया गया था। जिसकी लीजडीड दिनांक 29.03.2015 को निष्पादित की गई थी। वर्तमान में उक्त प्रकोष्ठ क्रमांक–बी12, सोनिया गांधी परिसर, श्री सुशील कुमार गुप्ता आत्मज स्वर्गीय श्री आर. आर. गुप्ता के नाम पर आवंटित /अंकित है। आवंटी श्री सुशील कुमार गुप्ता आत्मज स्वर्गीय श्री आर.आर. गुप्ता का स्वर्गवास दिनांक 24.09.2024 को हो जाने पर उनके वारिशगण श्रीमती शैलेष गुप्ता, श्रीमती स्वाती गोयल, श्रीमती शाव्या जैन पत्नि पुत्री स्वर्गीय श्री सुशील कुमार गुप्ता द्वारा प्रकोष्ठ का नामांतरण चाहा गया है। अत: उक्त के संबंध में किसी व्यक्ति /संस्था को कोई आपत्ति हो तो प्रमाण–पत्र के साथ 07 दिवस में इस कार्यालय को प्रस्तुत करें। उक्त निर्धारित समयावधि के उपरान्त कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी ।

राजस्व अधिकारी
भोपाल विकास प्राधिकरण,
भोपाल

**न्यायालय तहसीलदार वृत्त-3 तहसील-हुजूर जिला भोपाल**

प्रकरण क्रमांक–10114/अ–6/2024–2025
मौजा–समसगढ़ तहसील हुजूर, भोपाल

**उद्घोषणा पत्र**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका 01 श्रीमती नीता शर्मा आत्मज श्री ललित शर्मा दोनों निवासी मकान न. 212 नेहरू नगर भोपाल ने द्वारा म.प्र.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दस्तावेज क्रमांक 3288/5 दिनांक 4.02.2014 के आधार पर क्रय की गई भूमि खसरा क्रमांक 15, 16/1/1 कुल रकबा में से 0.530 हे. 0.0810 हे. में से 8832/13400 भाग अर्थातम 0.8832 हे. भूमि ग्राम समसगढ़ प.ह.न., तहसील हूजूर जिला भोपाल का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम स्वीकृत किए जाने का अनुरोध किया गया है।

2-उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 14.05.2025 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 28.04.2025 को जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**तहसील-हुजूर भोपाल**

**कार्यालय नगर पालिका निगम, देवास (म.प्र.)**

क्रमांक 35/ विद्युत/2025 देवास, दिनांक 21/04/2025

**// निविदा आमंत्रण सूचना//**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेन्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2025_UAD_417890_1 21/04/2025 | पथ - प्रकाश व्यवस्था संधारण हेतु आवश्यक विद्युत सामग्री क्रय करने हेतु एजेंसी इम्पेनलमेंट किये जाने के संबंध में। | 1.वित्तीय वर्ष 2025-26 2. रू.1,50,00,000.00 | 1. 12,500.00 2.4,50,000.00 | 13/05/2025 06:00 PM |

नोटः–निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम
देवास (म.प्र)

**इंडियन बैंक Indian Bank** इलाहाबाद ALLAHABAD

**इंडियन बैंक**
कैम्पियन स्कूल शाखा, भोपाल

**ई-नीलामी विक्रय सूचना**

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) का परन्तुक देखें ]

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित ऋणियों / बंधककर्ताओं एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **इंडियन बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा **इंडियन बैंक** के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का **सांकेतिक कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय निम्न वर्णित दिनांक को **इंडियन बैंक, कैम्पियन स्कूल शाखा (सुरक्षित लेनदार)** के निम्न वर्णित बकाया राशि को ऋणियों / बंधककर्ताओं एवं जमानतदारों से वसूल करने हेतु ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर किया जा रहा है।

| शाखा/ऋणी/ जमानतदार/ बंधककर्ता का नाम | चल/अचल संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक / बकाया राशि | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|
| ऋणी: **मेसर्स संजय श्रीवास्तव** प्रोपराइटर- श्री संजय श्रीवास्तव पुत्र श्री शिव कुमार श्रीवास्तव बंधककर्ता : श्रीमती तृप्ति श्रीवास्तव पत्नि श्री संजय श्रीवास्तव | (Property ID : IDIB50126031897) संपत्ति का समस्त भू भाग मकान स्थित रिहायशी प्लाट नं. 14, खसरा नं. 331/1 एवं 367, समृद्धि परिसर, ग्राम- नयापुरा, कोलार रोड, वार्ड नं. 83, तहसील हुजूर, जिला-भोपाल-462042 संपत्ति क्षेत्रफल- 74.35 वर्गमीटर संपत्ति मालिक-श्रीमती तृप्ति श्रीवास्तव चर्तुसीमाएं- पूर्व- कैम्पस रोड, पश्चिम- रोड, उत्तर- प्लाट नं. 13, दक्षिण- रोड | 12/04/2024 / 20/06/2024 / दिनांक 25.04.2025 को ₹ 25,32,071/- दिनांक 26.04.2025 से ब्याज एवं अन्य खर्चे | ₹ 34,36,000/- / ₹ 3,43,600/- / ₹ 10,000/- |

Bank Website : www.indianbank.in | E-auction website | Property ID : IDIB50126031897

सम्पर्क : श्री प्रवाकर साहू, प्राधिकृत अधिकारी, 8780783580

ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 27/05/2025, को सुबह 11.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक
ई-नीलामी प्लेटफार्म : http://BAANKNET.com पर संपन्न होगी।

निविदाकर्ता को सूचित किया जाता है वे ऑनलाइन नीलामी में भाग लेने हेतु हमारे ई-नीलामी सर्विस प्रदाता PSB alliance Pvt. Ltd., की वेबसाइट http://BAANKNET.com देखें। तकनीकी सहायता हेतु कृपया सम्पर्क करें 8291220220, email ID: support.ebkray@psballiance.com. इच्छुक निविदाकर्ता / क्रेता ई-नीलामी प्रक्रिया में ई-नीलामी सर्विस प्रदाता की वेबसाइट http://BAANKNET.com द्वारा भाग ले सकते हैं।
ई-नीलामी के इच्छुक भागीदार http://BAANKNET.com से विक्रय सूचना, ई-नीलामी की नियम एवं शर्ते नीलामी पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न ई-नीलामी के परिचालन भाग पर उपयोगकर्ता मेनुअल की प्रतियाँ निःशुल्क डाउनलोड कर सकते हैं।
निविदाकर्ताओं से निवेदन किया जाता है संपत्ति के बारे में जानकारी हेतु प्रोपर्टी आईडी नं. से वेबसाइट http://BAANKNET.com देखें।
दिनांक : 28.04.2025, स्थानः भोपाल प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक

**ई-नीलामी सूचना**

**ऋण वसूली अधिकरण**

भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएँ विभाग (बैंकिंग प्रभाग) 797- द्वितीय तल शांति कुंज, जबलपुर- (म.प्र.) 482 001

**Case No. RC 338/2016 / ओ.ए. नं. 210/2014**

**ई-नीलामी क्रमांक 115/2025**

**BANK OF BARODA वि. M/s BHANU TRADERS एवं अन्य** में पारित वसूली प्रमाण पत्र क्रमांक **RC No. RC 338/2016 / O.A. No. 210/2014** में जारी राशि की वसूली हेतु प्रमाण पत्र **Rs. 66,50,132.00 (Rupees Sixty Six Lakh Fifty Thousand One Hundred Thirty Two only)** तथा उस पर 12.00 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से **06-08-2014** से ब्याज एवं की वसूली हेतु निम्नलिखित संपत्ति ऑन लाइन ई-नीलामी प्रक्रिया तहत वेबसाइट **https://www.bankeauctions.com** के माध्यम से की जायेगी।

**ई-नीलामी की तिथि एवं समय : 06-06-2025 दोपहर 12.00 बजे से 1.00**

**संपत्ति की अनुसूची**

**Diverted Khasra No.137/k (137/ka), P.H. No. 24, area 0.242 Hectare Or 2420 sq. mt. Or 60 decimal situated at Nagar Panchayat Berasia, Tehsil and Block Berasia, District Bhopal (M.P.); property jointly in the name of Mr. Mohammad Rahil Mommin s/o Kazi Habib Ahmed and Smt. Azara Khatoon w/o Shri Mohd. Shahil.**

**प्रारक्षित मूल्य : रुपए 78,50,000.00 (Rupees Seventy Eight Lakhs Fifty Thousand only)**

**विक्रय की शर्ते**

1. इच्छुक निविदाकर्ता वैध डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र धारक होना चाहिये । अधिक विवरण हेतु **M/s C-1 India Pvt. Ltd., Website : https://www.bankeauctions.com, helpline No. 0124-4302020/21/22/23/24, for help a bidder in e-auction contact to Mr. Mithalesh Kumar on Mob. No.: 7080804466, E-mail ID: mpcg@c1india.com or E-mail ID: support@bankeauctions.com**
2. इच्छुक निविदाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि निविदा जमा करने के पूर्व वेबसाईट **https://www.bankeauctions.com** पर उपलब्ध नीलामी बिड प्रपत्र तथा विस्तृत नियमों व शर्तो का अवलोकन कर लें।
3. बिड केवल ऑन-लाईन माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में पहचान पत्र की प्रति साथ में संलग्न कर जमा करनी होगी। (विस्तृत नियम व शर्तो का संदर्भ लें)।
4. अग्रिम जमा धरोहर राशि (ईएमडी) हेतु प्रारक्षित मूल्य की 10% राशि जो **रुपए Rs. 7,85,000.00 (Rupees Seven Lakh Eighty Five Thousand only)** है, RTGS/NEFT/Money Transfer द्वारा **वसूली अधिकारी, ई-नीलामी खाता, ऋण वसूली अधिकारी जबलपुर के नाम से धारित** Account no. **20020210000380** in the name of **Recovery Officer, E-auction account, DRT Jabalpur with UCO BANK, NAVYUG COLLEGE BRANCH, JABALPUR. (IFSC Code:UCBA0002002)** में आवश्यक रूप से जमा करनी होगी तथा उक्त राशि का प्रेषण बिड प्रपत्र में सुस्पष्ट रूप से उल्लेखित करना होगा।
5. निविदा ऑन लाईन माध्यम से दिनांक **04-06-2025** अथवा इसके पूर्व 17.00 बजे तक जमा करनी होगी।
6. ऑन-लाईन माध्यम से जमा बिड प्रपत्र तथा अनुलग्नकों की प्रति वसूली अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण, 797 द्वितीय तल, शांति कुंज, जबलपुर को प्रेषित करनी होगी, तथा शीघ्र अतिशीघ्र भेजने के लिए सर्विस प्रोवाइडर को सूचित किया जाता है और वह सभी नीलामी के खरीददारों की सूची एवं अन्य दस्तावेज उपलब्ध करायें।
7. ऑन लाईन नीलामी बोली, प्राप्त बिड में से अधिकतम बोली से प्रारंभ होगी तथा प्रत्येक बिड की वृद्धि राशि न्यूनतम **रुपए 80,000/-**(Rs. Eighty Thousand only) रुपये होगी। ऑन लाईन बिड में समय समाप्त के पूर्व बिड डालने पर सिस्टम द्वारा अपने आप 5 मिनिट का समय बढ़ता जायेगा।
8. असफल बोलीकर्ताओं की अग्रिम धरोहर राशि (ईएमडी) वसूली अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण, जबलपुर द्वारा उसी खाते में वापिस की जायेगी, जिससे कि उसका भुगतान हुआ है तथा इस संबंध में कोई भी पूछताछ स्वीकार्य नहीं होगी। इच्छुक निविदाकर्ता द्वारा अग्रिम धरोहर राशि (ईएमडी) जमा किये जाने के पश्चात् वे जब तक असफल बोलीकर्ता घोषित नहीं किये जाते तब तक ईएमडी राशि वापिस नहीं ले सकते, अन्यथा राशि जब्त कर ली जावेगी।
9. सफल बोलीकर्ता को विक्रय उसके पक्ष में घोषित किये जाने की स्थिति में, 25 प्रतिशत बोली राशि (ईएमडी राशि को समायोजित करते हुए) अगले दिन RTGS/NEFT/Money Transfer के द्वारा कंडिका 4 में उल्लेखित खाते में जमा करनी होगी।
10. सफल बोलीकर्ता को विक्रय मूल्य की शेष 75 प्रतिशत राशि एवं विक्रय मूल्य का 1 प्रतिशत पोन्डेज शुल्क तथा रु. 10 (प्रति संपत्ति अलग-अलग) सहित नीलामी के 15 दिन के अंदर या यदि 15 वा. दिन रविवार अथवा अन्य अवकाश हो तो, 15वे दिन के पश्चात प्रथम कार्यालयीन दिवस को उपरोक्त उल्लेखित क्र. 4 में दर्शित खाते में समयावधि में भुगतान करना होगा। भुगतान में चूक करने पर संपत्ति की नई विक्रय उद्घोषणा जारी करने के पश्चात पुनः विक्रय की जायेगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा उक्त राशि शासन के पक्ष में जप्त कर ली जायेगी तथा तत्पश्चात विक्रय होने वाली संपत्ति अथवा राशि के किसी अंश पर चूककर्ता बोलीकर्ता के समस्त दावे समपहृत होंगे।
11. **संपत्ति ''जहाँ है, जैसी है तथा बिना किसी शिकायत'' के आधार** पर विक्रय की जावेगी।
12. संपत्ति का निरीक्षण दिनांक **26-05-2025** को **प्रातः 12 बजे से** 16 बजे तक किया जा सकेगा।
13. संपत्ति प्रारक्षित मूल्य से कम मूल्य पर विक्रय नहीं की जावेगी।
14. वसूली अधिकारी को किसी बोली को स्वीकृत या अस्वीकृत करने या बिना कोई कारण बताये नीलामी को आगे बढ़ाने/स्थगित करने का निर्बाध अधिकार होगा।
15. इच्छुक निविदाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे **Ms. Sushma Krishnadasan, Chief Manager, Mob. No. 7247770078** में उपलब्ध संपत्ति के स्वत्वाधिकार विलेख का निरीक्षण कर ले तथा संपत्ति की पहचान एवं विवरणी सही होने तथा प्रभारों आदि की पड़ताल कर ले। इस संबंध में वसूली अधिकारी किसी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा। संपत्ति का विवरण बैंक द्वारा प्रदत्त दस्तावेज पर आधारित है।
16. ई-नीलामी के संबंध में विवरण **M/s C-1 India Pvt. Ltd., Website : https://www.bankeauctions.com, helpline No. 0124-4302020/21/22/23/24, for help a bidder in e-auction contact to Mr. Mithalesh Kumar on Mob. No. : 7080804466, E-mail ID: mpcg@c1india.com or E-mail ID: support@bankeauctions.com**
17. संपत्ति से संबंधित अधिक जानकारी **Ms. Sushma Krishnadasan, Chief Manager, Mob. No. 7247770078** से प्राप्त किया जा सकता है।
18. इच्छुक निविदाकर्ता ई-नीलामी प्रक्रिया में अपने स्वयं के कार्यालय/स्वेच्छा के स्थान से बोली हेतु सम्मिलित हो सकते है। प्रत्येक निविदाकर्ता द्वारा इंटरनेट कनेक्टिविटी स्वयं सुनिश्चित करनी होगी। डी.आर.टी./बैंक/सेवा प्रदाता किसी भी प्रकार से इंटरनेट कनेक्टिविटी, नेटवर्क समस्या, तंत्र विच्छेप, विद्युत व्यवधान आदि के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

स्थान : जबलपुर,
दिनांक 21.04.2025

(प्रीती देसाई)
वसूली अधिकारी

चिंतन

# राफेल मरीन से समंदर में मजबूत होगा भारत

भारत अपनी सैन्य ताकत में लगातार इजाफा कर रहा है। इसी कड़ी में फ्रांस के साथ राफेल मरीन फाइटर जेट की डील काफी महत्वपूर्ण है। भारत फ्रांस से 63 हजार करोड़ रुपये में 26 राफेल मरीन विमान खरीदेगा। इन विमानों की तैनाती आईएनएस विक्रांत पर होगी। अभी मिग-29 तैनात है। मिग-29 की अपेक्षा राफेल मरीन काफी उन्नत और प्रभावी है। राफेल मरीन की एडवांस रडार टेक्नोलॉजी, ज्यादा हथियार ले जाने की क्षमता, बेहतर सेंसर इसे मिग-29 विमान से बेहतर बनाते हैं। भारत की नौसेन्य जरूरतों को राफेल मरीन पूरा करेगा। तीन वर्ष बाद इसकी आपूर्ति शुरू होगी और वर्ष 2030 तक सभी विमान मिल जाएंगे। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान बढ़े तनाव के बीच हुई इस डील का सीधा संदेश है कि भारत सेना व वायुसेना के साथ अपने नौसेना को भी मजबूत कर रही है। भारत के पास आईएनएस विक्रमादित्य व आईएनस विक्रांत दो युद्धपोत हैं, जबकि पाकिस्तान के पास ऐसा कोई युद्धपोत नहीं है। हाल के वर्षों में परमाणु पनडुब्बी से समेत कई पनडुब्बियां भारत ने अपने नौसैन्य बेड़े में शामिल की हैं। इस वक्त भारत हिंद महासागर, अरब सागर, लाल सागर और अदन की खाड़ी में काफी मजबूत है। राफेल मरीन के आने से भारत के पास समंदर में छिपे दुश्मन की पनडुब्बियों को मार गिराने की क्षमता में वृद्धि होगी। राफेल मरीन विमान परमाणु बम दागने की क्षमता से लैस होंगे। हथियारों की खरीद के मामले में यह फ्रांस के साथ भारत की अब तक की सबसे बड़ी डील है। इससे पहले भारत ने फ्रांस के साथ ही 58 हजार करोड़ रुपये में 36 राफेल जेट विमान की खरीद वायुसेना के लिए की थी। अभी नौसेना के लिए भारत को कम से कम 57 फाइटर प्लेन की आवश्यकता है, जिनमें से 26 राफेल मरीन की डील हुई है, बाकी स्वदेशी स्तर पर निर्माण होंगे। राफेल-एम (मरीन) का उपयोग नौसेना के विमान वाहक पोत में होगा। यह पाकिस्तान के एफ-16 और चीन के जे-20 से ज्यादा बेहतर है। यह उड़ान भरने के बाद 3700 किमी दूर तक हमला करने में सक्षम है। यह बहुत कम जगह पर भी लैंड कर सकता है। राफेल-एम में शक्तिशाली एंटी शिप मिसाइलें लगाई जा सकती हैं, जो हवा से हवा और हवा से जमीन पर मार करने में सक्षम हैं। यह विमान पनडुब्बियां खोजकर ध्वस्त करने वाले विशेष रडार से लैस होता है। खास बात यह है कि राफेल-एम में बीच हवा में ही रीफ्यूलिंग की जा सकती है। इस फाइटर जेट से नभ, थल और जल में नौसेना की पकड़ और मजबूत होगी। भारत की वायुसेना के पास पहले से ही राफेल विमान हैं। ऐसे में इसके उपकरणों और रखरखाव के लिए ट्रेनिंग में ज्यादा समस्या नहीं आएगी। यह डील भारत और फ्रांस के संबंधों को मजबूत करने की एक पहल भी है। ड्रोन के बढ़ रहे प्रचलन के बीच लड़ाकू विमान सटीक हमले करने और दूर तक स्ट्राइक करने की अपनी क्षमता के लिहाज से अहम हैं। भारत ने इससे पहले 1997-98 में रूस से सुखोई विमान ख़रीदा था। सुखोई के बाद लड़ाकू विमानों की तकनीक काफ़ी बदल चुकी है और इस लिहाज़ से राफेल बहुत ही आधुनिक लड़ाकू विमान है। विश्व के शक्तिशाली देश हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत को सामरिक रूप से ताकतवर देखना चाहते हैं, यह डील उस आकांक्षा को पूरी करती है। भारत के ध्यान में पाकिस्तान से अधिक चीन है, इसलिए मजबूत रक्षा तैयारी आवश्यक है। भारत को युद्धपोत बढ़ाने की भी आवश्यकता है और मरीन लड़ाकू विमान भी। हालांकि भारत को एआई बेस्ड ड्रोन और लेजर गन पर भी ध्यान देना चाहिए।



वेव्स 2025
डॉ. एल. मुरुगन

# वैश्विक रचनात्मक नेतृत्व की ओर भारत

प्रथम विश्व श्रव्य-दृश्य मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) जो 1 से 4 मई 2025 तक आयोजित होगा, भारत को वैश्विक रचनात्मकता के केंद्र में रखता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संकल्पित, वेव्स एक परिवर्तनकारी आंदोलन है और यह मीडिया तथा मनोरंजन (एमएंडई) परिदृश्य को फिर से पारिभाषित करेगा। भारत का मीडिया और मनोरंजन उद्योग 2.7 ट्रिलियन रुपये के करीब पहुंच चुका है, ऐसे में वेव्स रचनात्मकता, नवाचार और उद्यमिता में अग्रणी होने के हमारे संकल्प का संकेत देता है। यह अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा, तकनीकी कौशल और सांस्कृतिक समृद्धि को प्रदर्शित करने का एक बहुत ही शानदार अवसर है।

भारत ने सदैव कहानी कहने की कला में उत्कृष्टता हासिल की है। रामायण और महाभारत जैसे कालातीत महाकाव्यों ने पीढ़ियों को अपनी ओर आकर्षित किया है। हमारी कथाएं इन गाथाओं से आगे बढ़ती हैं और सांस्कृतिक आधारशिला के रूप में कार्य करते हुए उन्हें यह आकार देती हैं कि हम दुनिया को किस तरह से देखने के साथ-साथ रचनात्मकता व्यक्त करते हुए कलाकारों एवं दूरदर्शी लोगों की पीढ़ियों को प्रेरित करते हैं। कहानी कहने का यह अंतर्निहित उत्साह एक सशक्त रचनात्मक आकांक्षा के रूप में विकसित हुआ है और अब यह भारत को वैश्विक मीडिया पावरहाउस के रूप में उभरने में भी सहायता कर रहा है।

1 से 4 मई 2025 तक आयोजित होने वाला प्रथम विश्व श्रव्य-दृश्य मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) भारत को वैश्विक रचनात्मकता के केंद्र में रखता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संकल्पित, वेव्स एक परिवर्तनकारी आंदोलन है और यह मीडिया तथा मनोरंजन (एमएंडई) परिदृश्य को फिर से पारिभाषित करेगा। भारत का मीडिया और मनोरंजन उद्योग 2.7 ट्रिलियन रुपये के करीब पहुंच चुका है, ऐसे में वेव्स 2025 रचनात्मकता, नवाचार और उद्यमिता में अग्रणी होने के हमारे संकल्प का संकेत देता है।

अब पारंपरिक मीडिया से एक संपन्न डिजिटल-प्रथम इकोसिस्टम में परिवर्तित हो चुका है। इसके साथ-साथ अब यह स्ट्रीमिंग सेवाओं, सोशल मीडिया और उभरती प्रौद्योगिकियों के माध्यम से वैश्विक संपर्क का भी विस्तार कर रहा है। भारत में विदेशी फिल्म निर्माण के लिए प्रोत्साहन, सह-निर्माण समझौते और फिल्म सुविधा कार्यालय (एफएफओ) जैसी सरकारी पहल वैश्विक रचनाकारों के लिए पसंदीदा गंतव्य के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत करती है।

वेव्स 2025 भारत के मीडिया और मनोरंजन उद्योग के लिए एक नए युग के शुभारंभ का प्रतिनिधित्व करता है। दुनियाभर के अभिनवकर्ताओं, नीति निर्माताओं, कलाकारों और उद्योग जगत प्रमुखों को एक साथ लाकर, शिखर सम्मेलन सहयोग के वातावरण को बढ़ावा देता है। इसके साथ-साथ यह मनोरंजन के निर्माण, वितरण और अनुभव को एक नया रूप देगा। इस परिवर्तन के केंद्र में वेवैक्स 2025 और वेव्स बाज़ार जैसी पहल हैं। वेवैक्स 2025 गेमिंग, एनिमेशन, एक्सटेंडेड रियलिटी (एक्सआर), जनरेटिव एआई और नेक्स्ट-जेन कंटेंट प्लेटफ़ॉर्म जैसी उभरती हुई तकनीकों में कार्य करने वाले स्टार्टअप को सशक्त बनाता है। यह पहल स्टार्टअप के लिए अपने विचारों को प्रदर्शित करने, मेंटरशिप हासिल करने और उद्यम पूंजीदाता और सेलिब्रिटी एंजेल निवेशकों के साथ वार्तालाप के माध्यम से सुरक्षित वित्त पोषण के लिए एक आधार तैयार करती है। दूसरी ओर, वेव्स बाजार एक गतिशील ई-मार्केटप्लेस के रूप में कार्य करता है जिसे रचनाकारों, खरीदारों और विक्रेताओं को जोड़ने के लिए तैयार किया गया है।




5,500 से अधिक खरीदारों, 2,000 विक्रेताओं और फिल्म, टेलीविज़न, गेमिंग, विज्ञापन के अलावा 1,000 पंजीकृत परियोजनाओं के साथ यह बाज़ार सहज सहयोग और अवसर खोज के लिए एक स्थल है। एआई-संचालित मैचमेकिंग यह सुनिश्चित करती है कि परियोजना और पेशेवरों को सही कनेक्शन, नवाचार और रचनात्मक अर्थव्यवस्था में विकास को बढ़ावा मिले। ये प्लेटफॉर्म एक कार्यक्रम के संचालन से कहीं अधिक महत्वपूर्ण होने के साथ-साथ एक परिवर्तनकारी इकोसिस्टम है जो वेव्स के समापन के बाद भी मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र को प्रभावित करता रहेगा। यह भारत के डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि सिद्ध होगा।

हमारा सबसे बड़े जनसांख्यिकीय लाभ के रूप में भारत के युवा, वेव्स पहल से अत्यंत लाभान्वित होंगे। 29 वर्ष की औसत आयु के साथ, भारत न केवल दुनिया का सबसे युवा देश है बल्कि रचनात्मकता और नवाचार के मामले में सर्वाधिक जीवंत राष्ट्र भी है। वेव्स 2025 युवाओं को अपने दृष्टिकोण में अग्रणी रखने के साथ-साथ कौशल विकास, उद्यमिता और वैश्विक सहयोग के लिए मार्ग भी प्रशस्त करता है। क्रिएट इन इंडिया चैलेंज इस प्रतिबद्धता का एक उदाहरण है। 1,100 से अधिक अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागियों सहित लगभग 1,00,000 पंजीकरणों के साथ इस चुनौती ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक प्रतिभाओं के एक विविध समूह को आकर्षित किया है। क्रिएटोस्फीयर के हिस्सा के रूप में फाइनल प्रतिभागियों को उद्योग प्रमुखों से जुड़ने, मास्टरक्लास में भागीदारी करने और वैश्विक प्रदर्शन हासिल करने के शानदार अवसर प्राप्त होंगे।


इसके अलावा, मुंबई में भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईसीटी) की स्थापना भारत के युवाओं के भविष्य में एक महत्वपूर्ण निवेश का प्रतीक है। कौशल विकास और नवाचार के लिए उत्कृष्टता के एक वैश्विक केंद्र के रूप में, आईआईसीटी रचनात्मकता और प्रौद्योगिकी के बीच के अंतर को दूर करते हुए यह सुनिश्चित करेगा कि युवा भारतीयों के पास मीडिया और मनोरंजन उद्योग की बढ़ती मांगों को पूरा करने से जुड़ी विशेषज्ञता हासिल हो।सतत विकास के लिए वैश्विक सहयोग शिखर सम्मेलन में वैश्विक मीडिया संवाद भी शामिल होगा, जिसमें वैश्विक प्रमुखों, नीति निर्माताओं, कलाकारों और उद्योग जगत के पेशेवर एक साथ भागीदारी करेंगे। यह संवाद केवल चर्चाओं के संदर्भ में ही नहीं है, अपितु अंतरराष्ट्रीय सहयोग, नैतिक कार्य प्रणालियों और नवाचार के लिए रणनीति विकसित करने से जुड़ी कार्यवाही के लिए भी है।

प्रधानमंत्री मोदी के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों और उद्योग हितधारकों के साथ निर्धारित संवाद से प्रभावशाली साझेदारी शुरू होने की आशा है, जिससे आने वाले वर्षों में भारत लाभान्वित होगा। विकसित भारत के लिए दृष्टिकोण वेव्स 2025 केवल एक आयोजन नहीं है, यह विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो एक विकसित राष्ट्र के तौर पर रचनात्मकता और नवाचार में विश्व का नेतृत्व कर रहा है। विविधता को बढ़ावा देने, प्रौद्योगिकी को आगे बढ़ाने और युवाओं को सशक्त बनाने के माध्यम से, वेव्स 2025 भारत की रचनात्मक अर्थव्यवस्था के सतत विकास में सक्षम प्रतिभा केंद्र के रूप में स्थापित करता है। वेव्स 2025 रचनात्मक उद्योग की अनंत संभावनाओं का सुदृढ़ीकरण है। यह अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा, तकनीकी कौशल और सांस्कृतिक समृद्धि को प्रदर्शित करने का एक शानदार अवसर है। यह परंपरा और प्रौद्योगिकी के संगम के माध्यम से वैश्विक रचनात्मक इकोसिस्टम को फिर से पारिभाषित करने के भारत के दृष्टिकोण का प्रमाण भी है।

(लेखक केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।


## मुक्ति के लिए पहले मोक्ष का मर्म समझें



संकलित
दर्शन

मन ही बंधन का कारण है, तो वही मोक्ष का माध्यम भी। पूरी दुनिया सदियों से मोक्ष यानी बंधन से मुक्ति का मार्ग तलाश रही है। पर, वेदांत सिद्धांत कहता है कि आत्मा ही शुद्ध है और यह संसार भ्रम। जो इस बात को समझने में सफल हो गया, उन्हें बंधन से मुक्ति का मार्ग भी मिल जाता है। मन एव मनुष्याणां कारणं बंधमोक्षयो' यानी मन ही तुम्हारे बंधन और मोक्ष का कारण होता है। मन से ही बंधन होता है और मन से ही मुक्ति होती है। बंधा कौन है? जो विषयों की आसक्ति में है। मुक्त कौन है? जिसका मन निर्विषय हो गया। सामान्य धारणा यही होती है कि मुक्ति का मतलब है कि दोबारा जन्म न हो। इसी संदर्भ में रवीन्द्रनाथ टैगोर कहते थे कि जब मैं प्रभु को प्यार करता हूं तो फिर प्रभु की सृष्टि को भी प्यार कैसे न करूं? एक बार नहीं, मैं तो हजारों बार इसी धरा पर जन्म लेना चाहूंगा। उस प्यारे की जो सृष्टि है, वह भी प्यारी है। ऐसे ही एक ज्ञानी से किसी ने पूछा कि क्या आपको मुक्ति नहीं चाहिए? ज्ञानी ने कहा कि अगर मुक्ति का मतलब यह है कि जन्म नहीं होगा तो जाओ, मुझे तुम्हारी मुक्ति भी नहीं चाहिए। लोग अमूमन यही सोचते हैं कि संसार बुरी जगह है और यहां दोबारा पैदा न होना मुक्ति है। जबकि ज्ञानी की दृष्टि है कि विषय की आसक्ति न रहे, यही मुक्ति है। संसार असार है, यह जानना ही मुक्ति है। कबीर जी सारी जिंदगी बनारस में रहे और शरीर जाने का जब समय आया तो जाकर मगहर में बस गए। लोगों ने कहा, 'कबीर जी! क्या करते हो?

## क्रोध को वश में करने से जीवन सहज और सरल



संकलित
प्रेरणा

आमतौर पर, हम क्रोध या घृणा की ज्यादा परवाह नहीं करते, इसलिए यह सहजता से आ जाते हैं। परंतु यदि हम इन भावनाओं के विषय में सजग हो जाएं, तो हमारा क्रोध व घृणा के प्रति यह अनिच्छापूर्ण रुख ही उन्हें हमसे दूर रखने के लिए पर्याप्त होगा। घृणा के विनाशकारी प्रभाव स्पष्ट और तुरंत दिखाई दे जाते हैं। उदाहरण के लिए, जब आपके अंदर घृणा का अत्यंत तीव्र भाव उत्पन्न होता है, तो उसी क्षण, वह आपके ऊपर पूरी तरह से हावी हो जाता है और आपकी मानसिक शांति को भंग कर देता है; आपकी बुद्धि काम करना बंद कर देती है। क्रोध और घृणा के तीव्र भाव आपके दिमाग के सबसे बेहतरीन हिस्से, यानी सही व गलत तथा आपके कार्यों के अल्पकालिक व दीर्घकालिक प्रभावों में अंतर करने की क्षमता को बिलकुल मिटा देते हैं। निर्णय लेने की योग्यता पूरी तरह निष्क्रिय हो जाती है। आप लगभग पागल जैसे हो जाते हैं। यह क्रोध और घृणा आपको दुविधा की स्थिति में डाल देते हैं, जिससे आपकी समस्याएं और परेशानियां और बढ़ जाती हैं। शारीरिक स्तर पर भी, घृणा से व्यक्ति में बहुत गंदा, अनाकर्षक शारीरिक बदलाव आ जाता है। क्रोध व घृणा के तीव्र भाव जाग्रत होने पर, व्यक्ति कितना भी अच्छा दिखने की कोशिश करे, उसका चेहरा भद्दा और विरूपित दिखाई देता है। घृणा की तुलना शत्रु से की जाती है। यह भीतरी दुश्मन नुकसान पहुंचाने के अलावा कुछ नहीं करता। यह हमारा पक्का दुश्मन, हमारा सबसे बड़ा शत्रु है।


## चारधाम साइबर स्कैम

डॉ. मोनिका शर्मा



# यात्रा धोखाधड़ी से बचें श्रद्धालु

देश के हर हिस्से में हो रहे साइबर स्कैम चिंता का विषय बन गए हैं। हाल ही में केंद्र सरकार ने चारधाम यात्रा से जुड़ी ऑनलाइन बुकिंग की धोखाधड़ी के मामलों को लेकर भी श्रद्धालुओं को चेताया है। ध्यातव्य है कि 30 अप्रैल को चारधाम यात्रा शुरू हो रही है। गंगोत्री-यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ ही अक्षय तृतीया के दिन से यह धार्मिक यात्रा शुरू होगी। 2 मई को केदारनाथ और 4 मई को बद्रीनाथ के कपाट खुलेंगे। कपाट खुलने की यह धार्मिक परंपरा भारतीय तीर्थ यात्रा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। हर वर्ष चारधाम यात्रा को लेकर न केवल श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह देखने मिलता है, बल्कि देशभर से लाखों श्रद्धालु इस धार्मिक यात्रा के लिए पंजीकरण भी करवाते हैं। हालिया दिनों में चारधाम यात्रा के नाम पर ठगी के बहुत से तरीके सामने के बाद श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को सचेत किया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के अनुसार चारधाम यात्रा संबंधित जालसाजी में नकली वेबसाइटों, सोशल मीडिया पेजों और व्हाट्सएप समूहों के माध्यम से विभिन्न सेवाएं देने का दावा करते हुए बुकिंग की जा रही है। श्रद्धालु सजग रहें, क्योंकि आस्थावान लोगों से धोखाधड़ी कर आर्थिक नुकसान पहुंचाने वाले ठगों के ये सभी साइबर ठिकाने एकदम पेशेवर दिखते हैं। साथ ही सोशल मीडिया मंचों से लेकर गूगल जैसे सर्च इंजनों पर इनके भ्रामक विज्ञापन भी मौजूद हैं। दरअसल, चारधाम यात्रा से जुड़ी सेवाओं और सुविधाओं के आरक्षण के नाम पर यह धोखाधड़ी हो रही है। इस जालसाजी में हेलिकॉप्टर बुकिंग, तीर्थयात्रियों के



लिए होटल आरक्षण, ऑनलाइन टैक्सी बुकिंग और धार्मिक पर्यटन पैकेजेज लेने की गतिविधियां शामिल हैं। देश एक हर हिस्से में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं से सस्ती सुविधाएं उपलब्ध करवाने के दावों वाली यह जालसाजी और आसान हो जाती है, इसीलिए हर मोर्चे पर सजगता आवश्यक है। चारधाम की यात्रा में होने वाली साइबर ठगी पर लगाम लगाने के लिए उत्तराखंड एसटीएफ ने एक टीम को तैनात किया है। बाकायदा न्यायालय से आदेश लेकर यह टीम फेसबुक और अन्य माध्यमों पर नजर रखने के साथ ही इन फर्जी वेबसाइटों को बंद भी करा रही है। समझना जरूरी है कि साइबर ठग नकली वेबसाइट और वर्चुअल मीडिया प्रोफाइल्स के माध्यम से श्रद्धालुओं की जाली बुकिंग कर देते हैं। बुकिंग के अनुसार बद्रीनाथ और केदारनाथ पहुंचने पर तीर्थयात्रियों को पता चलता है कि बुकिंग हुई ही नहीं है। ये मामले धन गंवाने के ही नहीं आस्था से भी खिलवाड़ करने वाले मामले हैं। यही वजह है कि कई नकली वेबसाइटों, विज्ञापनों तथा सोशल मीडिया खातों पर रोक भी लगाई जा रही है। नागरिकों की सुरक्षा और सहूलियत के लिए बरती जा रही सख्ती के बावजूद ठगी के मामले आए दिन सामने आ रहे हैं। ऐसी घटनाएं आर्थिक नुकसान ही नहीं श्रद्धालुओं ही सुरक्षा से भी जुड़ी हैं। एक ओर धन की ठगी होती है तो दूसरी ओर वहां पहुंचने पर कोई सुविधा न मिलने से कई कठिनाइयां सामने आती हैं। बड़े-बुजुर्गों के मामले में तो स्थितियां और भी चिंतनीय हो जाती हैं। जहां एक ओर तकनीकी विस्तार से पंजीकरण एवं आवश्यक जानकारियां जुटा पाना आसान हुआ है तो वहीं दूसरी ओर भ्रामक सूचनाओं और धोखाधड़ी के मार्ग भी खुल गए हैं। ऐसे में भुगतान के बाद सेवाएं न मिलने की जालसाजी से बचने के लिए सतर्कता आवश्यक है। श्रद्धालुओं को चाहिए कि किसी भी तरह की छूट का लालच देने वाले पोर्टल के बजाय आधिकारिक सरकारी पोर्टल से ही बुकिंग करवाएं। यात्रा से जुड़ी सुविधाओं के पंजीकरण के लिए विश्वसनीय संस्थाओं का चुनाव करना चाहिए। इतना ही नहीं भुगतान से पहले इनकी प्रामाणिकता की पुष्टि करना भी आवश्यक है। इस तरह की धोखाधड़ी से बचाव के लिए गूगल या किसी भी दूसरे सोशल मीडिया मंच पर कोई प्रायोजित या अज्ञात लिंक को खोलने से पहले सत्यापित किया जाना बहुत जरूरी है। गौरतलब है कि इस मोर्चे पर पुलिस भी आमजन को जागरूक करने का प्रयास कर रही है। चारधाम यात्रा को देखते हुए नैनीताल पुलिस द्वारा 'साइबर क्राइम एक, चेहरे अनेक' स्लोगन द्वारा उत्तराखंड के लोगों और यात्रा कर रहे श्रद्धालुओं को सजग किया जा रहा है। समझना मुश्किल नहीं है कि तीर्थयात्रियों की सतर्कता से ऐसे प्रशासनिक प्रबंध और प्रभावी साबित हो सकते हैं।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## हौसला



गुलमर्ग। पहलगाम आतंकी हमले के बाद जम्मू एवं कश्मीर के बारामूला जिले के गुलमर्ग में गोंडोला केबल कार स्टेशन पर पर्यटकों की कतारें लगी हुई हैं।

## आज की पाती

### स्टार्टअप और कौशल विकास बेरोजगारी का हल

आज से लगभग आठ वर्ष पहले केंद्र सरकार ने स्टार्टअप योजना को अमल में लाया था। इस योजना का मुख्य उद्देश्य देश की आर्थिक व्यवस्था की रीढ़, यानी उद्योगों को और मजबूत बनाना है। इससे रोजगार के अवसर भी बढ़ते हैं। इस योजना के तहत अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों के साथ-साथ महिला उद्यमियों को सब्सिडी भी मिलती है। सरकार इस योजना के अधीन उद्योगों को टैक्स में भी छूट देती है। हमारे देश में बेरोजगारी बहुत बड़ी समस्या है। देश के उद्योग जितने मजबूत होंगे उतने ही रोजगार उपलब्ध होंगे और देश की आर्थिक व्यवस्था मजबूत होगी। *-सोहन कुमार, रायपुर*

## ट्रेंड

### खिताब हासिल करने पर बधाई

भारतीय टीम को कुल 87 पदक जीतने और दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप में खिताब हासिल करने के लिए बहुत-बहुत बधाई। यह उपलब्धि हमारे एथलीटों के समर्पण को दर्शाती है, जिन्होंने योग की समृद्ध विरासत को सम्मानित किया है।

**-मनसुख मांडविया, केंद्रीय मंत्री**



### चिकित्सा आपूर्ति भेजी

हमारी संवेदनाएं ईरान में हुए दुखद विस्फोट से प्रभावित लोगों के साथ हैं। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति गहरी संवेदनाएं। डब्ल्यूएचओ ने घायलों के इलाज के लिए आपातकालीन चिकित्सा आपूर्ति भेजी है।

**-टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक**



### हम पर टिप्पणी कर रहे

पीयूष गोयल ने कहा कि हमारे देश में 140 करोड़ लोग हैं, लेकिन उनमें देशभक्ति की कमी है। यानी वो देश के लोगों को चुनौती दे रहे हैं। आज़ादी के लिए लड़ाई लड़ने वाले गांधीजी की हत्या कर दी गई, लेकिन बीजेपी के लोग हम पर टिप्पणी कर रहे हैं।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**



### रोबोट आगे निकल जाएंगे

रोबोट 5 साल के भीतर सबसे अच्छे मानव सर्जनों से भी आगे निकल जाएंगे। न्यूरालिंक को मस्तिष्क-कंप्यूटर इलेक्ट्रोड सम्मिलन के लिए रोबोट का उपयोग करना पड़ा, क्योंकि मनुष्य के लिए आवश्यक गति और सटीकता प्राप्त करना असंभव था।


**-एलोन मस्क, उद्योगपति**



## करंट अफेयर

### '3 इडियट्स' से चर्चा में आए लद्दाख के स्कूल को मान्यता

लद्दाख के पहाड़ों में स्थित और 'रैंचो स्कूल' के नाम से मशहूर ड्रुक पद्मा कार्पो स्कूल को आखिरकार अपनी स्थापना के दो दशक से भी ज्यादा समय बाद सीबीएसई से मान्यता मिल गई है। कई वर्षों के विलंब और अस्वीकृतियों के बाद यह मान्यता दी गई। वर्ष 2009 में आमिर खान अभिनीत फिल्म '3 इडियट्स' से प्रसिद्धि पाने वाला यह स्कूल अब तक जम्मू-कश्मीर राज्य विद्यालय शिक्षा बोर्ड (जेकेबीओएसई) से संबद्ध था। नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) में पारंपरिक 'रटंत शिक्षा' से हटकर नवीन शिक्षण तरीकों से पढ़ाई पर जोर देने के लिए सुधारों का प्रस्ताव किए जाने से बहुत पहले ही अपने नवीन शिक्षण तरीकों के लिए मशहूर यह स्कूल अब कक्षा 12 तक




विस्तार करने की योजना बना रहा है। स्कूल की प्रधानाचार्य मिंगुर आंगमो ने कहा, कई वर्षों की देरी के बाद हमें आखिरकार सीबीएसई से मान्यता मिल गई है और कक्षा 10 के हमारे पहले बैच के छात्र अब अपने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणामों का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारे पास सभी आवश्यक बुनियादी ढांचा, उत्कृष्ट परिणाम रिकॉर्ड और शिक्षण एवं सीखने के अभिनव तरीके होने के बावजूद इन वर्षों में कई प्रयासों के बाद भी हमें जेकेबीओएसई से एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) नहीं मिली।

## ऑफ बीट

### लिथियम- आयन बैटरी की चुनौतियां कोई कम नहीं

लिथियम-आयन बैटरी दुनिया के बड़े हिस्से को बिजली दे रही हैं। इसका इलेक्ट्रिक वाहन और स्मार्टफोन जैसे उपकरणों में भी इस्तेमाल होता है। बैटरी



से लोगों के ऊर्जा भंडारण और इस्तेमाल के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव आया है। लेकिन जैसे-जैसे ये बैटरी दैनिक जीवन का हिस्सा बनती जा रही हैं, वैसे-वैसे इनके प्रबंधन और ऊर्जा को सुरक्षित, कुशलतापूर्वक और विवेकपूर्ण ढंग से संग्रहीत करने की चुनौतियों पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है। लिथियम-आयन बैटरी को दोबारा रिजार्च किया जा सकता है। बैटरी सरल लग सकती हैं, लेकिन वे उतनी ही जटिल हैं, जितना कि वास्तविक दुनिया में लोग इनका इस्तेमाल करने के लिए सोचते हैं। मूलतः लिथियम-आयन बैटरी दो विद्युत ध्रुवों या इलेक्ट्रोड के बीच लिथियम तत्व के आवेशित कणों, जिन्हें आयन कहते हैं, की गति पर निर्भर करती हैं। ये बैटरी कितनी ऊर्जा संग्रहीत करती हैं और कितनी अच्छी तरह काम करती हैं, यह कई कारकों पर निर्भर करता है, जिनमें तापमान और बैटरी की भौतिक संरचना शामिल है। दुनियाभर में, शोधकर्ता इनमें से प्रत्येक कारक के बारे में अलग-अलग और एक-दूसरे के साथ मिलकर सवालों के जवाब देने की कोशिश कर रहे हैं। कुछ शोध बैटरी के खराब होने की गणना करने पर केंद्रित हैं।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

# पीआर श्रीजेश को पद्म भूषण और अश्विन को मिला पद्मश्री पुरस्कार, राष्ट्रपति मुर्मू ने किया सम्मानित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय टीम के पूर्व हॉकी खिलाड़ी पीआर श्रीजेश को सोमवार को पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जबकि भारतीय टीम के पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को पद्मश्री पुरस्कार दिया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में एक समारोह के दौरान श्रीजेश और अश्विन को सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहे। श्रीजेश और अश्विन को यह सम्मान खेल में उत्कृष्ट योगदान के लिए मिला है। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर केंद्र सरकार ने 2025 के लिए पद्म पुरस्कारों की घोषणा की थी जिसमें श्रीजेश और अश्विन का नाम भी शामिल था। अश्विन ने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया था। वह भारत के सफल स्पिनरों में शामिल हैं। अश्विन ने टेस्ट में भारत के दूसरे सबसे सफल गेंदबाज के तौर पर अपना करियर समाप्त किया। 106 टेस्ट मैचों में अश्विन ने 537 विकेट झटके और वह बस पूर्व स्पिनर अनिल कुंबले से पीछे थे जिन्होंने अपने टेस्ट करियर में 619 विकेट लिए हैं। अश्विन फिलहाल आईपीएल 2025 में हिस्सा ले रहे हैं और इस सीजन चेन्नई सुपर किंग्स का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। भारतीय हॉकी टीम की दीवार कहे जाने वाले पीआर श्रीजेश ने पिछले साल पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद संन्यास का ऐलान किया था। फिलहाल वह जूनियर पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच हैं। 2010 विश्व कप में डेब्यू करने के बाद श्रीजेश भारत के लिए कई यादगार जीत का हिस्सा रहे हैं, जिसमें 2014 एशियाई खेलों में स्वर्ण और जकार्ता-पालेमबांग में 2018 एशियाड में कांस्य पदक शामिल है। वह 2018 में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की संयुक्त विजेता टीम के अलावा, भुवनेश्वर में 2019 एफआईएच पुरुष सीरीज फाइनल चैंपियन टीम में भी थे। इसके अलावा वह 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक और 2023 एशियाई चैंपियन ट्रॉफी जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे। 2022 एशियाई खेलों में उन्होंने भारत को स्वर्ण जीतने में मदद की थी। इसके बाद उन्होंने पेरिस ओलंपिक में भारत को कांस्य पदक दिलाया था। श्रीजेश को 2021 में खेल रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। वहीं, 2022 में वे साल 2021 के लिए सर्वश्रेष्ठ एथलीट चुने गए थे।

### दो बार ओलंपिक पदक विजेता टीम का हिस्सा रहे श्रीजेश



हॉकी खिलाड़ी श्रीजेश को मिला पद्म विभूषण।

### भारत के दूसरे सबसे सफल गेंदबाज हैं अश्विन



क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन को मिला पद्म श्री सम्मान।

### सुशील कुमार मोदी और पंकज उधास को मरणोपरांत पद्म भूषण

बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी (मरणोपरांत) को सार्वजनिक मामलों के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। उनकी पत्नी जेसी सुशील मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से यह पुरस्कार ग्रहण किया। वहीं गजल गायक पंकज उधास को मरणोपरांत पद्म भूषण सम्मान दिया गया। अवॉर्ड उनकी पत्नी फरीदा ने लिया। इसके अलावा साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित एवं योग शिक्षा में अग्रणी, कुवैत की शेखा शेखा अली अल-जबर अल-सबा को चिकित्सा के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए पद्म श्री पुरस्कार प्रदान किया गया है। एक्टर और आंध्र प्रदेश के विधायक नंदमुरी बालकृष्ण को कला क्षेत्र में उनके योगदान के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। कला के क्षेत्र में साउथ फिल्मों के एक्टर अजीत, डायरेक्टर शेखर कपूर को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया।

---

## पहलगाम आतंकी हमले पर सियासत, वार-पलटवार का दौर जोरों पर

भाजपा सांसद रविशंकर ने दागा कांग्रेस पर सवाल, इन पर कंट्रोल नहीं?

# पर्यटकों को धर्म पूछकर गोली मारने को लेकर विधायकों के बोल पर घिरी कांग्रेस, भाजपा भड़की

### कांग्रेस के कई विधायकों ने धर्म के नाम पर गोली मारने पर दिए विवादित बयान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम आतंकी हमले को लेकर सियासत शुरू हो गई है। पर्यटकों को धर्म पूछकर गोली मारने को लेकर विधायकों के सवाल उठाने पर कांग्रेस घिर गई है। कर्नाटक के मंत्री आरबी तिम्मापुर के बाद महाराष्ट्र कांग्रेस के नेता और विधायक विजय वडेट्टीवार ने धर्म पूछकर हत्या के मामले में विवादित बयान दिया है। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि पहलगाम की जो बहुत दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई, उसे पूरे देश ने देखा और पूरे देश में बहुत नाराजगी है। सर्वदलीय बैठक भी बुलाई गई और बहुत ही सद्भाव के माहौल में सब लोगों ने मौन रखा और सरकार के साथ सख्ती की कार्रवाई करने का आश्वासन भी दिया। कांग्रेस पार्टी के नेता, उनके अध्यक्ष ने सार्वजनिक बयान दिया है कि वे सरकार के साथ हैं, लेकिन कांग्रेस के कुछ बड़े-बड़े नेता क्या-क्या बोल रहे हैं,और इसका मकसद क्या है? कांग्रेस नेताओं के सारे वक्तव्यों का पाकिस्तान में दुरुपयोग हो रहा है। कांग्रेस नेता देश को और बदनाम कर रहे हैं। यह ठीक नहीं है। राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे का क्या अपनी पार्टी पर कोई नियंत्रण नहीं है?

देश के कई विपक्षी नेता देश को बदनाम करने में जुटे




### कांग्रेस सियासी लाभ उठाने की कोशिश कर रही: नकवी



भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि उन्हें प्रतिस्पर्धा से बाहर निकलने और पाकिस्तान का छद्म भागीदार बनने की जरूरत है। यह न तो उनके हित में है, न ही देश के हित में। जब देश एक स्वर में पाक के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहा है, तो वे किस तरह का राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश कर रहे हैं?

### भाजपा ने कहा- कांग्रेस के नेता हिंदू पीड़ितों का मजाक उड़ा रहे

#### वे पाकिस्तान आधारित पार्टी नाम कर लें



भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि कांग्रेस का नाम बदलकर पाकिस्तान आधारित पार्टी कर देना चाहिए। एक तरफ राहुल गांधी आते हैं और सर्वदलीय बैठक में आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कहते हैं और उनकी पार्टी के नेता हिंदू पीड़ितों का मजाक उड़ाते हैं। पार्टी पूछे कि क्या पीड़ित झूठ बोल रहे हैं कि उनके साथ क्या हुआ?

### 'भारत को पाक से बातचीत करनी चाहिए'

#### हमें उनकी आरती उतारनी चाहिए



जेकेपीसीसी अध्यक्ष तारिक हामिद कर्रा के कथित बयान 'भारत को पाकिस्तान से बातचीत करनी चाहिए' पर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि उनकी आरती उतारनी चाहिए। पाकिस्तानी हमारे लोगों को मारेंगे और हम उनकी आरती उतारेंगे? वे कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया पर खूब बरसे।

### कई विपक्षी दलों ने पाक को सुनाई खरी-खरी

#### इस मौके पर जेके के लिए राज्य का दर्जा नहीं मांगूंगा: उमर



जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि मैं इस मौके का इस्तेमाल राज्य का दर्जा मांगने के लिए नहीं करूंगा। पहलगाम के बाद मैं किस मुंह से जम्मू-कश्मीर के लिए राज्य का दर्जा मांग सकता हूं? मेरी क्या इतनी सस्ती सियासत है?

**हमले ने खोखला किया माफी के लिए शब्द नहीं**

उमर ने कहा कोई कश्मीरी हमले के साथ नहीं है। हमले ने हमें खोखला कर दिया है। मेरे पास शब्द नहीं हैं।

#### अफरीदी जैसे जोकर का नाम मत लो: ओवैसी



पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी शाहिद अफरीदी के पहलगाम हमले को लेकर दिए बतुके बयान पर असदुद्दीन ओवैसी ने करारा हमला बोला है। एआईएमआईएम के मुखिया ओवैसी ने अफरीदी को जमकर फटकार लगाई और दुत्कारा। ओवैसी ने कहा कि कौन है ये?

**बिलावल की अम्मा को किसने मारा?**

ओवैसी ने पाक नेता बिलावल भुट्टो पर कहा कि वे तो नए-नए राजनीति में आए हैं। उन्हें सोचना पड़ेगा कि उनकी अम्मा को किसने मारा?

### पाक के हवाई क्षेत्र बंद करने पर मंत्री बोले

#### सरकार हालात की समीक्षा कर रही



केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के राम मोहन नायडू ने पाकिस्तान द्वारा अपने हवाई क्षेत्र को भारतीय एयरलाइंस के लिए बंद करने पर कहा कि सरकार हालात की समीक्षा कर रही है और उसके बाद ही कोई फैसला किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे विभिन्न एयरलाइंस के साथ मिलकर इस मुद्दे का हल निकालने के लिए चर्चा कर रहे हैं। आशंका है कि एयरलाइंस हवाई किराए में बढ़ोतरी कर सकती हैं।

### विधायकों का बयान असंवेदनशील और मूर्खतापूर्ण: फडणवीस



महाराष्ट्र सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि वडेट्टीवार का बहुत ही असंवेदनशील और मूर्खतापूर्ण बयान है। ऐसा बयान देना हमारे दुश्मनों को बढ़ावा देने जैसा है। वहीं दिल्ली के मंत्री और भाजपा नेता प्रवेश वर्मा ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि यह हमला पाकिस्तान द्वारा किया गया था। हमले से पूरा देश प्रभावित हुआ है।

### पाकिस्तान की किस्मत में अब केवल रोना लिखा : विज



हरियाणा के कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने सिंधु जल समझौते का जिक्र करते हुए कहा, पाकिस्तान की किस्मत में अब रोना लिखा है। विज ने कहा कि यह अच्छी बात है। हमारे भारत का इतिहास हमेशा से रहा है कि हम एकजुट होकर बाहरी खतरे का सामना करते हैं।

### टिकैत भाइयों की भाषा पर बवाल

#### पाकिस्तान के किसानों को नुकसान



किसान नेता नरेश टिकैत ने सिंधु का पानी रोकने की आलोचना की है। उनके भाई राकेश ने भी यही कहा है। अब दोनों भाई निशाने पर आ गए हैं।

---

### खाद-बीज व पानी की ली जानकारी

## कृषि मंत्री ने की खेती-किसानी की प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली





केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को कृषि क्षेत्र की प्रगति के संबंध में कृषि भवन, नई दिल्ली में साप्ताहिक समीक्षा के साथ ही नैफेड व राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड के अधिकारियों के बैठक की।

चौहान ने बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों से फसलों की कटाई, बुआई, उपार्जन, उर्वरक, खाद-बीज की उपलब्धता, मौसम व सिंचाई के लिए जलाशयों आदि की स्थिति की जानकारी ली। साथ ही केंद्रीय मंत्री ने उपज के थोक व खुदरा मूल्यों के बारे में समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण सचिव देवेश चतुर्वेदी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

**किसानों को लाभ हो**

*चौहान ने विभिन्न फसलों की पैदावार अच्छी होने की संभावना को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसी व्यवस्था बनाएं जिससे किसानों को तो लाभ हो ही और फसलों की पूरी खरीद हो। अधिकारियों ने बैठक में बताया गया कि ग्रीष्मकालीन बुआई के मौसम के लिए 27 अप्रैल 2025 तक धान की बुआई में पिछले वर्ष की तुलना में 9.23 लाख हेक्टेयर की वृद्धि दर्ज की गई है।*

### सर्वदलीय बैठक पर पीएम पर भड़के खरगे

## बिहार ज्यादा दूर नहीं था, आकर 'योजना' के संबंध में तो बताते

एजेंसी ▶▶ जयपुर



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जब पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोगों की जान गई और इस पर चर्चा के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाई गई, तब पीएम उसमें शामिल नहीं हुए। उनका 56 इंच का सीना अब छोटा हो गया है।

जयपुर में 'संविधान बचाओ' रैली को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा कि देश का दुर्भाग्य है कि जब देश की शान पर हमला हुआ, तब प्रधानमंत्री बिहार में चुनावी भाषण दे रहे थे। सभी दलों के नेता बैठक में आए, लेकिन प्रधानमंत्री नहीं आए। क्या बिहार दूर था? उन्हें योजना के बारे में बताना चाहिए था कि उन्हें हमसे किस तरह की मदद चाहिए?

---

## खबर संक्षेप

### मशहूर रैपर हाइब्रिड गांजे के साथ गिरफ्तार



**कोच्चि।** केरल पुलिस की एक्साइज टीम ने कोच्चि में छापेमारी कर मशहूर मलयालम फिल्म डायरेक्टर खालिद रहमान,अशरफ हमजा और शालिफ मोहम्मद को हाईब्रिड गांजा रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। रैपर वेदान की मुश्किलें बढ़ गई हैं क्योंकि उनके फ्लैट से गांजा बरामद हुआ है। कोच्चि व्हाइट हिल पुलिस सुबह करीब 10 बजे पहुंची।

### सिलेंडर से आग, 80 झुग्गियां जलकर राख



**लखनऊ।** यहां सोमवार को सिलेंडर से लगी आग से एक के बाद एक करीब 80 झुग्गियां चपेट में आ गईं। तेज हवा के कारण आग तेजी से फैली। आग की लपटों से सड़क के दूसरे ओर बने एक घर का भी कुछ सामान जल गया। इससे दहशत फैल गई। लोग घरों से निकलकर सड़क पर आ गए। कुछ लोग छतों पर चढ़ गए। घटना फैजुल्लागंज थाना क्षेत्र के श्याम विहार की है।

---

दिल्ली में 'आयुष्मान वय वंदना कार्ड'

## पुरी ने जताई खुशी, भाजपा सरकार में लोगों को मिलेगा भरपूर लाभ

### मुख्यमंत्री रेखा की भी सराहना की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आयुष्मान वय वंदना कार्ड के वितरण पर खुशी जताई। दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में वय वंदना कार्ड के वितरण के लिए आयोजित समारोह से इतर मीडिया से बात करते हुए हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आयुष्मान भारत योजना की शुरुआत की थी। लेकिन अफसोस, दिल्ली में इसे लागू नहीं किया गया। उन्होंने दिल्ली में भाजपा सरकार बनने के दो महीने बाद योजना को लागू करने के लिए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की तारीफ की।

### सरकार पाकिस्तान को माकूल जवाब जरूर देगी

पुरी ने उम्मीद जताई कि और अस्पताल योजना के तहत जुड़ेंगे। उन्होंने केंद्र द्वारा पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों पर प्रतिबंध लगाने पर कहा कि यह मोदी सरकार है, जो पूर्व की सरकारों के विपरीत ठोस कदम उठाने में विश्वास रखती है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में क्या कदम उठाए जाएंगे, हम अंदाजा नहीं लगा सकते। सरकार अपने तरीके से पाकिस्तान को माकूल जवाब जरूर देगी।

### कौशांबी में मिट्टी का टीला धंसा, 5 की मौत



**कौशांबी।** यूपी के कौशांबी जिले में दर्दनाक हादसा हुआ है। यहां मिट्टी का टीला ढहने से बड़ा हादसा हो गया। मिट्टी में दबकर 5 लोगों की मौत हो गई। हादसे में 2 घायल भी हैं। ग्रामीणों ने रेस्क्यू कर सभी को बाहर निकाला। सुबह लगभग 7:30 बजे यह घटना हुई। घर की पुताई के लिए मिट्टी की खुदाई कर रहे थे। मौतों से गांव में मातम पसरा है।

विद्यार्थियों के लिए खुशखबर

## अब रेलवे एग्जाम हॉल में मंगलसूत्र और जनेऊ के साथ मिलेगा प्रवेश

### विवाद बढ़ने के बाद विभाग ने बदला फैसला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



विश्व हिंदू परिषद और अन्य हिंदू संगठनों ने रेलवे भर्ती बोर्ड की नर्सिंग अधीक्षक परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को मंगलसूत्र और जनेऊ उतार कर परीक्षा भवन में प्रवेश करने संबंधी निर्देश पर सोमवार को कड़ी आपत्ति जताई, जिसके तुरंत बाद फैसले को वापस ले लिया गया। रेलवे अधिकारियों ने अब स्पष्ट किया है कि अभ्यर्थियों को परीक्षा भवन में प्रवेश करने से पहले मंगलसूत्र और जनेऊ जैसे धार्मिक प्रतीकों को उतारने की आवश्यकता नहीं होगी। रेल राज्य मंत्री वी सोमन्ना ने स्पष्ट किया कि रेलवे भर्ती बोर्ड की परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों पर पाबंदी नहीं रहेगी।

### धार्मिक भावनाओं का सम्मान होना चाहिए

उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि परीक्षा प्रक्रिया के दौरान धार्मिक भावनाओं का सम्मान किया जाए। अधिकारियों ने बताया कि यह परीक्षा मंगलवार को मंगलुरु के बॉन्डेल में मनैल श्रीनिवास नायक बेसेंट विद्या केंद्र में आयोजित की जाएगी। शुरुआत में, प्रवेश पत्र में अभ्यर्थियों को परीक्षा देने से पहले मंगलसूत्र और जनेऊ उतारने का निर्देश दिया गया था।

---

### सुप्रीम कोर्ट ने जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान यह निर्देश दिया

## अश्लील कंटेंट पर ओटीटी और सोशल मीडिया कंपनियां जवाब दें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार, ओटीटी प्लेटफॉर्म्स और सोशल मीडिया कंपनियों को नोटिस जारी किया है। यह कदम एक जनहित याचिका पर उठाया गया है इसमें मांग की गई है कि ओटीटी और सोशल मीडिया पर अश्लील सामग्री के प्रसारण को रोकने के लिए उचित कदम उठाए जाएं। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की पीठ ने कहा कि याचिका ने महत्वपूर्ण चिंता का मुद्दा उठाया है। कोर्ट ने नेटफ्लिक्स, अमेजॉन प्राइम, ऑल्ट बालाजी, उल्लू, एएलटीटी, एक्स, मेटा इंक (फेसबुक और इंस्टाग्राम की मूल कंपनी), गूगल, मुबी, एप्पल और अन्य से इस विषय पर जवाब मांगा है। यह याचिका उदय माहुरकर, संजीव नेवर, सुदेशना भट्टाचार्य मुखर्जी, शताब्दी पांडे और स्वाति गोयल ने मिलकर दायर की है।



**जनहित याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा**

अनर्गल प्रसारण को रोकने के लिए उचित कदम उठाने को कहा

### नियमित कार्यक्रमों में भी गंदे कंटेंट परोसे जा रहे: विष्णु शंकर

याचिकाकर्ताओं के वकील विष्णु शंकर जैन ने दलील दी कि ओटीटी और सोशल मीडिया पर अश्लील सामग्री बिना किसी नियमन या जांच के प्रसारित हो रही है। इस पर केंद्र सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि अश्लील कंटेंट केवल कुछ विशेष कार्यक्रमों तक सीमित नहीं है, बल्कि कई नियमित कार्यक्रमों में भी इस तरह की सामग्री मौजूद है। उन्होंने कहा कि कुछ कार्यक्रम इतने विकृत हैं कि दो सभ्य पुरुष भी साथ बैठकर इन्हें नहीं देख सकते। उन्होंने जानकारी दी कि कुछ नियंत्रण पहले से मौजूद हैं और कुछ और नियमों पर काम हो रहा है।

**केंद्र सरकार इस पर विचार करे**

*सुप्रीम कोर्ट ने आदेश में कहा कि यह याचिका ओटीटी प्लेटफॉर्म्स और सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक, अश्लील और अभद्र सामग्री के प्रदर्शन से जुड़ी एक महत्वपूर्ण चिंता को उठाती है। कोर्ट ने माना कि याचिका में उठाए गए मुद्दे नीति निर्माण के दायरे में आते हैं और यह केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है कि वह इस पर विचार करे।*

### राष्ट्रीय सामग्री नियंत्रण प्राधिकरण बनाया जाए

याचिका में कहा गया है कि ओटीटी प्लेटफॉर्म्स जैसे नेटफ्लिक्स, अमेजॉन प्राइम, उल्लू, एएलटीटी पर अत्यधिक आपत्तिजनक सामग्री आज भी उपलब्ध है, जो बच्चों के अधिकारों और सुरक्षा का उल्लंघन करती है। पोर्नोग्राफिक, अश्लील और यौन विकृत सामग्री की भरमार के कारण अपराधों में बढ़ोतरी हो रही है। इस पर एक राष्ट्रीय प्राधिकरण बनाया जाना चाहिए।

---

### मंदिर को खोलने की तैयारियां जोरों पर

## चार धाम यात्रा के लिए तैयारियां पूरी, आज यहां निकलेगी डोली



**देहरादून।** उत्तराखंड में चार धाम यात्रा 2025 के लिए केदारनाथ मंदिर को खोलने की तैयारियां जोरों पर हैं। इस आयोजन से पहले होने वाले अनुष्ठानों के तहत सोमवार को भगवान केदारनाथ की पंचमुखी मूर्ति को औपचारिक रूप से मंदिर के लिए रवाना किया गया। सबसे पहले उखीमठ स्थित ओंकारेश्वर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की गई। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि चार धाम यात्रा के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यमुनोत्री और गंगोत्री के कपाट 30 अप्रैल को खुलेंगे। केदारनाथ धाम 2 मई को जबकि बद्रीनाथ धाम 4 मई को खुलेंगे। डोली मंगलवार 29 अप्रैल को फाटा के लिए रवाना होगी। बुधवार 30 अप्रैल को गौरीकुंड के लिए प्रस्थान करेगी। गुरुवार को केदारनाथ धाम पहुंचने की उम्मीद है। केदारनाथ मंदिर के कपाट 2 मई को सुबह 7 बजे श्रद्धालुओं के लिए खुलेंगे।

**कनाडा में संसदीय चुनाव के लिए वोटिंग जारी**

# कनाडा की सत्ता में नाटकीय परिवर्तन संभव, मार्क कार्नी और पोइलिवर में कड़ी टक्कर, प्रारंभिक मतदान में 73 लाख से अधिक वोट डाले गए

एजेंसी ▶▶ ओटावा

कनाडा के मतदाता सोमवार को संसदीय चुनाव के लिए मतदान करने जा रहे हैं, जिससे देश की सत्ता में नाटकीय परिवर्तन हो सकता है। देश की अवाम नया पीएम चुनने जा रही है। इस चुनाव में अहम मुकाबला पीएम मार्क कार्नी और विपक्षी के नेता पियरे पोइलिवर के बीच माना जा रहा है। जस्टिन ट्रूडो के इस्तीफा देने के बाद मार्क कार्नी को मार्च में कनाडा का पीएम चुना गया था। हालांकि, कनाडा में संसदीय चुनाव अक्टूबर में होने थे लेकिन इन्हें वक्त से पहले करवाया जा रहा है। जनवरी में हुए सर्वेक्षणों से संकेत मिलता है कि कंजर्वेटिव निश्चित जीत की ओर बढ़ रहे हैं। बाद में लिबरल पार्टी ने बढ़त हासिल करना शुरू कर दिया। हालांकि हाल के दिनों में प्रतिस्पर्धा कम हो गई है। प्रारंभिक मतदान में 73 लाख से अधिक वोट डाले गए, जो एक रिकॉर्ड है। रविवार को एक पोल में कहा गया कि दोनों आगे चल रही पार्टियों के बीच अंतर करीब 4 फीसदी अंक था, जो शनिवार को थोड़ा ज्यादा था। संघीय चुनाव कराने के लिए जिम्मेदार स्वतंत्र एजेंसी, इलेक्शन कनाडा, पात्र मतदाताओं को भाग लेने के लिए कई अवसर प्रदान करती है।

**चुनाव में बड़ा मुद्दा बना राष्ट्रपति ट्रंप का टैरिफ वार**

**कंजर्वेटिव और लिबरल पार्टी के बीच कांटे की टक्कर**



### पूर्व पीएम ट्रूडो के खिलाफ बढ़ा असंतोष

*कनाडा चुनाव में लिबरल पार्टी के पीएम मार्क कार्नी और कंजर्वेटिव नेता पियरे पोलीवरे के बीच कड़ी टक्कर है। अब तक विपक्ष के नेता पियरे पोइलिवर को लेकर अच्छा माहौल बना हुआ है। कनाडा में हो रहा चुनाव पूर्व पीएम जस्टिन ट्रूडो के खिलाफ बढ़ते असंतोष से उत्पन्न राजनीतिक उथल-पुथल के लंबे दौर के बाद हो रहा है, जिसके कारण उन्हें अचानक इस्तीफा देना पड़ा था। अगर मार्क कार्नी को जनादेश नहीं मिलता है, तो वे कनाडा के इतिहास में सबसे छोटे टर्म के पीएम होंगे।*

### लिबरल पार्टी को नैरेटिव बदलने में मिली मदद

*इस चुनाव में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी एक मुद्दा हो सकते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति के व्यापार युद्ध और कनाडा को 51वां राज्य बनाने की धमकियों ने कनाडाई लोगों को नाराज कर दिया है। इससे राष्ट्रवाद में उछाल आया है, जिससे लिबरल पार्टी को संसदीय चुनाव में नैरेटिव बदलने में मदद मिली है। क्यूबेक प्रांत के पूर्व प्रीमियर जीन चारेस्ट ने कहा कि ट्रंप ही अभियान हैं। अहम सवाल यह है कि हम ट्रंप का सामना करने के लिए किस व्यक्ति को चुनने जा रहे हैं। सब कुछ बदल गया है।*

### मतदान के दिन से पहले डाले गए वोट

18 अप्रैल से 21 अप्रैल तक अग्रिम मतदान खुले थे, जिससे मतदाता आम चुनाव के दिन से पहले अपने मतपत्र डाल सकें। लगभग 20 लाख कनाडाई लोगों ने अग्रिम मतदान के पहले दिन मतदान किया, जिसने एक दिन में मतदान का नया रिकॉर्ड बनाया। मतदाता डाक से मतदान करने के लिए आवेदन कर सकते हैं, जिसे 'विशेष मतपत्र' के रूप में जाना जाता है। मेल-इन वोटिंग के लिए आवेदन 23 अप्रैल तक जमा करना था। अब तक, 7.5 लाख से अधिक कनाडाई लोगों ने अपने मेल-इन मतपत्र वापस कर दिए हैं, जो 2021 में ऐसा करने वाले 6.6 लाख से अधिक है।

### आर्थिक सुधारों पर ध्यान

कंजर्वेटिव नेता पोलिएवर ने सबसे कम टैक्स ब्रैकेट में 15 फीसदी की कटौती करने, औद्योगिक कार्बन टैक्स को निरस्त करने और $1.3 मिलियन (कनाडाई डॉलर) तक के पहली बार घर खरीदने वालों के लिए संघीय बिक्री कर को खत्म करने का वादा किया। लिबरल पार्टी के नेता मार्क कार्नी ने संघीय घाटे को कम करने, सबसे कम ब्रैकेट के लिए सीमांत कर दर को कम करने और $1 मिलियन (कनाडाई डॉलर) से कम की संपत्ति के लिए पहली बार घर खरीदने वालों के लिए देश में माल और सर्विस टैक्स को खत्म करने का वादा किया है।

## खबर संक्षेप

### फ्रांस की मस्जिद में युवक की हत्या



**पेरिस।** फ्रांस की एक मस्जिद में युवक की हत्या करने के संदिग्ध आरोपी ने इटली की पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। आरोपी ने शुक्रवार को फ्रांस के दक्षिण में स्थित शहर ला ग्रांडे कोम्बे की मस्जिद में एक युवक की हत्या कर दी गई थी। आरोपी ने हमले की घटना को अपने फोन पर रिकॉर्ड भी किया था। साथ ही सुरक्षा कैमरों की फुटेज में भी आरोपी की तस्वीर कैद हुई थी। इस हत्याकांड के खिलाफ रविवार को ला ग्रांडे शहर में विरोध प्रदर्शन भी हुआ।

### मोबाइल यूजर्स के लिए जीमेल हुआ अपडेट

**नई दिल्ली।** गूगल ने एंड्रॉइड और आईओएस प्लेटफॉर्म पर मोबाइल यूजर्स के लिए अपने जीमेल एप में अपडेट पेश किए हैं। अपडेट का मकसद डिजाइन में सुधार और एआई तक नई पहुंच के साथ यूजर्स के अनुभव को बेहतर बनाना है। इससे एंड्रॉइड टैबलेट और फोल्डेबल डिवाइस का इस्तेमाल करने वालों को जीमेल एप इंटरफेस से सुविधा होगी। यूजर्स अब लिस्ट और चैट पैन को अपने पसंदीदा आकार में एडजस्ट कर सकते हैं।

**पाकिस्तान के पूर्व पीएम नवाज शरीफ की अपने छोटे भाई मौजूदा पीएम को नसीहत**

# मत टकराओ भारत से, अपनाओ कूटनीतिक रास्ता, भड़काऊ बयानबाजी तत्काल करो बंद

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने पाकिस्तान के मौजूदा प्रधानमंत्री और अपने छोटे भाई शहबाज शरीफ को दो टूक सलाह दी है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान तनाव को कम करने के लिए कूटनीति के माध्यम से समाधान खोजें। उन्होंने भड़काऊ बयानबाजी से पाक के प्रधानमंत्री को बचने की सलाह दी। यह सलाह उनके पिछले अनुभवों, पाकिस्तान की मौजूदा कमजोर स्थिति, और क्षेत्रीय स्थिरता की आवश्यकता से प्रेरित है। हालांकि, पाकिस्तानी सेना और आंतरिक राजनीतिक दबाव इस सलाह को लागू करने में बाधा बन सकते हैं। नवाज का यह रुख उनके भारत के प्रति नरम दृष्टिकोण को दर्शाता है, जो पहले भी उनकी नीतियों में दिखाई दिया है, लेकिन इसका प्रभाव शहबाज शरीफ और पाकिस्तानी प्रतिष्ठान के रुख पर निर्भर करेगा। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में गत 22 तारीख को हुए आतंकी हमले और इसके बाद भारत द्वारा सिंधु जल संधि को निलंबित करने जैसे सख्त कदमों पर पाकिस्तान ने प्रतिक्रिया में आकाश मार्ग भारत वायु सेवा के लिए बंद कर दिये। ऐसी त्वरित प्रतिक्रिया को नवाज शरीफ ने जल्दबाजी में उठाया गया कदम बताया। विदित हो कि पहलगाम आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की मौत हुई थी। भारत ने इसे पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद से जोड़ा है। जिसके कारण दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर है।

**आकाश मार्ग भारत वायु सेवा के लिए बंद करना जल्दबाजी**

**क्षेत्रीय स्थिरता के लिए शांति बनाए रखना जरूरी है**

### युद्ध की ओर बढ़ना दोनों देशों के लिए नुकसानदेह होगा



नवाज शरीफ ने शहबाज शरीफ को युद्ध या आक्रामक रुख के बजाए कूटनीतिक रास्ते अपनाने की सलाह दी। उन्होंने जोर दिया कि भारत के साथ तनाव को कम करने और संभावित सैन्य टकराव से बचने के लिए सभी कूटनीतिक विकल्पों का उपयोग करना चाहिए। नवाज शरीफ ने कहा कि युद्ध की ओर बढ़ना दोनों देशों के लिए नुकसानदेह होगा, और क्षेत्रीय स्थिरता के लिए शांति बनाए रखना जरूरी है। पाकिस्तानी नेताओं, विशेष रूप से रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ जैसे लोगों की भारत के खिलाफ आक्रामक बयानबाजी के बीच, नवाज शरीफ ने सावधानी बरतने और उकसावे वाली टिप्पणियों से बचने की सलाह दी।

### भारत के साथ बातचीत को दें प्राथमिकता

*नवाज शरीफ ने शहबाज को सलाह दी कि वह भारत के साथ बातचीत को प्राथमिकता दें, ताकि तनाव को और बढ़ने से रोका जा सके। नवाज शरीफ ने सुझाव दिया कि पहलगाम हमले की जांच के लिए एक अंतरराष्ट्रीय आयोग बनाया जाए, ताकि इस मुद्दे को पारदर्शी तरीके से हल किया जा सके। यह सलाह भारत के उन आरोपों के जवाब में थी, जिसमें उसने हमले के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया था। शहबाज शरीफ ने नवाज की सलाह को कुछ हद तक स्वीकार किया, लेकिन उनका रुख आक्रामक भी रहा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान शांति के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन अगर भारत की ओर से कोई कार्रवाई हुई तो जवाबी कदम उठाए जाएंगे। शहबाज ने राष्ट्रीय सुरक्षा समिति की बैठक बुलाकर भारत के कदमों पर चर्चा की, जिसमें सेना प्रमुख और प्रमुख मंत्रियों ने हिस्सा लिया।*

### जांच के लिए अंतरराष्ट्रीय आयोग बने

*इससे पहले रविवार को रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने इस घटना की जांच के लिए अमेरिका, ईरान, चीन, रूस और ब्रिटेन के अधिकारियों सहित एक अंतरराष्ट्रीय आयोग बनाने की पेशकश की। इसमें कहा गया कि अगर ऐसा होता है, तो पाकिस्तान दुनिया के सामने तथ्य सामने लाएगा। उन्होंने कहा कि दो परमाणु संपन्न देशों के बीच तनाव पूरी दुनिया की स्थिरता के लिए खतरा पैदा करता है, उन्होंने बढ़ते तनाव का जायजा लेने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय की जरूरत पर जोर दिया।*

### यूएन में आतंकी संगठन टीआरएफ नाम हटाना चाह रहा पाक

***एजेंसी, लाहौर।*** *पाकिस्तान, चीन की मदद से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पेश होने वाले पहलगाम ड्राफ्ट से आतंकी संगठन टीआरएफ का नाम हटाने की साजिश रच रहा है। पाकिस्तान इस समय यूएनएससी में गैर स्थायी श्रेणी में सदस्य है और अपनी इस स्थिति का लाभ उठाने के लिए पाकिस्तान पहलगाम हमले में अपनी जवाबदेही से बचना चाहता है। दरअसल टीआरएफ को पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा का मुखौटा संगठन माना जाता है। ऐसे में पाकिस्तान को डर है कि अगर यूएनएससी में पहलगाम ड्राफ्ट में टीआरएफ का नाम हुआ तो वह फंस सकता है और उस पर टीआरएफ के खिलाफ कार्रवाई का दबाव बन सकता है। ऐसे में पाकिस्तान ने नापाक चाल चलते हुए ड्राफ्ट से ही टीआरएफ का नाम हटाने की साजिश रची है और इस काम में उसने अपने पुराने साथी चीन की मदद मांगी है।*

**अब राणा उगलेगा मुंबई हमले के राज**

# एनआईए की दलील मंजूर, कोर्ट ने 12 दिन की रिमांड पर भेजा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एनआईए ने सोमवार को 26/11 के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा को कोर्ट में पेश किया गया। इस दौरान एनआईए की टीम ने कोर्ट से तहव्वुर की 12 दिन रिमांड मांगी। एनआईए ने 12 दिन की कस्टडी की मांग करते हुए दलील दी कि राणा जांच में सहयोग नहीं कर रहा है। बता दें कि अदालत ने तहव्वुर राणा को 12 दिन की रिमांड पर भेज दिया है। वहीं, एनआईए की कानूनी टीम का नेतृत्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता दायम कृष्णन और विशेष सरकारी अभियोजक नरेंद्र मान पटियाला हाउस कोर्ट पहुंचे थे। वहीं दिल्ली विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिवक्ता पीयूष सचदेवा तहव्वुर राणा का पक्ष रखा।

### पहले फैसला रखा था सुरक्षित

बताया गया कि विशेष न्यायाधीश चंद्रजीत सिंह ने एनआईए की अर्जी पर पहले फैसला सुरक्षित रख लिया था। लेकिन शाम को हुई सुनवाई के दौरान तहव्वुर राणा को 12 दिन की रिमांड पर भेज दिया। अब एनआईए की टीम तहव्वुर राणा से 12 दिन तक पूछताछ करेगी। माना जा रहा है कि राणा रिमांड पर कुछ बड़े राज भी खोल सकता है। इससे पहले, 26/11 मुंबई आतंकवादी हमलों के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा को कड़ी सुरक्षा में अदालत में पेश किया गया। इस दौरान कोर्ट में भारी पुलिस फोर्स तैनात रहा। इससे पहले 11 अप्रैल को कोर्ट ने राणा को 18 दिन की हिरासत में भेजा था। इस दौरान एनआईए ने उससे 2008 के घातक हमलों के पीछे की पूरी साजिश का पता लगाने के लिए विस्तार से पूछताछ की।

### जिपलाइन ऑपरेटर को पूछताछ के लिए एनआईए ने बुलाया

*जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में जिपलाइन ऑपरेटर से एनआईए पूछताछ करेगी। यह कार्रवाई चश्मदीद ऋषि भट्ट के बयान के बाद हुई है, जिसमें उन्होंने ऑपरेटर से पूछताछ की मांग की थी। ऋषि ने दावा किया था कि गोली की आवाज सुनने के बाद ऑपरेटर ने कथित तौर पर इस्लामिक नारा लगाया और फिर उन्हें जिपलाइन पर आगे भेजा। एनआईए और जम्मू कश्मीर पुलिस अब ऑपरेटर से इस संबंध में दोबारा सवाल-जवाब करेगी। ऋषि भट्ट ने कहा कि मैंने देखा कि 4 से 5 आतंकी धर्म पूछकर लोगों को गोली से मार रहे थे।*

**इजराइल और हमास के बीच संघर्ष जारी**

# फिलिस्तीनियों की मानवीय मदद के लिए आईसीजे ने शुरू की सुनवाई

एजेंसी ▶▶ हेग

संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत 40 देशों की ओर से इस मामले पर सोमवार को सुनवाई शुरू हुई कि गाजा और कब्जे वाले 'वेस्ट बैंक' में फिलिस्तीनियों को अत्यंत आवश्यक मानवीय सहायता प्रदान करने के लिए इजराइल को क्या करना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने पिछले साल अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) से इजराइल के कानूनी दायित्वों पर विचार करने के लिए कहा था। दरअसल इजराइल ने गाजा में सहायता मुहैया कराने वाली 'फिलिस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र एजेंसी' को काम करने से प्रभावी रूप से प्रतिबंधित कर दिया था जिसके बाद महासभा ने आईसीजे से इस मामले पर सुनवाई करने को कहा। इजराइल के सबसे करीबी सहयोगी अमेरिका ने इस प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया था।



### सुनवाई राजनीतिक रूप से प्रेरितः इजराइल

इजराइल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने सोमवार को कहा कि गाजा को मानवीय सहायता पर संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत की सुनवाई उनके देश के 'व्यवस्थित उत्पीड़न और उसके खिलाफ अवैधीकरण' का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि अदालत पूरी तरह से राजनीतिक रूप से प्रेरित होकर काम कर रही है। उन्होंने सोमवार को हेग में जारी कार्यवाही को 'शर्मनाक' बताया।

**रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का ऐलान**

# 'विजय दिवस' के अवसर पर 8-10 मई को युद्ध विराम, नहीं करेंगे हम हमला

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के कार्यालय 'क्रेमलिन' ने यूक्रेन में 8 से 10 मई तक पूर्ण युद्धविराम की सोमवार को घोषणा की। रूस ने द्वितीय विश्वयुद्ध में नाजी जर्मनी पर जीत के अवसर पर आयोजित 'विजय दिवस' के उपलक्ष्य में यह घोषणा की है। यह युद्धविराम आठ मई की मध्यरात्रि से शुरू होगा और 10 मई तक चलेगा। क्रेमलिन ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 9 मई को विजय दिवस के लिए 'मानवीय आधार' पर शत्रुतापूर्ण कार्रवाई को पूरी तरह से रोकने का आदेश दिया है।

### पुतिन ने उत्तर कोरिया को दिया धन्यवाद



वहीं, पुतिन ने रूसी सैनिकों के साथ मिलकर यूक्रेनी सेना के खिलाफ लड़ने के लिए उत्तर कोरिया को सोमवार को धन्यवाद देते हुए कहा कि वह उसके बलिदानों को कभी नहीं भूलेंगे। इससे कुछ ही घंटों पूर्व, उत्तर कोरिया ने सोमवार को पहली बार पुष्टि की कि उसने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में सहायता के लिए रूस में सैनिक भेजे हैं। रूस और उत्तर कोरिया के ये बयान उनकी बढ़ती सैन्य साझेदारी को दर्शाते हैं। पुतिन ने कहा कि रूसी लोग उत्तर कोरिया के विशेष बलों की वीरता को कभी नहीं भूलेंगे। हम हमेशा उन नायकों का सम्मान करेंगे जिन्होंने रूस के लिए, हमारी साझा स्वतंत्रता के लिए अपने रूसी भाइयों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर लड़ते हुए अपनी जान दी।

**जम्मू-कश्मीर में आतंक पर प्रहार, सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट**

# आतंकी गतिविधियों से जुड़े लोगों पर कसा कानूनी शिकंजा,डोडा में 13 ठिकानों पर रेड

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर में आतंकी नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए डोडा और किश्तवाड़ में 13 जगहों पर सुरक्षाबलों ने छापेमारी की है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सोमवार सुबह डोडा जिले में 13 स्थानों पर छापेमारी की, ताकि आतंकवादी ठिकानों का भंडाफोड़ किया जा सके और आतंकवादी गतिविधियों से जुड़े लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके। साथ ही, श्रीनगर पुलिस ने आतंकियों के नेटवर्क से जुड़े लोगों के खिलाफ व्यापक कार्रवाई की, शहर में कई स्थानों पर छापेमारी करते हुए। यह छापेमारी प्रतिबंधित आतंकी संगठनों के ओवरग्राउंड वर्कर्स और उनके सहयोगियों के घरों पर हुई। पुलिस ने बताया कि कुल 63 लोगों के घरों में छापे डाले गए। पुलिस ने कहा कि गवाहों और कार्यकारी मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में तलाशी अभियान किया गया था। इसका लक्ष्य हथियार, दस्तावेज, डिजिटल उपकरण और अन्य सामग्री बरामद करना है और आतंकवादी गतिविधियों की साजिशों का पता लगाना है।

### राजौरी में दिखे 4 संदिग्ध, तलाशी अभियान

राजौरी जिले के सुंदरबनी सेक्टर में चार संदिग्ध व्यक्तियों के देखे जाने के बाद तलाशी अभियान जारी है। सुरक्षा एजेंसियां और सेना के जवान इलाके में तलाशी ले रहे हैं, ताकि संदिग्धों को पकड़ा जा सके और इलाके में सुरक्षा को सुनिश्चित किया जा सके। यह अभियान दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद शुरू किया गया, जिसमें 22 अप्रैल को 26 लोग मारे गए थे।



### पर्यटक घटे, होटल बुकिंग रद्द

कटड़ा होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश वजीर ने बताया कि जम्मू-कश्मीर में पहलगाम हमले से पर्यटन भी प्रभावित हुआ है। उनका कहना था कि अब तक लगभग 35 से 37% होटल बुकिंग रद्द हो चुकी हैं। अमरनाथ यात्रा में भी यात्रियों की संख्या 45,000 से घटकर 20,000 से 22,000 तक रह गई है।

**भारतीय वाघा सीमा पर भीड़**

# 1000 भारतीय स्वदेश लौटे 800 पाकिस्तानी वापस गए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पिछले छह दिन में 1,000 से अधिक भारतीय वाघा सीमा के रास्ते पाकिस्तान से अपने घर लौट चुके हैं। पहलगाम आतंकी हमले के बाद वीजा रद्द होने के कारण उन्हें अपनी यात्राएं बीच में ही रोकनी पड़ी थीं।

एक सरकारी अधिकारी ने बताया कि पिछले छह दिन में 1,000 से अधिक भारतीय वाघा सीमा के रास्ते पाकिस्तान से अपने घर लौट चुके हैं। इसी तरह, सोमवार तक 800 से अधिक पाकिस्तानी स्वदेश लौट चुके हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के दीर्घकालिक वीजा रखने वालों को स्वदेश लौटने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रविवार को 236 पाकिस्तानी स्वदेश लौटे और 115 भारतीय अपने वतन पहुंचे।



### कागजात की गहन जांच की जा रही

वाघा पर पाकिस्तान रेंजर्स और भारत के सीमा सुरक्षा बल ने आव्रजन की अनुमति देने से पहले स्वदेश भेजे गए नागरिकों के कागजात की गहन जांच की। आतंकवादियों ने कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को गोलीबारी की थी जिसमें 26 लोग मारे गए, जो 2019 में पुलवामा हमले के बाद घाटी में सबसे घातक हमला था। नई दिल्ली में सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीएस) ने बुधवार को अन्य बातों के अलावा अटारी में एकीकृत चेक पोस्ट को तत्काल प्रभाव से बंद करने का फैसला किया। अटारी-वाघा सीमा भारत में अमृतसर और पाकिस्तान में लाहौर के पास स्थित है।

**पाकिस्तान के नापाक मंसूबों को ध्वस्त करने की तैयारी**

# स्वीडन से भारतीय सेना को मिला एटी4 रॉकेट लॉन्चर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान के मध्य बढ़ते तनाव के बीच, स्वीडन से भारत को एक महत्वपूर्ण एंटी-आर्मर हथियार की डिलीवरी की गई है। यह वही हथियार है जिसे 2016 में पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकियों के लॉन्च पैड्स को नष्ट करने में इस्तेमाल किया गया था। सर्जिकल स्ट्राइक वाले कार्ल गुस्टाफ रॉकेट लॉन्चर की डिलीवरी की स्वीडन की साब कंपनी ने कहा कि हमें भारतीय सशस्त्र बलों को अपने एटी4 एंटी-आर्मर हथियार प्रणाली की सफल डिलीवरी की घोषणा करते हुए गर्व है। यह एटी4 रॉकेट लॉन्चर का एडवांस वर्जन है जो भारतीय सेना के लिए एक रणनीतिक ताकत बन सकता है। इस सिस्टम को खास तौर पर सीमित स्थानों में संचालन के लिए डिजाइन किया गया है। कंपनी ने कहा कि हमें गर्व है कि भारतीय सशस्त्र बलों ने हमारे एटी4 सिस्टम को अपनाया है, जो अब भारतीय शस्त्रागार का हिस्सा बन गया है। स्वीडन से मिल रहे एटी4 रॉकेट लॉन्चर्स से भारतीय सेना की ताकत में नया इजाफा हुआ है।

**सीमित स्थानों में हमले के लिए डिजाइन किया गया**

**भारतीय सेना की ताकत और अधिक मजबूत हुई**

### कार्ल-गुस्टाफ से हल्का और प्रभावी

एटी-4 रॉकेट लॉन्चर, कार्ल-गुस्टाफ की तुलना में हल्का और ज्यादा प्रभावी है। यह एक सिंगल-शॉट सॉल्यूशन के रूप में काम करता है, जो दुश्मन के बंकर और अन्य संरचनाओं को नष्ट करने के लिए अत्यंत प्रभावी है। सेना के लिए इसका फायदा यह है कि यह कंधे से फायर करने में आसान होगा और सैनिक इसे आसानी से अपने साथ ले जा सकेंगे। 2016 में, भारतीय सेना के पैरा-एसएफ कमांडो ने कार्ल-गुस्टाफ रॉकेट लॉन्चर का इस्तेमाल करके पीओके में आतंकियों के लॉन्च पैड्स को नष्ट किया था। उस समय, सैनिकों ने कंधे पर रॉकेट लॉन्चर लादकर इन हमलों को अंजाम दिया था, जो उनकी सफलता का एक अहम हिस्सा साबित हुआ। यह हथियार सीमित स्थानों में प्रभावी साबित होगा और सेना को मजबूत रणनीति तैयार करने में मदद देगा।



### प्रतिस्पर्धी मूल्यांकन से चुना गयाः साब

साब कंपनी ने कहा कि प्रतिस्पर्धी मूल्यांकन के माध्यम से चुने जाने के बाद, एटी4 भारतीय शस्त्रागार में शामिल हो गया है, जो अल्प-श्रृंखला के युद्ध के लिए एक विश्वसनीय एकल-शॉट समाधान के रूप में कार्य करता है। भारत ने एटी4सीएस एएसटी वेरिएंट का अधिग्रहण किया है, जिसे विशेष रूप से सीमित स्थानों में संचालन के लिए डिजाइन किया गया है जिसमें इमारतों, बंकरों और अन्य शहरी वातावरण से उपयोग शामिल है। भारतीय सशस्त्र बल, हमारे कार्ल-गुस्टाफ प्रणाली के दीर्घकालिक उपयोगकर्ता, हमारे एटी4 हथियार प्रणाली पर अपना विश्वास बढ़ाते हैं।



# लिवरपूल ने 20वीं बार जीता प्रीमियर लीग का खिताब, रिकॉर्ड की बराबरी



**लाल रंग की जर्सी से पटा स्टेडियम**

टीम ने 2020 में जब 30 साल के खिताबी सूखे को खत्म किया था तब कोविड महामारी के कारण स्टेडियम में प्रशंसक मौजूद नहीं थे लेकिन इस बार बड़ी संख्या में दर्शक टीम की लाल रंग की जर्सी में मौजूद थे। प्रशंसकों ने 20 अंक लिखा हुए बड़े-बड़े झंझे लिए थे, जो टीम के 20वें खिताब को दर्शा रहा था। अन्य मैचों में रासमस होजलंड ने अतिरिक्त समय में गोल करके मैनचेस्टर यूनाइटेड को बौर्नमाउथ के खिलाफ 1-1 से बराबरी दिला दी।

## एकतरफा मुकाबले में टोटेनहैम को 5-1 रौंदा

एजेंसी ▶▶| लिवरपूल

लिवरपूल ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल मैच में रविवार को यहां एकतरफा मुकाबले में टोटेनहैम को 5-1 हराकर 20वीं बार इस खिताब को अपने नाम कर मैनचेस्टर यूनाइटेड के रिकॉर्ड की बराबरी की।

डोमिनिक सोलंके के 12वें मिनट में किए गोल से पिछड़ने के बावजूद लिवरपूल ने प्रशंसकों को निराश नहीं किया और मध्यांतर तक 3-1 की बढ़त कायम कर उन्हें जश्न मनाने का मौका दे दिया। लुइस डियाज ने मैच के 16वें मिनट में बराबरी का गोल दागा जबकि एलेक्सिस मैक एलिस्टर ने इसके आठ मिनट बाद टीम को बढ़त दिला दी। कोडी गोपिको ने 34वें मिनट में लिवरपूल को 3-1 से आगे कर दिया। टीम का दबदबा मध्यांतर के बाद भी जारी रहा। दिग्गज मोहम्मद सालाह ने 63वें मिनट में गोल कर 4-1 की बढ़त बना दी। डेस्टिनी उडोगी के आत्मघाती गोल ने लिवरपूल को 5-1 से आगे करने के साथ टोटेनहैम के लिए वापसी के दरवाजे भी बंद कर दिए।

**2 मैच पहले हुआ चैंपियन का फैसला**

### 34 मैचों में 84 अंक

जीत से लिवरपूल के 34 मैचों में 84 अंक हो गए जबकि दूसरे स्थान पर काबिज आर्सेनल के इतने ही मैचों में 67 अंक है। आर्सेनल के लिए अब बाकी बचे मैचों में लिवरपूल की बराबरी करना संभव नहीं है। लिवरपूल के खिलाड़ियों ने 2020 के बाद प्रीमियर लीग के अपने पहले खिताब का कोच आर्ने स्लॉट के साथ गाना गा कर मनाया। इस दौरान सालाह ने प्रशंसकों के साथ सेल्फी (फोटो) खिंची।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 10 | 7 | 3 | 14 |
| मुंबई | 10 | 6 | 4 | 12 |
| गुजरात | 9 | 6 | 3 | 12 |
| दिल्ली | 9 | 6 | 3 | 12 |
| पंजाब | 9 | 5 | 3 | 11 |
| लखनऊ | 10 | 5 | 5 | 10 |
| कोलकाता | 9 | 3 | 5 | 7 |
| राजस्थान | 10 | 3 | 7 | 6 |
| हैदराबाद | 9 | 3 | 6 | 6 |
| चेन्नई | 9 | 2 | 7 | 4 |

ऑरेंज कैप



साई सुदर्शन
456 रन
गुजरात

पर्पल कैप



जोश हेजलवुड
18 विकेट
बेंगलुरु

## आईपीएल : वैभव-यशस्वी ने की 166 रन की ऐतिहासिक साझेदारी

# वैभव में सूर्यवंशी ओज, रॉयल्स जीत से उम्मीदें बाकी, गुजरात को हराया

एजेंसी ▶▶| जयपुर

14 बरस 32 दिन के 'वंडर ब्वॉय' वैभव सूर्यवंशी आक्रामक बल्लेबाजी की नई परिभाषा गढ़ते हुए आईपीएल के साथ साथ पुरुष टी20 में शतक जमाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बन गए। वैभव ने एक ऐसी पारी खेली जो क्रिकेटप्रेमियों को बरसों याद रहेगी और जिसके आगे मैच का नतीजा बेमानी हो गया। उनकी इस पारी के दम पर राजस्थान रॉयल्स ने गुजरात टाइटंस को आठ विकेट से हराकर आईपीएल प्लेआफ में पहुंचने की उम्मीदें कायम रखी है। जीत के लिए 210 रन का लक्ष्य रॉयल्स ने 25 गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया।

आईपीएल शुरू होने के तीन साल बाद 2011 में पैदा हुए बिहार के समस्तीपुर के सूर्यवंशी ने 35 गेंद में शतक जमाया जो क्रिस गेल की 30 गेंद की पारी के बाद आईपीएल में दूसरा सबसे तेज शतक है। उसकी उम्र के बाकी बच्चे जहां स्कूलों के होमवर्क करने या प्ले स्टेशन पर खेलने में व्यस्त होंगे, वहीं बाएं हाथ के बल्लेबाज सूर्यवंशी 141 टेस्ट का कुल अनुभव रखने वाले मोहम्मद सिराज और ईशांत शर्मा की गेंदों की जमकर धुनाई कर रहे थे।



### सूर्यवंशी परिवार की मेहनत सफल

सूर्यवंशी ने अपनी 37 गेंद की पारी में 11 छक्के और सात चौके लगाए। वहीं यशस्वी जायसवाल ने 40 गेंद में 70 रन की पारी खेली लेकिन सूर्यवंशी के बल्ले से ऐसा जलजला निकल रहा था कि उनकी पारी बेनूर हो गई। दस बरस की उम्र से पटना में रोज 600 गेंद खेलने वाले सूर्यवंशी 16-17 वर्ष के नेट गेंदबाजों का सामना करते थे जिनके लिए उनके पिता संजीव सूर्यवंशी 10 अतिरिक्त टिफिन लाया करते थे। लेकिन उनकी सारी मेहनत आज सफल हो गई। अपने बच्चे के क्रिकेट खेलने के सपने को पूरा करने के लिए अपनी जमीन बेचने वाले सूर्यवंशी परिवार के संघर्ष से सफलता की कहानी अब आने वाले समय में क्रिकेट की किवदंतियों का हिस्सा होगी।

### सिराज-ईशांत के गेंद पर खेला दर्शनीय शॉट

सिराज को लांग आन के ऊपर और ईशांत को स्क्वेयर लेग पर जिस तरह से उसने शॉट लगाए, इससे साबित होता है कि इतनी कम उम्र में वह कितना परिपक्व है। अफगानिस्तान के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर करीम जनत के एकमात्र ओवर में उसने 30 रन बनाए।

### स्कोर बोर्ड

| गुजरात टाइटंस | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सुदर्शन का पराग बो तीक्षणा | 39 | 30 | 4 | 1 |
| गिल का पराग बो तीक्षणा | 84 | 50 | 5 | 4 |
| जोस बटलर नाबाद | 50 | 26 | 3 | 4 |
| सुंदर का हेटमायेर बो संदीप | 13 | 08 | 0 | 1 |
| तेवतिया का पगबाधा ओ आर्चर | 09 | 04 | 0 | 1 |
| शाहरुख खान नाबाद | 05 | 02 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 09, कुल : 20 ओवर में 209 /5
गेंदबाजी : आर्चर 4-0-49-1, तीक्षणा 4-0-35-2, युधवीर 3-0-38-0, संदीप 4-0-33-1, रियान 1-0-14-0, हसरंगा 4-0-39-0.

| राजस्थान रॉयल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल नाबाद | 70 | 40 | 9 | 2 |
| वैभव सूर्यवंशी बो प्रसिद्ध | 101 | 38 | 7 | 11 |
| राणा पगबाधा बो राशिद | 04 | 02 | 1 | 0 |
| रियान पराग नाबाद | 32 | 15 | 2 | 2 |

अतिरिक्त : 05, कुल : 15.5 ओवर में 212/2
गेंदबाजी : सिराज 2-0-24-0, ईशांत 2-0-36-0, वॉशिंगटन 1.5-0-34-0, प्रसिद्ध 4-0-47-1, राशिद 4-0-24-1, करीम 1-0-30-0, साइ किशोर 1-0-16-0.

फुटबॉल

## मैनचेस्टर सिटी ने एफए कप फाइनल में बनाई जगह



**लंदन।** कोच पेप गार्डियोला की देखरेख में मैनचेस्टर सिटी का सबसे खराब सत्र भी ट्रॉफी के साथ समाप्त हो सकता है क्योंकि टीम ने रविवार को यहां वेम्बली स्टेडियम में नॉटिंघम फॉरेस्ट को 2-0 से हराकर लगातार तीसरे वर्ष एफए कप फाइनल में प्रवेश किया। रिको लुईस ने मैच के दूसरे मिनट में गोल कर के टीम को बढ़त दिला दी जबकि रक्षापंक्ति के खिलाड़ी जोस्को ग्वारडिओल ने 51वें मिनट में कॉर्नर से हेडर के जरिए गोल में बदल कर बढ़त दोगुनी कर दी। फॉरेस्ट की टीम ने इसके बाद तीन बार गोल करने के मौके बनाए लेकिन टीम एक को भी भुनानो में सफल नहीं रही। एफए कप के फाइनल मे उसके सामने क्रिस्टल पैलेस की चुनौती होगी। यह मैच 17 मई को खेला जाएगा।

### एशियाई कप क्वालीफायर के ग्रुप डी में भारत शामिल



**नई दिल्ली।** भारत को सोमवार को कुआलालंपुर में निकाले गए ड्रॉ के बाद एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप के ग्रुप डी में म्यांमार, इंडोनेशिया और तुर्कमेनिस्तान के साथ रखा गया। म्यांमार छह से 10 अगस्त के बीच एकल राउंड रोबिन प्रारूप में क्वालीफायर के ग्रुप डी की मेजबानी करेगा। कुल 33 टीम को आठ समूहों में विभाजित किया गया है। ग्रुप ए में पांच टीम हैं जबकि बाकी सात में चार-चार टीम को जगह मिली है। ग्रुप विजेता और तीन सर्वश्रेष्ठ उपविजेता के साथ अंतिम दौर का मेजबान थाईलैंड एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप के 12वें टूर्नामेंट की 12 टीम की सूची को पूरा करेंगे। एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप से शीर्ष चार टीम 2026 फीफा अंडर-20 महिला विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी। एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप 2024 तक आठ टीम का टूर्नामेंट था जिसे 2026 से 12 टीम की प्रतियोगिता कर दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### अर्जन सिंह स्मारक हॉकी टूर्नामेंट 29 से



**चंडीगढ़।** वायुसेना मार्शल अर्जन सिंह स्मारक हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन यहां 29 अप्रैल से छह मई तक होगा जिसमें 12 टीमें भाग लेंगी। 'एयर मार्शल' एस शिवकुमार ने सोमवार को बताया कि बांग्लादेश की वायु सेना हॉकी टीम टूर्नामेंट में भाग लेने वाली 12 टीमों में से एक होगी। इसमें भाग लेने वाली अन्य टीमों में भारतीय वायु सेना, चंडीगढ़ एकादश, पंजाब एवं सिंध बैंक, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, सेना एकादश, भारतीय नौसेना, भारतीय रेलवे और रेल कोच फैक्ट्री शामिल हैं। टूर्नामेंट जीतने वाली टीम को तीन लाख रुपए की पुरस्कार राशि मिलेगी।

### द.अफ्रीका के खिलाफ भारत की भिड़ंत आज



**कोलंबो।** श्रीलंका के खिलाफ एकतरफा जीत से अपने अभियान का आगाज करने वाली भारतीय महिला टीम मंगलवार को यहां अपने दूसरे मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसकी कोशिश जीत की लय बनाये रखने की होगी। भारतीय टीम ने रविवार को मेजबान श्रीलंका पर नौ विकेट की बड़ी जीत के साथ एकदिवसीय मैचों में लगातार सातवीं सफलता हासिल की। टीम ने इस मैच के दौरान तीनों विभागो में अपना दबदबा कायम किया।

### राहुल को चौथे क्रम पर बल्लेबाजी करनी चाहिए



**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के मेंटोर केविन पीटरसन का मानना है कि लोकेश राहुल अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप में भारत के लिए चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने के साथ विकेटकीपिंग करने के लिए सबसे उपयुक्त हैं। खेल के सबसे छोटे अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में राहुल की बल्लेबाजी को लेकर पिछले कुछ समय से सवाल उठते रहे हैं लेकिन इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में वह दिल्ली कैपिटल्स के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बनकर उभरे हैं।

टेबल टेनिस

## भारत को दक्षिण एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप में 13 स्वर्ण पदक



एजेंसी ▶▶| काठमांडू

भारत ने दक्षिण एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 13 स्वर्ण और तीन रजत पदक जीते। इस साल की युवा एशियाई चैंपियनशिप इस की क्वालीफिकेशन प्रतियोगिता में रविवार को विभिन्न श्रेणियों में भारतीय खिलाड़ियों ने दबदबा बनाया। भारतीय टीम ने अंडर-19 लड़कियों, अंडर-15 लड़कों और अंडर-15 लड़कियों के वर्ग में तीन स्वर्ण पदक जीते। भारतीय खिलाड़ियों ने अंडर-19 और अंडर-15 युगल और मिश्रित युगल स्पर्धाओं सहित सभी छह स्वर्ण भी पदक जीते। इसके अलावा भारत ने अंडर-19 लड़कों और लड़कियों के एकल मुकाबलों में चार स्वर्ण पदक हासिल किए। टीम स्पर्धाओं में पृथा वर्तिकार, अनन्या चंदे, हार्दी पटेल और दीया ब्रम्हचारी ने नेपाल को 3-1 से हराकर अंडर-19 लड़कियों का स्वर्ण पदक जीता। प्रतीति पॉल, आरुषि नंदी, अद्विका अरवल और तन्मयी साहा ने अंडर-15 लड़कियों के वर्ग में श्रीलंका को 3-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। अंडर-19 लड़कों के एकल फाइनल में कुशाल चोपड़ा ने साथी भारतीय आर बालामुरुगन को 3-1 से हराकर स्वर्ण पदक जीता जिससे भारतीयों ने शीर्ष दो स्थान हासिल किए। अंडर-19 लड़कियों के एकल में भी शीर्ष दो स्थान भारतीयों के नाम रहे जब अनन्या चंदे ने पृथा वर्तिकार को 3-1 से हराकर स्वर्ण पदक जीता।

### ऑस्ट्रेलियाई पॉडकास्टर ने हटाए आईपीएल के वीडियो

**सिडनी।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड से एक 'विनम्र कानूनी पत्र' मिलने के बाद लोकप्रिय ऑस्ट्रेलियाई पॉडकास्ट से जुड़े सैम पैरी और इयान हिगिंस ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग के कवरेज से जुड़े सभी वीडियो हटा दिए हैं। पैरी और हिगिंस 'द ग्रेड क्रिकेटर' की मेजबानी करते हैं। उन्हें इस सप्ताहांत बीसीसीआई और आईपीएल से एक कानूनी नोटिस मिला। पैरी ने सोमवार को पॉडकास्ट पर कहा, 'आपने देखा होगा कि इस साल के क्रिकेट टूर्नामेंट के हमारे कवरेज से जुड़े प्रत्येक वीडियो को यूट्यूब, यूट्यूब शॉर्ट्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम और एक्स से हटा दिया गया है। यह कुछ ऐसा है जो हमने खुद किया है। हमारे साथ ऐसा किसी और ने नहीं किया, हमने ये वीडियो हटा दिए हैं।

### बीसीसीआई सीओई में स्पिन कोच के लिए जोशी सबसे बड़े दावेदार

**नई दिल्ली।** भारत के बाएं हाथ के पूर्व स्पिनर सुनील जोशी ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में स्पिन गेंदबाजी कोच के पद के लिए अपनी दावेदारी पेश की है। यह पद इस साल की शुरुआत में साईराज बहुतुले के इस्तीफे के बाद खाली हो गया था। बहुतुले आईपीएल टीम राजस्थान रॉयल्स से जुड़ गए थे। सीओई को पहले राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के रूप में जाना जाता था। यह पहले बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में स्थित था। आधुनिक सुविधाओं से लैस सीओई का संचालन हालांकि बेंगलुरु शहर के बाहरी इलाके बने बेहद बड़े परिसर में हो रहा है। भारत के लिए 1996 से 2002 के बीच 15 टेस्ट और 69 एकदिवसीय मैच खेलने वाले 54 साल के जोशी मौजूदा समय में पंजाब किंग्स आईपीएल टीम में रिकी पोंटिंग के साथ काम कर रहे हैं।

## भारत के 21 मुक्केबाज स्वर्ण पदक के लिए पेश करेंगे चुनौती

एजेंसी ▶▶| अम्मान

भारत ने जूनियर एशियाई चैंपियनशिप में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा है जिसमें छह महिलाओं सहित सात और मुक्केबाजों ने अंडर-17 फाइनल में जगह पक्की कर ली।

भारत ने अब तक 43 पदक पक्के कर लिए हैं जिसमें से अंडर-15 और अंडर-17 वर्ग में 21 मुक्केबाज स्वर्ण के लिए मुकाबला करेंगे। अंडर-17 महिला मुक्केबाज अहाना शर्मा (50 किग्रा) ने रविवार को किर्गिस्तान की अकमारल अमांतायेवा पर शुरुआती दौर में ही



नॉकआउट जीत के साथ फाइनल में प्रवेश किया। खुशी चंद (44-46 किग्रा) ने यूक्रेन की ओलेक्सांद्रा चेरेवाटा को 3-2 से हराया, जबकि जन्नत (54 किग्रा), सिमरनजीत कौर (60 किग्रा), हर्सिका (63 किग्रा) और अंशिका (80 किग्रा से अधिक) ने भी शानदार जीत दर्ज करते हुए फाइनल मुकाबलों में अपनी जगह पक्की की। पुरुषों के अंडर-17 वर्ग में देवांश (80 किग्रा) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वियतनाम के गुयेन ट्रोंग तिएन को 4-1 से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। यह एशियाई मुक्केबाजी द्वारा आयोजित पहला आयोजन है, जिसे एशियाई ओलंपिक परिषद और नवगठित विश्व मुक्केबाजी दोनों का समर्थन प्राप्त है।

### लोग साझेदारियों का महत्व भूल रहे



**नई दिल्ली।** भारतीय दिग्गज विराट कोहली ने टी20 क्रिकेट में साझेदारी बनाने के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि इसका महत्व उन पिचों पर और बढ़ जाता है जहां बड़ा स्कोर बनाना संभव नहीं होता है। इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में पिचें धीमी रही हैं, जिससे बल्लेबाजों को क्रीज पर आते ही आक्रामक रवैया अपनाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और दिल्ली कैपिटल्स के बीच रविवार को यहां खेले गए मैच में हालांकि कोहली और लोकेश राहुल ने दिखाया कि चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों से कैसे निपटा जाना चाहिए।

## सुदीरमन कप फाइनल : डेनमार्क के खिलाफ 1-4 से हार के साथ हुई शुरुआत

# भारत के सामने आज इंडोनेशिया की कड़ी चुनौती

एजेंसी ▶▶| शियामेन

प्रतियोगिता में बने रहने के लिए इंडोनेशिया जैसी मजबूत टीम को हराने की चुनौती का सामना कर रही भारतीय टीम को मंगलवार को यहां बीडब्ल्यूएफ सुदीरमन कप फाइनल्स के ग्रुप डी में अपने स्टार एकल खिलाड़ियों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। भारत के अभियान की शुरुआत रविवार को डेनमार्क के खिलाफ 1-4 से हार के साथ हुई जिससे नॉकआउट के लिए क्वालीफाई करने की उसकी उम्मीदों को झटका लगा है।

ग्रुप डी से केवल दो टीम आगे बढ़ेंगी और ऐसे में भारत को अपनी उम्मीदों को जीवित रखने के लिए इंडोनेशिया के खिलाफ जीत हासिल करनी होगी। भारत अगर इंडोनेशिया से हार जाता है तो इंग्लैंड के खिलाफ उसका तीसरा और अंतिम ग्रुप मैच महज औपचारिकता बनकर रह जाएगा।



स्टार एकल खिलाड़ियों लक्ष्य सेन, एचएस प्रणय और पीवी सिंधू की खराब फॉर्म के कारण भारत की परेशानियां बढ़ी हैं। हालांकि भारत के लिए कुछ उम्मीद है। लक्ष्य ने अपने पिछले दो मुकाबलों- पेरिस ओलंपिक और ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में इंडोनेशिया के शीर्ष पुरुष एकल खिलाड़ी जोनाथन क्रिस्टी को हराया है। महिला एकल में इंडोनेशिया की शीर्ष खिलाड़ी ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजुंग के बाहर होने के बाद सिंधू का सामना दुनिया की 11वें नंबर की खिलाड़ी पुत्री कुसुमा वर्दानी से होगा जिसे वह अतीत में दो बार हरा चुकी हैं। इंडोनेशिया में पास हालांकि मजबूत युगल खिलाड़ी हैं जिसमें फजर अल्फियान, मुहम्मद रियान अर्दियांतो, लियो रोली कार्नांडो, मुहम्मद शोहिबुल फिकरी और डेनियल मार्टिन शामिल हैं। ये सभी दुनिया के शीर्ष 10 खिलाड़ियों में शामिल हैं।

### अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

हरिहरन अम्साकरुणन और रुबन कुमार रेथिनासाबापति की अनुभवहीन जोड़ी को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। महिला युगल में फेब्रियाना द्विपुजी कुसुमा और अमालिया काहया प्रतीवी विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर हैं और त्रीशा जॉली तथा गायत्री गोपीचंद की गैरमौजूदगी में तनीषा क्रास्टो और श्रुति मिश्रा से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी जिन्होंने डेनमार्क के खिलाफ प्रभावित किया था। डेनमार्क के खिलाफ तनीषा और श्रुति ही भारत के लिए जीत दर्ज कर पाईं थी। मिश्रित युगल में भारत के ध्रुव कपिला और तनीषा को इंडोनेशिया के रिनोव रिवाल्डी और पिथा हनिंगत्यास मेंटारी की दुनिया की 21वें नंबर की जोड़ी से भिड़ना है।



# भगवान से कॉम्पटीशन के डर से आखिरकार सभी लोग भगवान को मंदिर में ही स्थापित करना चाहते हैं

इवेंट ऑफ द डे

## शहीद भवन में हिंदी नाटक 'विट्ठल आला रे आला' का मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

रोज-रोज की पूजा, अर्चना और झूठी आराधना से उकता कर भगवान धरती पर कुछ काम करना चाहते हैं, लेकिन धरती पर कोई भी उन्हें अपने काम में प्रतियोगी नहीं बनाना चाहता, सभी भगवान को भगवान ही रहने देना चाहते हैं। सभी को डर है कि भगवान उनके धंधे में आकर उन्हें कॉम्पटीशन दे सकते हैं सभी अपने कामों के रोने-रोते रहते हैं। भगवान के काम करने की ललक दर्शाता नाटक 'विट्ठल आला रे आला' का मंचन सोमवार शाम शहीद भवन सभागार में किया गया। मूल मराठी नाटक के इस हिंदी रुपांतरित नाटक में निर्देशन युवा रंगकर्मी आरती विश्वकर्मा ने किया।



### लोगों में दिखा भगवान से भय

इस नाटक में जहां एक तरफ सार्थक त्रिपाठी ने विट्ठल की भूमिका के साथ न्याय किया तो वहीं रोहित पटेल पंडित और हिमांशु प्रजापति ने वकील और डाक्टर के चरित्र को विभांशु खरे ने बखूबी निभाया। भिखारी के रूप में श्रेयस सेन और उसके बेटे के चरित्र को अमृत महेश्वरी ने खूबसूरती से अदा किया। मुकेश जिग्ग्यासी की प्रकाश परिकल्पना ने नाटक को सुंदर दृश्य प्रदान किया तो वहीं आधार नामदेव की संगीत परिकल्पना ने नाटक में संगीतमय यात्रा का परिचय कराया।

## स्टैंड-अप कॉमेडी के गिरते स्टैंडर्ड पर संस्कार भारती में प्रेस वार्ता के दौरान बोले वक्ता




# शॉर्टकट प्रसिद्धि की होड़ में अभद्र भाषा, धर्म, जाति, असंवेदनशीलता पर लगे रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

संस्कार भारती में सोमवार को स्टैंड-अप कॉमेडी के गिरते स्टैंडर्ड पर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें अभिनेता और रंगकर्मी राजीव वर्मा ने कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में स्टैंड-अप कॉमेडी आधुनिक अभिव्यक्ति का नया रूप लेकर उभरी है। डिजिटल माध्यमों पर प्रसारित हास्य आधारित कंटेंट युवाओं को तेजी से आकर्षित कर रहा है, जिसमें तेजी से शॉर्टकट प्रसिद्धि की होड़ में अशोभनीय भाषा, धर्म, जाति, लैंगिक असंवेदनशीलता और राष्ट्रीय मूल्यों की अवमानना का मंच बनता जा रहा है। अभिव्यक्ति स्वतंत्रता की आड़ में कई कलाकार जानबूझकर या अनजाने में धार्मिक प्रतीकों का उपहास, राष्ट्रनायकों की व्यंग्यात्मक आलोचना या सामाजिक प्रथाओं का मजाक उड़ाते हुए, लोकप्रियता पाने का प्रयास करते हैं।

### राष्ट्रीय मूल्यों की गिरावट का मंच बन रही स्टैंड-अप कॉमेडी

वर्मा ने कहा कि ऐसे अनेक कॉमिक सेगमेंट देखे गए हैं जहां केवल गालियों, यौन संकेतों या सांप्रदायिक टिप्पणियों के सहारे हंसी बटोरने का प्रयास किया जाता है। यह प्रवृत्ति युवा दर्शकों में संवेदनशीलता, सहिष्णुता और सांस्कृतिक सम्मान की भावना को भी क्षीण करती है। संस्कार भारती की प्रबंधकारिणी वर्तमान समय में स्टैंड-अप कॉमेडी जैसे विभिन्न हास्य कला प्रस्तुतियों के गिरते हुए स्तर पर गहरी चिंता व्यक्त करती है।

मुख्यमंत्री ने दी सम्मानित विभूतियों को बधाई

# राष्ट्रपति मुर्मू ने भेरू सिंह चौहान और शालिनी देवी होलकर को पद्मश्री सम्मान से किया अंलकृत

कला क्षेत्र में सम्मान



व्यापार क्षेत्र में सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में हुए गरिमामय समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मध्यप्रदेश की दो विभूतियों भेरू सिंह चौहान को कला क्षेत्र और शालिनी देवी होलकर को व्यापार एवं उद्योग क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए पद्मश्री सम्मान से सम्मानित किया। इस पर मुख्यमंत्री ने सम्मानित विभूतियों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रदेश की इन दोनों विभूतियां की उपलब्धि से संपूर्ण प्रदेश गौरवान्वित है। आप दोनों ने सतत परिश्रम, त्याग और साधना से ऐसे प्रतिमान स्थापित किए, जो अन्य सभी को रचनात्मकता, राष्ट्र भक्ति और जनसेवा की प्रेरणा देंगे।



बंदिशों और नियम-कायदे से परे नॉन क्लासिकल डांस फार्म पर यूं बोले डांसिंग आर्टिस्ट

# रिदम फॉलो करते हुए बॉडी मूवमेंट, फुटवर्क पर जोर देकर फ्रीस्टाइल, कंटेंपरेरी और बॉलीवुड स्टाइल डांस

*क्लासिकल में मुद्राओं, भाव-भंगिमाओं के साथ-साथ लय और ताल का उचित समावेश होता है*

*फ्रीस्टाइल डांस को बताया एक इंडीपेंडेंट डांसिग फॉर्म*




हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

इन दिनों डांसिंग का एक अलग ही ट्रेंड देखने को मिल रहा है, जो नॉन क्लासिकल के अलावा फ्रीस्टाइल और कंटेंपरेरी नृत्य शैलियों का रूप है। जहां क्लासिकल में मुद्राओं, भाव-भंगिमाओं के साथ-साथ लय और ताल का उचित समावेश नृत्य का आवश्यक तत्व है। इस नृत्य को करना ही अपने आप में नृत्य में डिग्री लेने के समान है। वहीं, फ्रीस्टाइल और कंटेंपरेरी नृत्य शैलियां काफी अलग और नियम कायदों से परे हैं। फ्रीस्टाइल डांस एक इंडीपेंडेंट डांसिग फार्म है, जिसमें क्रिएटिविटी का ताल मेल देखा जा सकता है तो वहीं कंटेंपरेरी नृत्य को मॉडर्न नृत्य कहा जा सकता है, जो आमतौर पर आधुनिक संगीत के साथ किया जाता है। लेकिन इसमें फुट वर्क के साथ साथ शरीर पर नियंत्रण होना बेहद आवश्यक है साथ ही इसमें कविता या गीतों पर आधारित प्रस्तुति दी जाती है।

आज वर्ल्ड डांस डे पर हरिभूमि ने राजधानी के कुछ ऐसे ही नॉन क्लासिकल डांसिंग आर्टिस्ट से बातचीत की जो कई वर्षों से इन डांसिंग फॉर्म को सिखा रहे हैं। इन आर्टिस्ट ने इन डांसिग फार्म की विशेषता बताने के साथ ही बताया कि किस ऐज ग्रुप के लोग कौनसा डांसिग स्टाइल करना पसंद करते हैं।




## *गीत के बोलों को नृत्य में पिरोकर प्रस्तुत किया जाता है 'लिरिकल कंटेम्परारी' डांस*

20 साल से अधिक समय से फ्री स्टाइल, कंटेंपरेरी और बैले डांस फार्म सिखाने वाले योगेंद्र सिंह राजपूत कहते हैं कि मैंने पहले बैले डांसिंग फॉर्म में डिग्री ली। इसकी खासियत है कि इसमें रामायण, महाभारत जैसे कथानकों पर बैले किया जाता है, जिसमें बॉडी मूवमेंट को वरियता दी जाती है। इसके अलावा लिरिकल कंटेंपरेरी भी आजकल काफी ट्रेंड में है जिसमें कविता या गीत के बोलों को नृत्य में पिरोकर प्रस्तुत किया जाता है या शब्दों का लिरिकली फॉर्म में डांस के रूप में प्रस्तुत करना ही लिरिकल कंटेंपरेरी है और शब्दों के आधार पर ही यह डांस कोरियोग्राफ किया जाता है बस इस डांसिंग फॉर्म में बॉडी पर नियंत्रण बेहद आवश्यक है।

### नोरा फतेही का एफ्रो डांसिंग स्टाइल के साथ बॉलीवुड स्टाइल काफी ट्रेंडिंग में



वहीं, 15 साल से नॉन क्लासिकल डांस सिखाने वाले अजय लोहिया कहते हैं कि आजकल यदि डांसिंग स्टाइल की बात की जाए तो एफ्रो डांसिंग स्टाइल जो नोरा फतेही द्वारा किया जाता है काफी ट्रेंड में है, जिसमें बेली के साथ-साथ लेग्स मूवमेंट पर जोर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि मेरे पास 4 साल से लेकर 40 प्लस तक के स्टूडेंट्स आते हैं, जिसमें जहां बच्चों और युवाओं में हिप-हॉप का ट्रेंड हैं तो वहीं 30 और 40 प्लस में बॉलीवुड स्टाइल का। अजय कहते हैं कि मैं मुख्य रूप से हिप-हॉप और बॉलीवुड डांस ही सिखाता हूं। बॉलीवुड स्टाइल काफी ट्रेडिंग डांसिंग फॉर्म है, जो नियम-कायदों से परे है, बस आपका डांस रिद्म, म्यूजिक और गीत के अनुसार होना चाहिए।

## *काउंट के अनुसार किया जाता है फ्रीस्टाइल और कंटेंपरेरी डांस*



करीब 7 साल से फ्रीस्टाइल और कंटेंपरेरी डांस सिखाने वाले सुशील यादव का कहना है कि मेरे पास 2 साल से लेकर 50 साल तक के पार्टिसिपेंट्स फ्रीस्टाइल और कंटेंपरेरी सीखने आते हैं, क्योंकि क्लासिकल सीखना सबके लिए संभव नहीं होता और क्लासिकल को आप हर जगह परफॉर्म नहीं कर सकते, इसलिए इन डांसिंग स्टाइल को सीखने की डिमांड काफी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि आजकल डांस का इतना क्रेज है कि बच्चे, बड़े और 40 प्लस भी किसी न किसी डांसिंग स्टाइल में माहिर हैं और इन डांसिंग फार्म को वो शादी-विवाह समारोह में या स्कूल-कॉलेज के कल्चरल फंक्शंस में परफार्म करते हैं। उन्होंने कहा कि फ्रीस्टाइल या कंटेंपरेरी डांसिंग स्टाइल की एक खासियत है कि इसे आप कहीं भी कर सकते हैं और इसमें कोई नियम भी नहीं है बस काउंट के हिसाब से डांस करना है। जो कुछ महीनों की प्रेक्टिस में सीखा जा सकता है।

# प्रत्येक साहित्यकार अपने समय का युगदृष्टा होता है...



हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

डॉ. कमल किशोर दुबे की चार कृतियों का लोकार्पण सोमवार को दुष्यन्त कुमार संग्रहालय में हुआ। समारोह की अध्यक्षता कर रहे राज्य सूचना आयुक्त डॉ. उमा शंकर पचौरी ने कहा कि साहित्यकार अपने समय का युगद्रष्टा होता है, जो साहित्य की विभिन्न विधाओं के माध्यम से समाज और राष्ट्र के लिए मार्गदर्शक का कार्य करता है।

### प्रयुक्त भाषाशैली, कलापक्ष, विचार, भावपक्ष की सराहना की

समारोह के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश लेखक संघ के संरक्षक डॉ. रामवल्लभ आचार्य ने डॉ. कमल दुबे के रचना कर्म, उनमें प्रयुक्त भाषाशैली, कलापक्ष, विचार एवं भावपक्ष की सराहना करते हुए इन्हें समाज एवं राष्ट्रोपयोगी निरूपित किया।

### इन पुस्तकों का हुआ लोकार्पण

रेलवे के सेवानिवृत्त वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी एवं साहित्यकार कमल किशोर दुबे की लोकार्पित पुस्तकें रहीं मन के दर्पण में - (गीत संग्रह), इसमें विभिन्न विषयों पर 56 गीत समाहित हैं। मानव पुष्प समान है - (दोहा सप्तशती) इसमें धर्म, अध्यात्म, सामाजिक, राष्ट्रीय चेतना, समकालीन विषयों पर कुल 707 दोहे समाहित हैं। शालीनता का अपहरण- ( व्यंग्य संग्रह) - सामाजिक, राजनीतिक, विभिन्न समकालीन विषयों पर 40 व्यंग्य लेख समाहित हैं।




## स्थानीय खेल समाचार

35वीं राष्ट्रीय जूनियर व सब जूनियर कैनो स्प्रिंट, 18वीं राष्ट्रीय पैरा कैनो व 13वीं राष्ट्रीय ड्रैगन बोट चैंपियनशिप

प्राची और पूजा ने जीते स्वर्ण पदक

# छोटे तालाब पर मेजबान मप्र का शानदार प्रदर्शन बना ओवरऑल चैंपियन, केरल दूसरे स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

मेजबान मध्यप्रदेश ने राजधानी में आयोजित 35वीं राष्ट्रीय जूनियर व सब जूनियर कैनो स्प्रिंट, 18वीं राष्ट्रीय पैरा कैनो चैंपियनशिप व 13वीं राष्ट्रीय ड्रैगन बोट चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरआल चैंपियनशिप पर अधिकार जमाया। जूनियर पुरुष वर्ग में मप्र 71 अंक के साथ ओवरआल चैंपियन बना। महिला वर्ग में मप्र ने 75 अंकों के साथ ओवरआल चैंपियन बना। इसी तरह सब जूनियर बालक वर्ग में मप्र ने 58 अंकों के साथ ओवरआल चैंपियनशिप पर कब्जा जमाया। वहीं सब जूनियर बालिका वर्ग में केरल ने बाजी मारी। मप्र दूसरे स्थान पर रहा।

मप्र कयाकिंग एवं कैनोइंग एसोसिएशन व भारतीय कयाकिंग एवं केनोइंग एसोसिएशन के तत्वावधान में राजधानी के छोटे तालाब पर पांचवें व अंतिम दिन ड्रैगन बोट के 200 मीटर की तीन रेस आयोजित हुई। दोनों में मप्र ने स्वर्ण पदक जीते। ड्रैगन बोट डी-10 जूनियर पुरुष वर्ग में मप्र ने स्वर्ण पदक, पंजाब ने रजत व हरियाणा ने कांस्य पदक जीता। वहीं ड्रैगन बोट डी-10 जूनियर महिला वर्ग में मप्र ने स्वर्ण, पंजाब ने रजत व तेलंगाना ने रजत पदक जीते। मिक्स्ड में भी मप्र ने स्वर्ण पदक जीता। इस तरह ड्रैगन बोट में भी मप्र ओवरआल चैंपियन बना।





### पैरा कैनो में मप्र की प्राची और पूजा ने जीते स्वर्ण पदक

18वीं राष्ट्रीय पैरा कैनो चैंपियनशिप के दूसरे दिन 200 मी में भी मप्र के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। महिलाओं के केएल-2 में प्राची यादव ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं केएल-1 में मप्र की पूजा ओझा ने प्रदेश को दूसरा स्वर्ण पदक दिलाया। इसी तरह महिलाओं के केएल-3 में मप्र की अनुराधा श्रीवास ने कांस्य पदक जीता। पुरुष वर्ग में वीए-1 में मनीष यादव ने भी मप्र को कांस्य पदक दिलाया। इसी तरह वीएल-2 में निपेंद्र चौरे ने कांस्य पदक जीता। वीएल-3 में राजवीर सिंह ने रजत पदक जीता।

### अतिथियों ने पुरस्कार वितरित किए

समापन अवसर पर मुख्य अतिथि भारतीय कयाकिंग एवं कैनोइंग संघ के पूर्व अध्यक्ष बलवीर सिंह कुशवाहा, पूर्व खेल संचालक डॉ. शैलेंद्र श्रीवास्तव, ब्रिगेडियर रजनीश गौर मप्र छग एनसीसी के डीजी, कैप्टन बागराम विश्नोई, कर्नल नितिन मेहता, पार्षद जीत सिंह राजपूत ने पुरस्कार वितरित किए। इस मौके पर मप्र कयाकिंग एवं कैनोइंग संघ के अध्यक्ष पीएस बुंदेला, उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट कमांडर डॉ. विनोद पाराशर, सचिव मयंक सिंह ठाकुर, विनोद मिश्रा, दिलीप ओशी, मंजीत सिंह शेखावत, दत्ता पाटिल, प्रशांत सिंह, राजू कनाडे, योगेंद्र टेमरे, आरके दीक्षित व मनोज सक्सेना मौजूद थे। आभार ओलिंपियन कोच व मप्र कयाकिंग एवं कैनोइंग के सचिव मयंक ठाकुर ने माना।




# एमएलबी की डॉ. ग्रेस सिंह ने जीते पांच स्वर्ण पदक

## टेबल टेनिस के साथ शतरंज और कबड्डी में भी दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में 20 से 26 अप्रैल तक आयोजित सातवीं नेशनल मास्टर गेम्स प्रतियोगिता में शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर स्वषासी महाविद्यालय की क्रीडा अधिकारी डॉ. ग्रेस सेरा सिंह ने 50 टेबिल-टेनिस प्रतियोगिता में 3 स्वर्ण पदक, शतरंज में 1 स्वर्ण पदक और कबड्डी में 01 स्वर्ण पदक प्राप्त कर मप्र का परचम लहराया। वहीं 5 स्वर्ण पदक जितने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनने का गौरव भी डॉ. ग्रेस सिंह को मिला है। इस प्रतियोगिता में दूसरे राज्यों से भी काफी संख्या में खिलाड़ियों ने भाग लिया, इनमें विभिन्न खेलों में पुरुष एवं महिला वर्ग में ओवरऑल चैम्पियनषिप कबड्डी और हॉकी में मप्र ने जीत हासिल की।



हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930